

हरिभूमि
# बजट भूमि
लक्ष्य 2024
मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित
समाचार ही नहीं, विचार भी



बजट 2024

**बजट में प्रमुख क्षेत्रों को क्या मिला**

**ग्रामीण विकास** — 1.77 लाख करोड़ का बजट — अगले पांच साल में प्रधानमंत्री आवास योजना-ग्रामीण में और दो करोड़ मकान बनाए जाएंगे।

**महिला** — 26 हजार करोड़ का बजट — महिलाओं के लिए सुरक्षा और सशक्तीकरण मिशन के लिए विभिन्न सरकारी पहल।

**रक्षा** — 6.21 लाख करोड़ रुपए — रक्षा प्रयोजनों के लिए गहन प्रौद्योगिकियों को मजबूत बनाने और आत्मनिर्भरता में तेजी लाने योजना शुरू।

**रेल** — 2.55 लाख करोड़ रुपए — तीन नए बड़े रेल कॉरिडोर, इनमें पोर्ट कनेक्टिविटी, एनर्जी, मिनरल और सीमेंट कॉरिडोर शामिल।

## GYAN

### थीम पर बजट

**गरीब** (G)

#### गरीबों के घर का सपना होगा पूरा

कोविड की चुनौती के बावजूद मोदी सरकार ने गरीबों को घर मुहैया कराया। केंद्र सरकार का दावा है कि 3 करोड़ घर के लक्ष्य को बनाने के करीब हैं। 2 करोड़ और घर अगले 5 साल में बनेंगे। छत के ऊपर सोलर एनर्जी के लिए 1 करोड़ घरों पर सोलर पैनल लगेंगे। सौर प्रणाली वाले एक करोड़ लोगों को 300 यूनिट मुफ्त बिजली मिलेगी।

**युवा** (Y)

#### स्टार्टअप्स के लिए एक और मौका

बजट में दो महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए हैं। रिसर्च और इनोवेशन पर 1 लाख करोड़ का फंड बनाने की घोषणा की गई है, बजट में स्टार्टअप को मिलने वाले टैक्स छूट के विस्तार का भी ऐलान किया गया है। इसमें राजकोषीय घाटे को नियंत्रण में रखते हुए पूंजीगत व्यय को 11 लाख 11 हजार 111 करोड़ रुपए की ऐतिहासिक ऊंचाई दी गई है।

**अन्नदाता** (A)

#### नैनो डीएपी का अब विस्तार पूरे देश में

नैनो डीएपी का विस्तार पूरे देश में किया जाएगा। तिलहन के क्षेत्र में देश को आत्मनिर्भर बनाने के लिए कार्यनीति तैयार की जाएगी। डेरी किसानों की सहायता के लिए व्यापक कार्यक्रम बनेगा। केंद्रीय वित्त मंत्री ने कहा कि पीएम किसान संपदा से 38 लाख किसानों को फायदा हुआ है।

**नारी** (N)

#### 3 करोड़ लखपति दीदी का लक्ष्य

2 करोड़ महिलाओं को लखपति दीदी बनाने का लक्ष्य रखा था। अब इस लक्ष्य को बढ़ाकर 3 करोड़ कर दिया गया है। आयुष्मान भारत के तहत स्वास्थ्य देखभाल के दायरे में सभी आशा और आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं को लाया जाएगा। इसके अलावा महिलाओं को सर्वाइकल कैंसर से बचाने मुक्त में टीकाकरण अभियान चलाने की योजना है।

### सरकार की आय-व्यय का ब्योरा



#### कहां से आता है

| | |
|---|---|
| कंपनी कर | 17 पैसा |
| आय कर- | 19 पैसा |
| सीमा शुल्क- | 4 पैसा |
| केंद्रीय उत्पाद शुल्क- | 5 पैसा |
| जीएसटी एवं अन्य कर- | 18 पैसा |
| गैर-कर प्राप्तियां- | 7 पैसा |
| गैर-कर्ज पूंजी प्राप्तियां- | 1 पैसा |
| उधार और अन्य देयताएं- | 28 पैसा |
| केंद्रीय प्रायोजित योजनाएं- | 8 पैसे |

## इनकम टैक्स स्लैब में कोई बदलाव नहीं, छोटे शहरों को जोड़ने 517 नए रूट पर 'यूडीएएन' स्कीम

## सीता का राम राम...

### अध्यात्मिक टूरिज्म को मिलेगी गति

# 3 करोड़ महिलाएं बनेंगी लखपति
# टैक्स छेड़ा नहीं, भरोसा तोड़ा नहीं

केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने अंतरिम बजट गुरुवार को पेश कर दिया। सीतारमण ने कोई लोक लुभावन घोषणा नहीं की है। स्टार्टअप के लिए टैक्स छूट एक साल के लिए बढ़ा दी है। अगले पांच सालों में 2 करोड़ नए घर बनाने का प्रस्ताव दिया है। इनमें 70 फीसदी घरों का मालिकाना हक महिलाओं को दिया जाएगा। आयकर दाताओं को कोई राहत नहीं दी गई गई है। इससे मिडिल क्लास खासकर नौकरे-पेशा लोग मायूस हुए हैं।




हरिभूमि न्यूज : नई दिल्ली

वित्त मंत्री ने कहा है कि 40,000 रेल कोच वंदे भारत कोच में तब्दील होंगे। उन्होंने मेट्रो रेल का विस्तार कुछ और शहरों तक करने का भी ऐलान किया है। लखपति दीदी योजना को विस्तारित किया जाएगा और राज्यों को ब्याज मुक्त कर्ज दिए जाएंगे। वित्त मंत्री ने कहा है कि करीब 1 करोड़ महिलाएं लखपति दीदी बनीं हैं और अब 3 करोड़ लखपति दीदी बनाने का लक्ष्य है। 3 नए रेल कॉरिडोर बनाने का ऐलान किया है। भारत-मिडिल ईस्ट-यूरोप इकोनॉमिक कॉरिडोर के जरिए एक परिवर्तनकारी पहल की गई है। इंफ्रास्ट्रक्चर पर 11 फीसदी ज्यादा खर्च किया जाएगा। डिफेंस सेक्टर के लिए 6.2 लाख करोड़ का बजट रखा गया है।

**वित्तीय वर्ष 25 में 11.1 लाख करोड़ कैपेक्स का ऐलान**

**40,000 रेल डिब्बों को वंदे भारत स्टैंडर्ड में बदलेंगे**

### बजट में खास

#### राज्यों को 75,000 करोड़ का ब्याज-मुक्त कर्ज

नई दिल्ली। केंद्र सरकार ने 'विकसित भारत' के संकल्प को साकार करने के लिए राज्यों के स्तर पर किए जाने वाले सुधारों के लिए राज्यों को 50 साल के लिए 75,000 करोड़ रुपए का ब्याज-मुक्त कर्ज देने का प्रस्ताव किया है। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने लोकसभा में वर्ष 2024-25 का अंतरिम बजट पेश करते समय यह घोषणा की। सरकार ने वर्ष 2047 तक भारत को विकसित राष्ट्र बनाने का लक्ष्य रखा है। सीतारमण ने अपने बजट भाषण में कहा कि 'विकसित भारत' के संकल्प को पूरा करने के लिए राज्यों में वृद्धि एवं विकास-प्रोत्साहक सुधारों को लागू करने की जरूरत है। उन्होंने कहा, राज्य सरकारों के स्तर पर किए जाने वाले सुधारों का समर्थन करने के लिए 50 वर्ष के ब्याज-मुक्त ऋण के रूप में 75,000 करोड़ रुपये का प्रावधान करने का इस साल प्रस्ताव है। बजट दस्तावेजों के मुताबिक, वित्त वर्ष 2024-25 में केंद्र-प्रायोजित योजनाओं के तहत राज्यों के हिस्से के हस्तांतरण, अनुदान एवं ऋण के तौर पर राज्यों को कुल 22,22,264 करोड़ रुपए हस्तांतरित किए जाने वाले हैं। यह वित्त वर्ष 2022-23 के वास्तविक आंकड़ों से 4,13,848 करोड़ रुपये अधिक है।

**जुलाई में पेश होगा पूर्ण बजट, दिखेगी 'विकसित भारत' की झलक**

सीतारमण ने कहा, जुलाई में पेश किए जाने वाले पूर्ण बजट में हमारी सरकार 'विकसित भारत' के लक्ष्य के लिए एक विस्तृत रूपरेखा पेश करेगी।

## 56 मिनट में रखी अपनी बात, सदन में जय श्रीराम

वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने गुरुवार को संसद में अपना लगातार छठा बजट पेश किया और 56 मिनट में अपना बजट भाषण समाप्त किया जो उनका अब तक का सबसे छोटा बजट भाषण है। फिरोजी रंग की कढ़ाई वाली कांथा सिल्क की साड़ी पहनकर संसद पहुंचीं सीतारमण के भाषण के दौरान लोकसभा में सत्ता पक्ष के सदस्य उनकी घोषणाओं और टिप्पणियों पर बीच-बीच में मेजें थपथपाते देखे गए। जब उन्होंने कहा कि हमारी सरकार



जुलाई में पूर्ण बजट पेश करेगी तो सत्ता पक्ष के सदस्यों ने सबसे ज्यादा देर तक मेजें थपथपाईं। विपक्षी सदस्यों ने भी वित्त मंत्री का बजट भाषण पूरे ध्यान से सुना। हालांकि लोकसभा चुनाव के बाद उनकी सरकार के सत्ता में लौटने संबंधी कथन पर विपक्ष की ओर से कुछ विरोध के स्वर सुनाई दिए। इससे पहले आज पूर्वाह्न 11 बजे बजट भाषण शुरू होने से पहले जब प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी लोकसभा कक्ष में पहुंचे तो भाजपा के सदस्यों ने 'भारत माता की जय', 'जय श्रीराम' और 'जय सियाराम' के नारे लगाए।

### प्रमुख घोषणाएं

#### सर्वाइकल कैंसर को रोकने टीका मुफ्त

मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य देखभाल के संबंध में भी अंतरिम बजट में अहम घोषनाएं की गई हैं, जिसके तहत 9-14 साल की बच्चियों में सर्वाइकल कैंसर के रोकथाम के लिए मुफ्त में वैक्सीन लगाने की भी योजना है।

**फायदा**: बाजार में मिलने वाली टीके की कीमत फिलहाल 2,500-3,300 रुपए प्रति डोज है। यह मुफ्त में मिलेगी।

#### वंदेभारत स्टैंडर्ड के 40 हजार कोच

रेलवे के 40 हजार डिब्बे वंदे भारत के स्तर के बनेंगे। इसके अलावा इन्फ्रास्ट्रक्चर से जुड़ी एक बड़ी घोषणा की गई। फ्रेट कॉरिडोर यानी माल ढोने के लिए बनाए जा रहे रेलवे कॉरिडोर के अलावा तीन और रेलवे कॉरिडोर बनाए जाएंगे।

**फायदा**: रेल यात्रियों को बेहतर सुविधा मिलेगी। पोर्ट कनेक्टिविटी कॉरिडोर देश के प्रमुख बंदरगाहों को जोड़ेगा।

#### टैक्स में नोटिस की वापसी

इनकम टैक्स और इनडायरेक्ट टैक्स के मोर्चे पर कोई राहत नहीं मिली है। 1962 से 2010 तक के 25 हजार रुपये तक की और वर्ष 2011 से 2015 तक के 10 हजार रुपए की बकाया टैक्स डिमांड को माफ किया जाएगा। अगर किसी के पास 25 हजार रुपए तक का डायरेक्ट टैक्स बकाया है तो उसे नहीं देना होगा।

**फायदा**: टैक्स डिमांड माफ होने से 25 हजार रुपए का लाभ बकायादारों को होगा। नोटिस वापस लेने से राहत मिलेगी।

#### देश का इंफ्रास्ट्रक्चर होगा वर्ल्ड क्लास

देश का इंफ्रास्ट्रक्चर वर्ल्ड क्लास होगा। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने इंफ्रास्ट्रक्चर बजट में 11.1 फीसदी की बढ़ोतरी का ऐलान करते हुए इसे बढ़ाकर 11,11,111 करोड़ रुपए कर दिया है, जो कि जीडीपी का 3.4 फीसदी है।

**फायदा**: देश का तेजी से विकास होगा। सड़क मार्ग बनेंगे। एयरपोर्ट का विकास होगा। रेलवे कॉरीडोर बनने से ट्रांसपोर्टेशन में सुविधा बढ़ेगी।

### जुबानी तीर

**पीएम मोदी बोले**

#### विकसित राष्ट्र बनाने की गारंटी

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि अंतरिम आम बजट समावेशी और



नवोन्मेषी होने के साथ ही देश के भविष्य के निर्माण का बजट है। वीडियो संदेश में पीएम मोदी कहा कि यह बजट 2047 के विकसित भारत की नींव को मजबूत करने की गारंटी है। उन्होंने कहा, आज का ये बजट समावेशी और नवोन्मेषी बजट है।

#### समावेशी विकास का बजट : भाजपा

भाजपा ने कहा, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने वर्ष 2047 तक पूर्ण विकसित भारत का आह्वान किया है। इस आह्वान को साकार करने की दिशा में यह बजट मील का पत्थर साबित होगा। यह बजट देश के समावेशी विकास का बजट है। उन्होंने कहा कि अंतरिम बजट गरीबों, महिलाओं, युवाओं और किसानों के सशक्तिकरण पर केंद्रित है। हमारी केंद्र सरकार ने इन 10 वर्षों में देश के सर्वांगीण विकास और जन-जन की प्रगति का मार्ग प्रशस्त किया है। पिछले 10 वर्षों में 25 करोड़ गरीबों को बहुआयामी गरीबी से बाहर निकालने में कामयाबी मिली है। 1 करोड़ 40 लाख युवाओं को रोजगार मूलक कार्यों की ट्रेनिंग दी गई है।

#### जनता को दिया धोखा : कांग्रेस

केंद्रीय बजट पर कांग्रेस ने प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा की वित्तमंत्री द्वारा प्रस्तुत बजट, क़र्ज़ मे डुबोने वाला दिशा हीन, खोखला बजट है। कांग्रेस ने कहा कि, देश पर बढ़ता क़र्ज़ मोदी सरकार की गलत नीतियों की देन है। देश आज जीडीपी के 81% कर्ज मैं डूब चूका हैं। 2014-15 में 64 लाख करोड़ का कर्ज था जो मोदी सरकार के 2023-24 में बढ़कर 173 लाख करोड़ हो चुका है। कांग्रेस ने कहा कि, 2014 में मोदी सरकार ने वादा किया था 2022 तक सबके पास पक्का मकान होगा, किसानों की आय दुगनी होगी,100 दिनों में महंगाई कम होगी, पैट्रोल डीजल के दम कम होगा, 100 स्मार्ट सिटी बनने वाली थी, बुलेट ट्रेन चलने वाली थी, एक देश एक कर की बात की गई थी, दो करोड़ प्रतिवर्ष नौकरियां मिलनी थी।

**कांग्रेस ने कहा**

#### यह सरकार का 'विदाई बजट'

विपक्षी दलों ने वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण द्वारा पेश अंतरिम बजट




को निराशाजनक और सरकार का 'विदाई बजट' करार दिया। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता शशि थरूर ने कहा, बजट भाषण बहुत छोटा और निराशाजनक था। बहुत अधिक बयानबाजी थी। कई मुद्दों को छुआ नहीं गया। बेरोजगारी जैसे मुद्दे का उल्लेख ही नहीं किया गया।



## बजट में रेलवे: तीन नए रेल कॉरिडोर, 40 हजार पुराने डिब्बों को वंदे भारत की तरह बदला जाएगा

वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने गुरुवार को संसद में अंतरिम बजट पेश किया। दरअसल चुनावी साल में अंतरिम बजट पेश किया जाता है क्योंकि चुनाव के बाद नवगठित सरकार पूर्ण बजट पेश करती है। इस दौरान वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने रेलवे के लिए भी कई अहम घोषणाएं की हैं। सरकार द्वारा बजट में रेल यात्रियों को बड़ा तोहफा दिया गया है। वित्त मंत्री ने अपने बजट भाषण में कहा कि रेल यात्रियों की सुविधा के लिए 40 हजार रेलगाड़ी डिब्बों को वंदे भारत की तर्ज पर बदला जाएगा। साथ ही आर्थिक गलियारा बनाने से ट्रेनों के परिचालन में सुधार भी आएगा। रेलवे कारिडोर के अलावा तीन और रेलवे कॉरिडोर बनाए जाएंगे। इसमें एक हाई ट्रैफिक डेंसिटी कॉरिडोर है जो कि उन रेलमार्गों के लिए बनेगा, जिन पर ट्रेनों की संख्या बहुत ज्यादा है। इसमें बिलासपुर जोन को भी शामिल किया जाएगा।देखा जाए तो पिछले पांच सालों में रेलवे बजट का आवंटन काफी बढ़ गया। जिसमें साढ़े चार गुना की वृद्धि दर्ज हुई। वित्त वर्ष 2023 में रेलवे बजट 2.4 लाख करोड़ रुपए था। 2022 में रेल मंत्रालय को 1,40,367.13 करोड़ रुपए आवंटित किए गए थे। साल 2021 में पहली बार रेलवे बजट एक लाख करोड़ से ज्यादा आवंटित किए गए। इसके पहले 2020 में 70,250 करोड़ रुपए और 2019 में 69,967 करोड़ रुपए दिए गए। इस राशि से रेलवे तेजी से नई लाइनों का जाल बिछा रहा है। जहां अब तक रेलवे नहीं पहुंच पाया है वहां भी रेलवे लाइनें बिछाई जा रही हैं। पटरियों का लेकट्रीफिकेशन भी तेजी से हो रहा है। 2014 में जहां 4648 कीमी से काम हो रहा था तो फिलहाल 37011 किमी की तेजी से काम जारी है।

**बजट में खास**



# युवाओं के लिए इतना सब-कुछ

- *नेशनल डिजिटल लाइब्रेरी की शुरुआत होगी जिसमें सभी आयु वर्गों के लिए जरूरी किताबें होंगी।*
- *शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए एनजीओ में काम कर रहे युवाओं से सरकार जुड़ने का प्रयास करेगी।*
- *डिजिटल ट्रेनिंग के माध्यम से कई कौशल शिक्षाएं दी जाएंगी।*
- *रोजगार निर्माण के लिए 10 लाख करोड़ का निवेश होगा*
- *डिजिटल ट्रेनिंग के माध्यम से कई कौशल शिक्षाएं दी जाएंगी।*
- *पारंपरिक शिल्पकारों के लिए लागू की जाएगी 'नई पीएम विकास योजना'।*
- *युवाओं के लिए नेशनल एंटरप्रेन्योरशिप ट्रेनिंग स्कीम की शुरुआत की जाएगी*
- *युवाओं को अंतरराष्ट्रीय अवसरों के लिए देश के विभिन्न राज्यों में 30 स्किल इंडिया इंटरनेशनल सेंटर स्थापित किए जाएंगे।*
- *आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के लिए तीन उत्कृष्ट संस्थानों की स्थापना की जाएगी*
- *कौशल उन्नयन के लिए सिविल सर्वेंट और सरकारी कर्मचारियों के लिए एकीकृत ऑनलाइन प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा।*
- *युवाओं के लिए होगी डीबीटी (डायरेक्ट बेनिफिट ट्रांसफर स्कीम 2023) की शुरुआत*
- *अगले तीन वर्षों में 47 लाख युवाओं को सहायता प्रदान करने के लिए 'अखिल भारतीय राष्ट्रीय शिक्षुता योजना' के तहत प्रत्यक्ष लाभ हस्तांतरण शुरू करने की घोषणा की गई।*

# स्टार्टअप में अब डेयरी और मछली पालन भी रोजगार निर्माण के लिए खोला जाएगा खजाना

*नई दिल्ली। वित्तमंत्री निर्मला सीतारमण ने अंतरिम बजट में युवाओं, महिलाओं, किसानों व शिक्षा के लिए कई घोषणाएं की हैं। इसके तहत युवा उद्यमियों को कृषि स्टार्टअप के लिए प्रोत्साहित करने कृषि फंड बनाया जाएगा, जिसके जरिए युवा पशुपालन, डेयरी उद्योग, मत्स्य पालन के क्षेत्र में अपना स्टार्टअप कर सकेंगे। वहीं रोजगार निर्माण के लिए 10 लाख करोड़ का निवेश किए जाने की भी घोषणा की गई। युवाओं को अंतरराष्ट्रीय अवसरों के लिए देश के विभिन्न राज्यों में 30 स्किल इंडिया इंटरनेशनल सेंटर स्थापित किए जाएंगे। वित्त मंत्री ने महिलाओं के लिए घोषणा करते हुए जहां सर्वाइकल कैंसर को रोकने नौ साल से लेकर 14 साल की बच्चियों के टीकाकरण होगा वहीं तीन करोड़ महिलाओं को लखपति दीदी बनाने का लक्ष्य भी रखा गया है।*



### टेक सेवी युवाओं के लिए बड़ी घोषणाएं

अपने बजट भाषण में केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने कहा कि नए युग की टेक्नोलॉजी और डेटा लोगों की जिंदगी और व्यवसाय को बदल रही है। यही नहीं, नई टेक्नोलॉजी नई आर्थिक व्यवस्था को भी सक्षम बना रही है। पीएम मोदी ने लाल बहादुर शास्त्री और अटल बिहारी वाजपेयी के जय जवान, जय किसान, जय विज्ञान के साथ जय अनुसंधान जोड़ा है, जो दर्शाता है कि विकास के लिए इनोवेशन जरूरी है।

### टेक-सेवी युवाओं के लिए स्वर्णिम काल

वित्त मंत्री सीतारमण ने कहा कि आज के टेक-सेवी युवाओं के लिए यह एक स्वर्णिम काल है। युवाओं को बढ़ावा देने के लिए 1 लाख करोड़ रुपये का कोष स्थापित किया जाएगा। इससे निजी क्षेत्र को अनुसंधान बढ़ाने के लिए प्रोत्साहन मिलेगा।

### 1.37 लाख करोड़ आत्मनिर्भरता के लिए

आत्मनिर्भरता को स्थापित करने के लिए सरकार रक्षा जरूरतों को ध्यान में रखते हुए डीप-टेक टेक्नोलॉजी के लिए नई स्कीम लाएगी। संचार मंत्रालय के लिए 1.37 लाख करोड़ रुपये का बजट आवंटित किया गया है।

### 1.4 करोड़ युवाओं को किया प्रशिक्षित

वित्त मंत्री ने कहा कि स्किल इंडिया मिशन के अंतर्गत 1.4 करोड़ युवाओं को प्रशिक्षित किया गया है, 54 लाख युवाओं का कौशल-उन्नयन किया गया है तथा उन्हें दूसरे हुनर में कुशल बनाया गया है।

### 4000 करोड़ स्कूली शिक्षा के लिए

सीतारमण ने कहा कि वर्ष 2022 के बजट भाषण में शामिल स्कूलों के लिए 4000 करोड़ रुपये का आवंटन किया जाएगा। राष्ट्रीय शिक्षा नीति, 2020 से परिवर्तनकारी सुधार लाए जा रहे हैं। पीएम स्कूल (पीएम श्री) में गुणवत्तापूर्ण पढ़ाई हो रही है, और बच्चों का समग्र और चहुंमुखी विकास किया जा रहा है। शिक्षा विभाग को वर्ष 2023-24 में अब तक का सर्वाधिक आवंटन किया गया, जो कि 1,12,898.97 करोड़ था।



### 3000 आईटीआई स्थापित होंगी

वित्त मंत्री ने कहा कि उच्चतर शिक्षा के लिए बड़ी संख्या में नए संस्थानों के अंतर्गत 7 आईआईटी, 16 आईआईआईटी, 7 आईआईएम, 15 एम्स और 390 विश्वविद्यालय स्थापित किए गए हैं। दस वर्षों में उच्चतर शिक्षा में महिलाओं का नामांकन 28 प्रतिशत बढ़ गया है। स्टेम पाठ्यक्रमों में 43 प्रतिशत नामांकन बालिकाओं और महिलाओं का है, जो कि दुनिया में सबसे अधिक है।



### 22.5 लाख करोड़ पीएम मुद्रा योजना के लिए

पीएम मुद्रा योजना के अंतर्गत 22.5 लाख करोड़ रुपये मूल्य के कुल 43 करोड़ ऋण मंजूर किए गए हैं। निधियों की निधि, स्टार्ट-अप इंडिया और स्टार्ट-अप क्रेडिट गारंटी जैसी योजनाओं से भी हमारे युवा वर्ग को सहायता प्रदान की जा रही है। वे भी 'रोजगारदाता' बन रहे हैं।

### 28% बढ़ी महिलाओं की भागीदारी

उद्योगों में महिलाओं की सहभागिता बढ़ी है। महिलाओं में आंत्रप्रेन्योरशिप 28 प्रतिशत बढ़ी है। तीन करोड़ नई लखपति दीदी बनाने का लक्ष्य तय किया गया है। लखपति दीदी योजना के तहत महिलाओं को आंत्रप्रेन्योरशिप इंडस्ट्री, एजुकेशन या दूसरी जरूरतों के लिए लोन दिए जाते हैं। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने महिला बचत सम्मान पत्र पेश किया जो दो साल के लिये यानी साल 2025 तक वैलिड होगा।



### 11.1 लाख करोड़ मैन्युफैक्चरिंग के लिए

वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने बजट पेश करते हुए बताया कि बुनियादी संरचनाओं के लिए खर्च को 11.1 फीसदी बढ़ाया गया है। सरकार ने इसे नए बजट में बढ़ाकर 11.1 लाख करोड़ रुपये कर दिया है। इसके तहत सभी श्रेणियों के कारखानों के लिए परियोजना लागत का 50 प्रतिशत प्रोत्साहन देने की पेशकश की गई है। सेमीकंडक्टर और डिस्प्ले मैन्युफैक्चरिंग इकोसिस्टम के विकास के लिए बजट



**युवाओं पर फोकस**

## आयुष्मान के दायरे में आएंगी 'आशा'



### 3 करोड़ लखपति दीदी बनाने का लक्ष्य

निर्मला सीतारमण ने कहा कि, सरकार ने दो करोड़ लखपति दीदी को बढ़ाकर तीन करोड़ का लक्ष्य बना दिया है। इससे करीब 9 करोड़ महिलाओं के जीवन में बदलाव आया है। मत्स्य संपदा योजना से 55 लाख लोगों को नया रोजगार मिला। इसके साथ ही 5 इंटीग्रेटेड एक्वा पार्क डेवलप किए जाएंगे।

### आंगनबाड़ी केंद्रों को किया जाएगा अपग्रेड

आंगनवाड़ी केंद्रों को आने वाले समय के लिए और भी बेहतर तरीके से अपग्रेड किया जाएगा। आयुष्मान भारत के तहत सभी आशा और आंगनवाड़ी कर्मियों को सुविधा दी जाएगी। अगले 5 सालों में विकास की नई परिभाषा को गढ़ने का काम किया जाएगा। आशा बहनों को आयुष्मान योजना का भी लाभ दिया जाएगा।

### सर्वाइकल कैंसर रोकने लगेगी वैक्सीन

वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने कहा कि सर्वाइकल कैंसर को रोकने नौ साल से लेकर 14 साल की बच्चियों के टीकाकरण पर विशेष ध्यान दिया जाएगा। सीतारमण ने कहा कि मां और बच्चे की देखरेख जैसी योजनाओं को और बड़े रूप लाया जाएगा। वर्तमान समय में बने हेल्थ ढ़ाचे का इस्तेमाल करते हुए सरकार मेडिकल कॉलेज तैयार करेगी।

### 10 साल में महिलाओं को 30 करोड़ मुद्रा ऋण

संसद में अंतरिम बजट को पेश करते हुए फाइनेंस मिनिस्टर निर्मला सीतारमण ने कहा कि, महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने के लिए हमारी सरकार ने बीते दस सालों में 30 करोड़ मुद्रा योजना का ऋण महिलाओं को दिया है।

### 26,000 करोड़ महिला एवं बाल विकास मंत्रालय को

अंतरिम बजट में महिला एवं बाल विकास मंत्रालय को 2024-25 के लिए 26,000 करोड़ रुपये आवंटित किए गए हैं, जो पिछले बजट की तुलना में 2.52 प्रतिशत अधिक है. 2023-24 के संशोधित बजट अनुमान के अनुसार, महिला एवं बाल विकास मंत्रालय को 25,448.68 करोड़ रुपये आवंटित किए गए थे।

## ज्यादा काम तो रोजगार भी ज्यादा, सबको मौका

### वैक्सीन बनाने और लगाने वालों को रोजगार

आशा वर्करों, आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं के लिए को रोजगार मिलने की संभावना हैं.क्योंकि वित्त मंत्री ने कहा कि है इन वर्कर्स को आयुष्मान भारत योजना के दायरे में लाया जाएगा। वैक्सीन बढ़ाने की बात की गई है इस काम से वैक्सीन बनाने और उसे लगाने वालों को रोजगार मिलेगा।

### रेलवे डिब्बों को वंदे भारत में बदलने में रोजगार

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी कहा है कि इस बजट में युवाओं के लिए अनगतिनत रोजगार के अवसर होंगे। वित्त मंत्री ने 40 हजार रेलवे डिब्बों को वंदे भारत में बदलने की बात की है। इसमें भी रेलवे डिब्बों को वंदे भारत में बदलने के लिए डिब्बे के नक्शों पर काम होगा तो राजगार बढ़ेगा।



### इलेक्ट्रिक वाहन में जॉब्स

इलेक्ट्रिक वाहन बढ़ाए जाने की बात कही गई है, जिसमें पब्लिक ट्रांसपोर्ट के लिए ई-बसों के होने की बात की गई है। इस प्लान को अंजाम देने के लिए काफी राजगार निकलेंगे। इलेक्ट्रिक वाहन बनाने में काफी नौकरियां निकलेंगी। इसके साथ ही वाहनों को सुधारने व उनके कलपुर्जे बनाने व ढोने वालों को भी रोजगार मिलेगा।

### बड़ी कंपनियां कर रहीं भारत में निवेश

वित्त मंत्री सीतारमण ने आत्मनिर्भर भारत को बढ़ाने के लिए यह घोषणा की है। बड़ी टेक्नोलॉजी कंपनियां अब भारत में स्मार्टफोन, लैपटॉप बना रही हैं। सेमीकंडक्टर और डिस्प्ले का इकोसिस्टम डेवलप होने के बाद इन कंपनियों की सप्लाई चेन सुदृढ़ होगी और डिवाइस मैन्युफैक्चरिंग में तेजी आएगी।

### पीएम आवास योजना से मजदूरों को लाभ

देश ग्रामीण आवास योजना के तहत अगले पांच साल में दो करोड़ घरों का निर्माण किया जाएगा। इस दौरान राज मिस्त्री मजदूरों को रोजगार मिलेगा। भवन निर्माण से जुड़ी अन्य चीजों के निर्माण में बढ़ोतरी होने से इन क्षेत्रों में भी रोजगार मिलेगा। छत पर सौर प्रणाली लगाने से भी आय के साधन बढ़ेंगे।

## किसानों और कृषि सेक्टर के लिए भी घोषणाएं

*केंद्रीय वित्तमंत्री निर्मला सीतारमण ने गुरुवार को अंतरिम बजट पेश किया। इसमें कृषि और किसानों के लिए कई योजनाएं शामिल हैं। इसमें अनुसंधान, स्टार्टअप और अत्याधुनिक तकनीक के इस्तेमाल पर जोर दिया गया है। किसानों को प्रधानमंत्री सम्मान निधि बढ़ाए जाने की उम्मीद थी, लेकिन ऐसा नहीं हो पाया। वित्तमंत्री ने खेती के साथ पुशपालन और मत्स्य पालन को बढ़ावा देते हुए किसानों की आय बढ़ाने पर जोर दिया है।*

- प्रधानमंत्री किसान संपदा योजना के तहत किसानों को सशक्त बनाया जाएगा।
- डेयरी क्षेत्र का विकास कर दुग्ध उत्पादन को बढ़ाया दिया जाएगा।
- पीएम सूक्ष्म खाद्य प्रसंस्करण उद्यम विकास योजना का बजट 639 करोड़ से बढ़ाकर 880 करोड़ किया गया।
- नीली क्रांति यानी मत्स्य उत्पादन के लिए सरकान ने अपना बजट 2025 करोड़ से बढ़ाकर 2352 करोड़ किया गया।
- फसलों में नैनो खाद के इस्तेमाल को बढ़ावा दिया जाएगा।
- तिलहन के अनुसंधान को बढ़ावा दिया जाएगा।



- फसल कटाई के क्रियाकलापों में निजी और सरकार निवेश को बढ़ावा दिया जाएगा।
- पीएम मत्स्य संपदा योजना को बढ़ाकर मत्स्य उत्पादन दोगुना किया जाएगा।
- माल भाड़ा परियोजना विकिसत करेंगे। इससे कृषि व्यापार को आसानी होगी।
- स्टार्ट-अप के माध्यम से प्रौद्योगिकी और नवाचारों को बढ़ावा देकर खेती को लाभ का धंधा बनाया जाएगा।
- मत्स्य उत्पादन के विस्तार और दोहरे परिवहन को बढ़ावा देने पांच एकीकृत एक्वापार्क स्थापित किए जाएंगे।
- ग्रामीण इलाकों में पांच साल में दो करोड़ घर बनाए जाएंगे। इसमें किसान परिवारों को भी महत्व मिलेगा।
- 1361 मंडियों को ई नमो से जोड़ा गया है। इसमें इसमें 3 लाख करोड़ का कारोबार हो रहा है।
- 1.4 करोड़ किसानों को स्किल इंडिया मिशन का फायदा मिला।

## समावेशी विकास का केंद्रीय बजट केंद्र में महिलाएं-गरीब और युवा




**- प्रो. मनीषा दुबे**
एचओडी, डिपार्टमेंट ऑफ़ इकोनोमिक्स
गुरु घासीदास सेंट्रल यूनिवर्सिटी
बिलासपुर


केंद्र सरकार की ओर से पेश अंतरिम बजट समावेशी विकास का बजट है। यह बजट यह दिखाता है कि क्या स्थिति है और देश को किस दिशा में ले जाएंगे, इसलिए इस बजट को देखकर सरकार का दृष्टिकोण समझ में आ रहा है। अंतरिम बजट में भी समावेशी विकास तथा अंतिम पंक्ति के व्यक्ति तक लाभ पहुंचाने की बात हो रही है। विकास भी ग्रीन ग्रोथ को ध्यान में रखते हुए, ताकि पर्यावरण को नुकसान न पहुंचे और हरित विकास को बढ़ाया जाए। इसी प्रकार महिलाओं, गरीब, आदिवासी व यूथ के लिए बजट में प्रावधान किए गए हैं। रोजगार की दिशा में स्किल्स डेवलपमेंट कौशल विकास पर जोर दिया गया है, जिससे आत्मनिर्भर भारत की ओर ले जाने की बात हो रही है। जनजातीय वर्ग के लिए प्रधानमंत्री आदिम जनजातीय कमजोर मिशन शुरू किया जा रहा है, जिसमें उन्हें सुरक्षित करने आवास, साफ-सफाई, बिजली, पानी के लिए बजट प्रावधान किया गया है।अंतरिम बजट में स्टार्टअप कृषि के क्षेत्र में प्रस्तावित किया गया है और कृषि त्वरक कोष स्थापित किया जाएगा तथा आर्गेनिक खेती पर जोर दिया गया है।

जबलपुर
शुक्रवार, 2 फरवरी 2024
- माघ मास कृष्ण पक्ष-8
- वर्ष : 18, अंक : 270
- पृष्ठ : 2+12=14 , मूल्य : 3.00 रुपये

मौसम
अधि. 28
न्यून. 14

# हरिभूमि

मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com

**भारी बर्फबारी के बीच ट्रेन**



रेल मंत्री ने शेयर किया ट्रेन का वीडियो

**जम्मू।** जम्मू-कश्मीर में बर्फबारी हो रही है। केंद्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने एक्स पर एक वीडियो शेयर करते हुए लिखा है कि कश्मीर की वादियों में स्नोफॉल।




# 'आधी रात' को खुला सुप्रीम कोर्ट, सुबह 3 बजे सुनवाई, कहा-सीधे हाईकोर्ट जाएं

## वाराणसी जिला जज कोर्ट के फैसले को सुप्रीम में चुनौती

### मुस्लिम पक्ष ने ज्ञानवापी में पूजा पर रोक लगाने की रात में ही लगाई याचिका, कोई राहत नहीं मिली

**नई दिल्ली।** वाराणसी जिला जज कोर्ट की ओर से बुधवार को मुस्लिम पक्ष को बड़ा झटका मिला। हिंदू पक्ष को व्यासजी तहखाने में पूजा का अधिकार दिया गया। जिला जज डॉ. अजय कृष्ण विश्वेश ने अपने आदेश में वाराणसी जिला प्रशासन को आदेश दिया कि सात दिन के भीतर व्यासजी तहखाने में पूजा-पाठ की व्यवस्था को पूरी तरह से बहाल किया जाए। कोर्ट के नियमित पूजा का आदेश जारी होने के साथ ही प्रशासनिक स्तर पर इसे खोलने की तैयारी शुरू की गई। इसके बाद मुस्लिम पक्ष एक्टिव हुआ। ज्ञानवापी मस्जिद की संचालक अंजुमन इंतेजामिया मसाजिद आधी रात को सुप्रीम कोर्ट पहुंची।



### रजिस्ट्रार ने सुबह 4 बजे चीफ जस्टिस के सामने रखा पक्ष



मस्जिद कमेटी ने गुरुवार सुबह 3 बजे सुप्रीम कोर्ट का रुख किया। अंजुमन इंतेजामिया मसाजिद कमिटी की ओर से वकीलों की टीम ने 3 बजे सुप्रीम कोर्ट के रजिस्ट्रार के सामने मामला रखा। मस्जिद कमिटी ने व्यासजी तहखाने में पूजा पर रोक लगाने की मांग की। सुप्रीम कोर्ट से जल्द सुनवाई की मांग की। मुस्लिम पक्ष ने निचली अदालत के आदेश पर तुंरत रोक की मांग की। मुस्लिम पक्ष का कहना था कि हमें दूसरे कानूनी राहत के विकल्प आजमाने का समय मिले, इसके लिए आदेश जारी किया जाए। सुप्रीम कोर्ट के रजिस्ट्रार ने मुस्लिम पक्ष की मांग को सुबह 4 बजे चीफ जस्टिस के सामने रखा। चीफ जस्टिस ने पेपर देखने के बाद मुस्लिम पक्ष से इलाहाबाद हाई कोर्ट जाने को कहा। चीफ जस्टिस ने कहा कि मुस्लिम पक्ष किसी भी तरह की राहत पाने के लिए इलाहाबाद हाई कोर्ट के चीफ जस्टिस के सामने मामले को रखे।

### रात करीब 1.30 बजे जिला कोर्ट के आदेश का अनुपालन

वाराणसी में आधी रात को व्यासजी तहखाने में पूजा को लेकर हलचल तेज हुई तो मुस्लिम पक्ष भी एक्टिव हो गया। पूजा पर रोक लगाने की मांग शुरू हो गई। जिला जज के व्यासजी तहखाने में पूजा का अधिकार हिंदुओं को दिए जाने के बाद प्रशासनिक स्तर पर कार्रवाई शुरू हुई। कमिश्नर कौशलराज शर्मा, पुलिस कमिश्नर मुथा अशोक जैन और डीएम एस. राजलिंगम समेत सीनियर अधिकारी और पुलिस बल बुधवार रात करीब 11:30 बजे ज्ञानवापी परिसर पहुंचे। वहां सभी ने दक्षिणी तहखाना में पूजा के संबंध में जिला जज के आदेश के बाद सुरक्षा प्रबंधों की समीक्षा की गई। प्रशासनिक अधिकारियों ने दक्षिणी तहखाना में पूजा के संबंध में जिला जज के आदेश के बाद सुरक्षा प्रबंधों की समीक्षा की। रात करीब 12:30 बजे व्यासजी तहखाने के सामने लगी लोहे की बैरिकेडिंग हटवा दी गई।

inh 24x7
छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें
TATA PLAY चैनल नं. 1155
airtel चैनल नं. 366


## खबर संक्षेप

### रेप और हत्या के आरोपी को फांसी की सजा



**बालाघाट।** आरक्षी केंद्र तिरोड़ी थाना के एक गांव में अपहरण कर 3 साल की बच्ची की हत्या और 5 वर्षीय मासूम के साथ दुष्कर्म के बाद हत्या करने वाले आरोपी ताऊ को फांसी की सजा सुनाई है। वारासिवनी न्यायालय के विशेष न्यायाधीश कविता इवनाती ने आरोपी को मृत्यु दंड की सजा सुनाई है।

### बजट भाषण के साथ शेयर बाजार में असर



**नई दिल्ली।** अंतरिम बजट पेश करते ही बाजार में गिरावट देखी गई। सुबह से तेजी देखने को मिली है। बजट से पहले 280 अंकों के उछाल के साथ 72,020.74 के स्तर पर सेंसेक्स लुढ़कर 71,800 के करीब पहुंच गया। कुछ देर बाद इसमें तेजी आई। सेंसेक्स 71,880 के स्तर पर पहुंच गया।

### इंडिया सीमेंट पर ईडी की छापेमारी



**चेन्नई।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने चेन्नई में इंडिया सीमेंट से परिसरों की गुरुवार को तलाशी ली। यह पूरा तलाशी अभियान कथित फेमा उल्लंघनों के संबंध से है। इंडिया सीमेंट्स के प्रमुख बीसीसीआई के पूर्व अध्यक्ष एन श्रीनिवासन हैं।

### बच्चों को फेंकने वाले दंपती को फांसी



**नई दिल्ली।** चीन में एक दंपती को फांसी दी गई है। दोनों को 2 बच्चों की मौत का दोषी पाया गया है। मृतक बच्चों को पिता ने इसे हादसा दिखाने की कोशिश की थी। दक्षिण पश्चिम चीन के चोंगकिंग में 15वीं मंजिल से दो वर्षीय लड़की और एक वर्षीय लड़के की फेंकने का जिम्मेदार पाया गया था।

### कोर्ट से जेल जाते हुए विक्ट्री साइन दिखाया सोरेन ने, रिमांड पर आज भी बहस

# हेमंत सोरेन को भेजा जेल, महागठबंधन के विधायक हैदराबाद किए गए 'शिफ्ट'

**विधायक दल के नेता चंपई सोरेन सहित 5 विधायक रांची में रहेंगे**

*करीब 2 घंटे चली सुनवाई में ईडी ने कोर्ट से सोरेन की 10 दिन की रिमांड मांगी थी। रिमांड पर शुक्रवार को भी बहस होगी। इसके बाद अदालत अपना फैसला सुनाएगी।*

एजेंसी ▶▶ रांची

प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को गुरुवार को यहां धन शोधन रोकथाम अधिनियम (पीएमएलए) अदालत में पेश किया। कोर्ट ने हेमंत सोरेन को एक दिन की न्यायिक हिरासत में भेज दिया है। सोरेन को बिरसा मुंडा कारागार में भेज दिया गया है। करीब 2 घंटे चली सुनवाई में ईडी ने कोर्ट से सोरेन की 10 दिन की रिमांड मांगी थी। रिमांड पर शुक्रवार को भी बहस होगी। इसके बाद अदालत अपना फैसला सुनाएगी। झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) के कार्यकारी अध्यक्ष सोरेन को बुधवार रात यहां उनके आधिकारिक आवास पर जमीन सौदे से जुड़े मनी लॉड्रिंग के मामले में 8 घंटे की पूछताछ के बाद ईडी ने गिरफ्तार कर लिया था। इधर, झारखंड में सियासी संकट के बीच विधायक दल के नेता चंपई सोरेन को राज्यपाल ने गुरुवार शाम साढ़े 5 बजे राजभवन बुलाया। चंपई ने मिलने के लिए 3 बजे का समय मांगा था।

सोरेन को ईडी द्वारा कड़ी सुरक्षा के बीच अदालत ले जाया गया

प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने गिरफ्तार करने की वजह कोर्ट को बताई



### गिरफ्तारी के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट पहुंचे हेमंत, सुनवाई आज



इससे पहले, गिरफ्तारी को लेकर सोरेन ने हाईकोर्ट में याचिका दायर की। इस पर हाईकोर्ट ने कहा कि मामले में अर्जेंसी नहीं दिखती। कपिल सिब्बल ने भी इस मामले में सुप्रीम कोर्ट में याचिका दायर की है, जिस पर शुक्रवार को सुनवाई हो सकती है। हेमंत सोरेन का पक्ष रखते हुए सिब्बल ने कि किसी राज्य के मुख्यमंत्री को इस तरह कैसे गिरफ्तार किया जा सकता है। इस पर एएसजी ने जवाब दिया कि उनके खिलाफ बहुत गंभीर आरोप भी हैं।

### रेवन्यू सब-इंस्पेक्टर सिंडिकेट का बड़ा हिस्सा

*ईडी ने जांच से जुड़े कुछ रिकॉर्ड भी कोर्ट में पेश किए हैं। ईडी ने कोर्ट को बताया कि 13 अप्रैल 2023 को छापेमारी में रेवन्यू सब इंस्पेक्टर भानु प्रताप प्रसाद के यहां बड़े पैमाने पर जमीन से जुड़े रिकॉर्ड, रजिस्टर मिले। 1 जून 2023 को रांची में भानुप्रताप के खिलाफ रांची पुलिस ने केस दर्ज किया था।*

### राज्यपाल से मिले जेएमएम के विधायक

**चंपई का दावा उनके पास 48 विधायकों का समर्थन**

गुरुवार शाम 5:30 बजे जेएमएम नेता चंपई सोरेन ने दोबारा राज्यपाल के पास सरकार बनाने का दावा पेश किया। लेकिन शाम 7 बजे तक उन्हें सरकार बनाने का न्योता नहीं मिला था। हालांकि राजभवन से निकलने के बाद चंपई सोरेन ने कहा- राज्यपाल जल्द शपथग्रहण के लिए बुलाएंगे।



### मुरैना में राज्य स्तरीय 'रोजगार दिवस' समारोह



## रिकॉर्ड 7 लाख से अधिक युवाओं को स्व-रोजगार के लिए 5 हजार करोड़ से अधिक की ऋण राशि वितरित

45 लाख 59 हजार लाड़ली बहनों को उज्जवला योजना की 118 करोड़ रुपए की अनुदान राशि का अंतरण

अग्निवीर योजना में प्रदेश के युवाओं को चयनित कराने के लिए प्रति बैच 360 घंटे का नि:शुल्क प्रशिक्षण दिया जाएगा



हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि युवाओं को देशभक्ति के लिए प्रेरित करने और सेना में नई ऊर्जा लाने के लिए शुरू की गई अग्निवीर योजना में प्रदेश के युवाओं को चयनित कराने के लिए प्रति बैच 360 घंटे का निःशुल्क प्रशिक्षण दिया जाएगा। मुख्यमंत्री ने प्रदेश के 7 लाख से अधिक युवाओं को एक दिन में 5151 करोड़ 18 लाख 90 हजार रुपए की ऋण राशि के स्वीकृति पत्र प्रतीकात्मक रूप से प्रदान किया। उन्होंने कहा कि यह अवसर अभूतपूर्व है जब एक दिन में 7 लाख लोगों के हाथों को काम मिला। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने यह बात मुरैना में रोजगार दिवस के अवसर पर राज्य स्तरीय रोजगार दिवस समारोह में कही। उन्होंने कहा कि अग्निवीरों को प्रशिक्षण में युवाओं को गणित, भौतिकी, रसायन विज्ञान और सामान्य अध्ययन जैसे विषयों की कोचिंग दी जाएगी।

### 6 लाख 32 हजार 574 युवाओं को ऋण वितरित

कार्यक्रम में केंद्र और राज्य सरकार की विभिन्न योजनाओं में युवाओं को स्व-रोजगार स्थापना के लिए ऋण दिलवाया गया। प्रधानमंत्री मुद्रा योजना में सर्वाधिक 6 लाख 32 हजार 574 युवाओं को 4510 करोड़ से अधिक का ऋण वितरित किया गया। राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के 13 हजार 812 समूहों को 380 करोड़ 71 लाख, प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना में 67 हजार 166 हितग्राहियों को 113 करोड़ 44 लाख, राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन में 943 व्यक्तियों को 12 करोड़ 87 लाख से अधिक, 79 समूह को एक करोड़ 77 लाख तथा 689 समूहों को क्रेडिट लिंकेज में 13 करोड़ 47 लाख 91 हजार रुपए की वित्तीय सहायता दी गई। इसी तरह अन्य योजनाओं में भी रोजगार मुहैया कराए गए हैं।

### इंदौर में पुलिस की अनदेखी उजागर

## लव जिहाद और रेप का केस दर्ज नहीं हुआ तो खाया जहर



महिला लसुड़िया थाने में ही रिपोर्ट करना चाहती थी लेकिन धमकियों के कारण डर गई। आरोपी खुद का नाम लक्की बताता था असल में उसका नाम है अबलाल खान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ इंदौर

शहर के खजराना इलाके की एक महिला ने लव जिहाद और रेप का केस दर्ज नहीं होने पर गुरुवार दोपहर जहर खा लिया। उसे बेसुध हालत में परिजन एमवाय लाए। यहां गंभीर हालत में भर्ती है।

आरोपी की ओर से उसकी बेटी का भी जीवन खराब करने की धमकी मिली तो महिला ने डरकर जहर खा लिया। एक नोट भी लिखा है। घटनाक्रम खजराना और लसूडिया थाने से जुड़ा है। महिला ने जहां जहर खाया है, वह इलाका खजराना में आता है जबकि जहां उससे रेप हुआ, वो होटलें लसुड़िया थाना क्षेत्र की है। महिला लसुड़िया थाने में ही रिपोर्ट करना चाहती थी लेकिन धमकियों के कारण डर गई।

### डीसीपी को शिकायत की थी

*इससे पहले, महिला ने डीसीपी अभिषेक आनंद को 19 जनवरी को जाकर शिकायत की। डीसीपी ऑफिस से उसे लसूडिया थाने जाने के लिए कहा गया। इसके बाद पीड़िता थाने पर पहुंची तो उसे 22 जनवरी को आने के लिए कहा गया। 23 को जब पीड़िता थाने पहुंची तो उसके बयान लिए गए। पांच दिन बाद 28 और 29 जनवरी को आरोपी युवक को थाने में बैठाकर पूछताछ की गई लेकिन महिला की ओर से केस दर्ज नहीं कराया था। पूछताछ के लिए आरोपी को हिरासत में लेने के बाद से पीड़िता को दूसरे लोगों की रास्ते चलती धमकी मिलने लगी। इसमें उसकी बच्ची को जीवन बिगाड़ने और तेजाब फेंकने की धमकी भी थी। इससे डरकर पीड़िता ने ये कदम उठा लिया।*

### गुना में शिव मंदिर में तोड़फोड़, बमोरी में लोगों ने किया चक्काजाम

## 6 अज्ञात लोगों के खिलाफ मामला दर्ज



**गुना।** जिले के बमोरी में भगवान शिव के मंदिर में तोड़फोड़ का मामला सामने आया है। यहां शिवलिंग उखाड़ फेंका। बीती रात गुना जिले के बमोरी में अज्ञात लोगों ने शिव मंदिर में तोड़फोड़ की। मंदिर में स्थापित शिवलिंग भी उखाड़ दिया। गुरुवार को सुबह मंदिर का यह हाल देख लोग भड़क गए और सड़कों पर आ गए। गुस्साए लोगों ने बमोरी के मुख्य चौराहे पर चक्काजाम कर दिया। हालात बिगड़ते देख मौके पर पुलिस बल तैनात किया गया है। इधर पुलिस ने अज्ञात लोगों के खिलाफ केस दर्ज किया है। बमोरी थाना प्रभारी अरविंद गौड़ के अनुसार लोगों ने आशंका व्यक्त की है कि करीब 6 लोगों ने इस घटना को अंजाम दिया है।

### मुख्यमंत्री डॉ. यादव ग्वालियर-अहमदाबाद विमान सेवा के शुभारंभ कार्यक्रम में वर्चुअली हुए शामिल



उज्जैन में एयरपोर्ट सुविधा के लिए प्रयास जारी

## अकासा एयरलाइंस की हवाई सेवा अब ग्वालियर से अहमदाबाद के लिए शुरू

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

ग्वालियर से अहमदाबाद के लिए भी हवाई सेवा की शुरूआत गुरुवार से हो गई। इससे पहले बैंग्लोर समेत 6 शहरों के लिए हवाई सेवा शुरू हो चुकी थी। इस मौके पर मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि मप्र को नई उड़ानें मिल रही हैं। बैंगलोर के बाद अहमदाबाद के लिए मिली हवाई सुविधा प्रदेश के पर्यटन और संस्कृति को बढ़ाने में मील का पत्थर साबित होगी। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में हवाई सेवाओं का लगातार विस्तार हो रहा है।

इससे पहले बैंग्लोर समेत 6 शहरों के लिए हवाई सेवा शुरू हो चुकी



### सभी जिलों में भी हवाई पट्टियां बनाने का प्रयास

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रदेश में 26 हवाई पट्टियां हैं, जिनमें से 22 राज्य शासन की तथा 4 निजी क्षेत्र की हैं। हमारा प्रयास है कि संभाग स्तर के बाद सभी जिलों में भी हवाई पट्टियां हों और इस दिशा में हम केंद्र सरकार के सहयोग से आगे बढ़ेंगे। दतिया और रीवा में हवाई अड्डा विकसित करने की दिशा में राज्य सरकार ने कदम बढ़ाए हैं।

# सेंस ऑफ ह्यूमर...तोहफा तोहफा...लाया...लाया



लोगों ने कुछ यूं बयां किया हाल-ए-दिल




वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने बजट पेश कर दिया है। आम चुनाव से कुछ ही महीने पहले पेश हुआ ये अंतरिम बजट था। मोदी सरकार का दावा है कि अगले तीन साल में वह देश को दुनिया को तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बना देगी। इस बीच सोशल मीडिया पर लोग मीम्स के जरिए अपना हाल-ए-दिल बयां कर रहे हैं। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने जैसे ही 1 फरवरी को संसद में अंतरिम बजट 2024 पेश किया, सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म खासकर 'एक्स' पर मीम्स की बौछार शुरू हो गई। बजट भाषण के बीच इंटरनेट पर कई वर्ग मजेदार मीम्स बनाने में बिजी थे, क्योंकि हर कोई सांसें थामकर सरकार की घोषणाओं का इंतजार कर रहा था। इस दौरान लोगों में अगर किसी चीज को लेकर बेसब्री थी, तो वो थी इनकम टैक्स स्लैब। लेकिन, उसमें किसी तरह का बदलाव नहीं हो सका। बजट पर सोशल मीडिया के तमाम प्लेटफॉर्म से मीम्स शेयर हो रहे हैं। दिनभर ये मीम्स शेयर होते रहे। जिन्हें 'हरिभूमि' इस अंक में प्रकाशित कर रहा है। इसका उद्देश्य सिर्फ एक व्यंग्यात्मक और मजेदार दृष्टि पाठकों तक पहुंचाना है।


> बजट पर मीठी-मीठी पारिवारिक चर्चा - हमको क्या मिला?



> बजट अच्छा है...नहीं-नहीं बजट में ये भी होना था.. बहस में बजट




> फिल्म 'बाहुबली' से...अपने लिए बजट में क्या, इसकी ऐसी उत्सुकता



> ठीक है भाई...जैसा चल रहा है चलने दें...क्यों उलझ रहे हैं?



> लगता है कि अब मुझे अर्थशास्त्री बनना ही पड़ेगा तभी समझूंगा.....



## ये है सरकार की नई यात्रा...

## सोशल मीडिया पर... उधर 'भारत जोड़ो' इधर 'मध्यम वर्ग जोड़ो' चल पड़ा जोरदार अभियान





*गुरुवार को केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने इधर बजट पेश किया और उधर सोशल मीडिया पर कई रोचक और हास्यव्यंग्य समेटे मीम्स ट्रेंड करने लगे। जिसमें से एक मीम्स भारत जोड़ो न्याय यात्रा को लेकर भी खूब शेयर किया गया। जिसमें सांकेतिक तौर बताया गया है कि वित्त मंत्री ने मध्यमवर्ग का ख्याल रखते हुए कई तरह की घोषणाएं की हैं। चूंकि, देश में बहुत बड़ा वर्ग मध्यम वर्ग से है। इसलिए, मीम्स के माध्यम से बताने की कोशिश की गई है कि ये मिडिल क्लास जोड़ो यात्रा लोगों को ज्यादा जोड़ रही है।*

### कैसे ढूंढूं बजट में अपना फायदा?

आम बजट 2024-25 में लगभग हर वर्ग का ध्यान रखा गया है। खासतौर से गरीबों और महिलाओं पर ज्यादा ध्यान दिया गया है। ढेरों घोषणाएं होने के बाद सोशल मीडिया पर ये मीम्स शेयर हो रहा है। हर वर्ग अपना अपना फायदा बजट में ढूंढ रहा है। शायद कुछ इसी तरह के संकेत वाला यह मीम्स शेयर हुआ है।




> बजट पर एक मीम्स ऐसा भी जिसे देखने पर हंसी आना स्वाभाविक है...



> किसको क्या मिला 'ब्रो'... शायद यह मीम्स कुछ इसी तरह का संकेत है




> बजट से मिलने वाली राहत का उत्साह,कहा-तेरी लीला अपरंपार



## हास्य कवियों के श्रीमुख से...

### वित्त मंत्री तो घोषणाएं करके चल देती हैं...



महेश दुबे
हास्य कवि, मुंबई

जैसे ही नया बजट आया जोरदार
हम सूखे पत्ते की तरह कांपने लगे सरकार
यह बजट हमें हर बार सताता है
इस बजट से हमारा छत्तीस का नाता है
बजट का गणित हमें लगता है नॉनसेंस
इससे बिगड़ जाता है हमारे बैंक का बैलेंस
वाहन सस्ते हुए तो बच्चों की फौज बाइक लेने को
अड़ जाती है
और सोना सस्ता हुआ तो पत्नी राशन पानी लेकर
सिर पर चढ़ जाती है
वित्तमंत्री तो घोषणाएं करके चल देती हैं
इधर परिवार के लोग हमें डिमांड और सप्लाई
की चक्की में मसल देते हैं ।

### बैठे-ठाले सूझ रहा...किसको यह हल्ला

उनकी चाबी, उनके ताले
सस्ता कपड़ा, मुफ्त घरौंदा, फ्री में गल्ला
बैठे - ठाले सूझ रहा, यह किसको हल्ला
आज करोड़ों बेघर,
दिखते हैं 'घरवाले'
उनकी छत है, उनकी
चाबी, उनके ताले
कोस रहा है सक्रियता को कौन निठल्ला
बैठे - ठाले सूझ रहा, यह किसको हल्ला
कृषकों को खुशहाल
करेगी फसल योजना
इसमें भी दुर्जन
चाहेंगे कमी खोजना
कर्तव्यों से झाड़ेंगे.... सब अपना पल्ला
बैठे-ठाले सूझ रहा, यह किसको हल्ला
अब तो बिजली भी
घर-घर को मुफ्त मिलेगी
मुरझाए हर चेहरे पर
मुस्कान खिलेगी
दुष्ट लोग इस पर भी, अब जाएंगे झल्ला
बैठे - ठाले सूझ रहा, यह किसको हल्ला
निर्धन की अंगुली में
क्यों है स्वर्ण अंगूठी
लोकतंत्र की कायम
कैसे प्रथा अनूठी
भ्रष्टों की अंगुली से निकल गया है छल्ला
बैठे- ठाले सूझ रहा, किसको यह हल्ला



दिनेश प्रभात
गीतकार, भोपाल

### ऐसी दरकार तुम्हई से है

ये बजट की चहक
फुलवन में महक
सब कुछ सरकार तुम्हई से है
दीदी अपनी लखपत होंगी
निर्धन की अपनी छत होगी
अब राम राज्य का दौर चले
ऐसी दरकार तुम्हई से है



सुदीप भोला
हास्य कवि, मुंबई

## केंद्रीय अंतरिम बजट पर मिली जुली प्रतिक्रिया

# किसी ने बताया चुनावी बजट तो किसी ने संतुलित

**जबलपुर। जबलपुर के कांग्रेस नेताओं की नजर से देखें तो बजट में सिर्फ खराबी है, भाजपा की नजर से देखें तो इससे अच्छा बजट भारत के इतिहास में कभी नहीं आया. मोदी सरकार के दूसरे कार्यकाल के अंतरिम बजट को लेकर नेताओं और व्यापारिक संगठनों ने अपनी-अपनी अलग अलग प्रतिक्रियायें दी हैं। विपक्ष की नजर में बजट हमेशा की तरह निराशाजनक रहा, तो वहीं सत्ता पक्ष में से महिलाओं ओwर युवाओं पर केंद्रीत सर्वसमावेशी उत्थान का बजट प्रस्तुत किया। मोदी सरकार ने चुनाव के पूर्व यह अंतरिम बजट पेश किया। आने वाली नई सरकार नया पूर्ण बजट पेश करेगी। भारत सरकार का बजट प्रधानमंत्री के नेतृत्व में 'मज़बूत बुनियाद और बुनियादी विकास' के संकल्प के साथ आगे बढ़ते भारत का बजट है। जिसमें दृढ़ संकल्प और विश्वास साफ दिख रहा है। बजट में लखपति दीदी बनाने का लक्ष्य 3 करोड़ करके, आत्मनिर्भरता के रास्ते पर तेज़ी से आगे बढ़ रही मातृशक्ति को संबल और सम्मान प्रदान किया है।**



मोदी सरकार के बजट में आयुष्मानकार्ड का लाभ आशा कार्यकर्ता, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता और हेल्पर्स को देने का ऐतिहासिक फ़ैसला किया है। यह फ़ैसला समर्पित मैदानी कार्यकर्ताओं के स्वयं के स्वास्थ्य का कवच भी है। मोदी सरकार की गरीब कल्याण की योजनाओं का लाभ ज़रूरतमंदों को सुखद परिणाम दे रहा है।

**–प्रहलाद पटेल पंचायत एवं ग्रामीण विकास मंत्री, मध्यप्रदेश**



देशवासियों की अपेक्षाओं के अनुरूप गरीब, वंचित, किसान, महिला, युवा सहित देश के हर वर्ग के हितों की चिंता व देश के इस अंतरिम बजट में की गई है। महिलाओं, युवाओं और समाज के शोषित व गरीब वर्ग की चिंता की गई हैं। सभी के स्वास्थ्य, रोजगार और सम्मान की व्यवस्था इस बजट में की गई हैं। यह बजट विकसित भारत के संकल्प को मजबूती के साथ पूरा करेगा। ये बजट आम नागरिक के सपनों को पूरा करने के साथ ही देश की प्रगति और विकास के लिए मील का पत्थर साबित होगा।

**– राकेश सिंह, लोक निर्माण मंत्री, मध्यप्रदेश**



गांव, शहर, महानगर सबकी भलाई का है यह बजट. सरकार नौकरीपेशा, पेंशनर्स, किसान, महिलाएं सबको कुछ न कुछ दिया गया है, तो युवाओं को स्टॉर्ट में प्रोत्साहन, निसंदेह ऐतिहासिक बजट है।

**– अशोक रोहाणी, विधायक**



मोदी सरकार ने कृषि-रोजगार स्वास्थ्य सहित हर सेवाओं को बेहतर बनाने की दिशा में प्रयास किया है। लोगों को बेहतर सुविधायें देने की अनेक सकारात्मक योजनाएं देने के लिए वित्त मंत्री और प्रधानमंत्री बधाई के पात्र हैं।

**– प्रभात साहू, नगर भाजपा अध्यक्ष**



स्वास्थ्य, रोजगार, शिक्षा जैसे अहम विषय बजट में हैं ही नहीं। धरातल से दूर घोषणाओं से भरा हुआ बजट है। सिर्फ चुनाव को सामने रखा गया है। आमजनता को नहीं।

**– लखन घनघोरिया, विधायक**



ऐसा कोई क्षेत्र नहीं जिसकी उपेक्षा न की गई हो। देखने में टैक्स राहत दिख रही है, लेकिन हकीकत में कुछ नहीं दिया। जिस दिन से मोदीजी सत्ता में आए हैं, उस दिन से लोग परेशान है। चुनाव को सामने रखकर बनाया गया बजट है।

**जगत बहादुर अन्नू, महापौर, नगर कांग्रेस अध्यक्ष**

### भारत की संकल्पना का बजट है

भारत सरकार का अंतरिम बजट आत्मनिर्भर व विकसित भारत की संकल्पना का बजट है। जिसमें कृषि व किसान के लिए पशुपालन और मत्स्य पालन के माध्यम से आर्थिक उन्नति के मार्ग बनाने की कार्ययोजना है। इस हेतु पशुपालन के लिए नई योजना बनाने की बात बजट में कही गई है। पशुपालन को प्रोत्साहन मिलने से भारत में कम होते दुधारू पशु व दुग्ध उत्पादन के कारण नकली दूध की समस्या से आम नागरिकों को राहत मिलेगी। किसानों को बजट में किसान सम्मान निधि बढ़ने, कृषि आदानों और यंत्रों पर जीएसटी कम होने की उम्मीद थी। जिसके न होने से किसानों को निराशा हुई है।

**-राघवेंद्र सिंह पटेल**
**अखिल भारतीय प्रचार प्रमुख, भारतीय किसान संघ**



अंतरिम लेखानुदान बजट 2047 के विकसित भारत को प्राप्त करेगा। बजट में किसान, युवाओं, महिलाओं, शिक्षा, स्वास्थ्य, अनुसंरचना विकास को प्राथमिकता दी गई है। इससे रोजगार की संभावना तेजी से बढ़ेगी। यह बजट परफॉर्म रिफॉर्म और ट्रांसफॉर्म पर जोर देगा जो विकास की सोच का परिचायक हैं।

**-डॉ.विनोद मिश्रा, पूर्व अध्यक्ष जेडीए**

### सौर तथा पवन ऊर्जा को बढ़ावा मिलेगा

सौर तथा पवन बिजली उत्पादन को प्रोत्साहन देकर सौर बिजली के 300 यूनिट तक के बिल के माफी की केंद्रीय अंतरिम बजट में की गई घोषणा स्वागत योग्य है। यह छूट 1 करोड़ उपभोव्ताओं को देने की अंतरिम बजट में घोषणा "जीरो कार्बन इकानॉमी" के नीति के तरफ ठोस कदम माना जाएगा। नागरिक उपभोव्ता मार्गदर्शक मंच ने बताया कि आगामी जुलाई में जब पूर्णकालीन बजट लोकसभ में पेश होगा, जब उस बजट में कोयले से बनी महंगी बिजली के जगह नवीनीकरणीय सस्ती बिजली देश के ज्यादा से ज्यादा उपभोव्ताओं को प्रदाय कर उन्हें राहत देने हेतु रोड मैप भी प्रस्तत होना चाहिए।

### अंतरिम बजट में दिखा संतुलन : फेडरेशन

अंतरिम बजट खातों का लेखा जोखा होता है जिसमें कोई बड़ी घोषणा या प्रावधान नहीं किये जाते लेकिन फिर भी वित्त मंत्री ने एक संतुलित बजट देने का प्रयास किया है जो कि विकासोन्मुखी है तथा अर्थव्यवस्था की विकास दर को 7 प्रतिशत रखने में यह बजट सहायक सिद्ध होगा, यह कथन है प्रदेश की शीर्ष उद्योग व्यापार संस्था, फेडरेशन ऑफ मप्र चैम्बर्स ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री के उपाध्यक्ष हिमांशु खरे का। इस अवसर पर हिमांशु खरे ने बताया कि जैसा की अनुमानित था, यह बजट युवाओं तथा महिलाओं पर विशेष केंद्रित रहेगा। उन्होंने केंद्रीय बजट की घोषणाओं का जबलपुर एवं महाकौशल क्षेत्र के परिप्रेक्ष्य में विश्लेषण किया।

### पर्यटन केंद्र

जबलपुर चेंबर ऑफ कॉमर्स के अध्यक्ष प्रेम दुबे ने कहा कि आम बजट में आइकोनिक टूरिस्ट सेंटर्स बनाने का प्रावधान किया गया है जिसके तहत राज्यों को दीर्घकालीन ब्याज मुक्त ऋण देने की घोषणा की गयी है। जबलपुर अपनी प्राकृतिक एवं पुरातत्व सौंदर्य से अनुपम है। जबलपुर को आइकोनिक टूरिस्ट सेंटर के तौर पर विकसित किया जा सकता है।

### रेलवे कॉरिडोर से बढ़ी उम्मीद

आम बजट में वित्त मंत्री ने एनर्जी, सीमेंट तथा खनिज के क्षेत्रों में रेल कॉरिडोर बनाने की घोषणा की है। जबलपुर, कटनी, सतना एवं सिंगरौली को जोड़कर ऐसा कॉरिडोर यदि बनाया जायेगा, तो जबलपुर की उम्मीदों को पंख लग सकते हैं। फेडरेशन ऑफ मप्र चैम्बर्स ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री के कार्यसमिति सदस्य बलदीप मैनी, अशोक कपूर, अरुण पवार, राजीव अग्रवाल आदि ने आम अंतरिम बजट को संतुलित निरूपित किया है जिससे भविष्य की तय की गयी विकास दर प्राप्त हो सकेगी।

# हाईकोर्ट ने सब इंस्पेक्टर से की गई रिकवरी को अवैधानिक करार दिया

**जबलपुर।**

मध्यप्रदेश हाईकोर्ट ने एक मामले में कहा कि सेवानिवृत्त सब इंस्पेक्टर से गई रिकवरी को अवैधानिक करार दिया। जस्टिस विवेक जैन की एकलपीठ ने रिकवरी आदेश निरस्त करते हुए याचिकाकर्ता को द्वितीय समयमान वेतनमान का लाभ देने के निर्देश दिए। कोर्ट ने इसके लिए 3 माह की मोहलत दी है।

जबलपुर निवासी यशवंत मिश्रा की ओर से अधिवक्ता सचिन पांडे ने पक्ष रखा। उन्होंने बताया कि याचिकाकर्ता 2023 में सेवानिवृत्त हुआ है। याचिकाकर्ता को 24 जनवरी 2008 से द्वितीय समयमान का लाभ दिया गया। बाद में विभाग ने उक्त लाभ वापस लेकर उनके खिलाफ रिकवरी निकाल दी। दलील दी गई कि याचिकाकर्ता को पहले ही दो प्रमोशन के लाभ दिए जा चुके हैं, इसलिए उन्हें दिया गया द्वितीय समयमान वेतनमान का लाभ वापस करना होगा। याचिकाकर्ता की ओर से दलील दी गई कि पूर्व में हाईकोर्ट ने प्रताप नारायण विश्वकर्मा के प्रकरण में यह स्पष्ट किया है कि वर्ग के अंदर वर्गीकरण नहीं किया जा सकता। इसलिए समयमान का लाभ वापस लेना अवैधानिक है।



## पीएचडी में सभी प्रवेश याचिका अंतिम निर्णय के अधीन

मध्यप्रदेश हाईकोर्ट ने एक अंतरिम आदेश के तहत धर्मशास्त्र राष्ट्रीय विधि विश्वविद्यालय जबलपुर में पीएचडी में सभी प्रवेश याचिका के अंतिम निर्णय के अधीन कर दिए हैं। आरक्षण का लाभ नहीं देने का आरोप लगाने वाली याचिका पर प्रारंभिक सुनवाई के बाद कोर्ट ने विश्वविद्यालय के रजिस्ट्रार, पीएचडी संयोजक, उच्च शिक्षा विभाग और विधि एवं विधायी कार्यविभाग के प्रमुख सचिव को नोटिस जारी किया है। जस्टिस शील नागू व जस्टिस प्रमोद कुमार अग्रवाल की खंडपीठ ने जवाब पेश करने 6 सप्ताह की मोहलत दी है।यश प्रताप सिंह नरवरिया की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता अतुलानंद अवस्थी व कौस्तुभ तिवारी ने पक्ष रखा। उन्होंने बताया कि विश्वविद्याय की पीएचडी में प्रवेश नीति सरकार द्वारा तय नीतियों के विरुद्ध है। नियम के अनुसार आरक्षित वर्ग में 50 फीसदी सीटें मप्र के मूल निवासी से भरी जानी थी, जबकि विवि प्रशासन ने ऐसा नहीं करके ऑल इंडिया कोटे से सीटें भर दीं। उन्होंने दलील दी कि विवि प्रशासन ने आरक्षित सीटों को कम कर दिया गया है या अनारक्षित सीटों में विलय कर दिया है। इससे आरक्षित वर्ग के छात्र लाभ से वंचित हैं। इस संबंध में विश्वविद्यालय प्रशासन को अभ्यावेदन प्रस्तुत किए गए, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं की गई। इसलिए हाईकोर्ट में याचिका दायर की गई।

# विद्युत खंबे से टकराया नगर निगम का टैंकर

**जबलपुर।**

सिविक सेंटर प्रभुवंदना टॉकिज के सामने गुरुवार की सुबह-सुबह तेज रफ्तार से भाग रहा नगर निगम का एक टेंकर बिजली के खंबे से टकरा गया। इस घटना में टेंकर चालक तो बाल-बाल बच गया लेकिन बिजली का खंबा पूरी तरह से टेढ़ा हो गया और तार टूटकर नीचे गिर गए, जिससे क्षेत्र में घंटों बिजली आपूर्ति बाधित रही। घटना की सूचना मिलने पर बिजली विभाग का अमला मौके पर पहुंचा और देर शाम तक सुधारकार्य चलता रहा।

## सिविक सेंटर में बड़ा हादसा टला, तार टूटे

इसके बाद विद्युत व्यवस्था बहाल हुई। यह तो सौभाग्य था कि घटना सुबह के वव्त हुई जब यहां कोई भीड़भाड़ नहीं थी, वरना किसी बड़े हादसे से इंकार नहीं किया जा सकता था। घटना के संबंध में प्राप्त जानकारी के अनुसार नगर निगम का एक टेंकर सुबह-सुबह तेज रफ्तार से जा रहा था। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक अनियंत्रित टेंकर खंबे से जा टकराया, खंभा बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया, और रोड किनारे लगा एक पेड़ भी टूट गया। इसके बाद विद्युत विभाग और नगर निगम उद्यान विभाग का अमला मौके पर पहुंचा, पेड की कटाई छटाई के बाद नया विद्युत पोल लगाया गया और टूटी लाईनों को नए सिरे से बिछाया गया। तब जाकर देर शाम विद्युत व्यवस्था बहाल हो सकी।



# कलेक्टर की अध्यक्षता में हुई उद्योग संवर्धन बोर्ड की बैठक

**जबलपुर।**

कलेक्टर दीपक सक्सेना की अध्यक्षता में गुरूवार को जिला स्तरीय लघु उद्योग संवर्धन समिति की संपन्न हुई बैठक में जबलपुर में औद्योगिक विकास की संभावनाओं एवं नवीन क्लस्टर विकास की परियोजनाओं के क्रियान्वयन में आ रही कठिनाईयों पर चर्चा की गई। बैठक में विभिन्न उद्योग संघों के पदाधिकारी एवं प्रतिनिधि मौजूद थे।

बैठक के प्रारंभ में कलेक्टर सक्सेना के समक्ष जबलपुर के औद्योगिक परिदृश्य, औद्योगिक गतिविधियों एवं औद्योगिक विकास की संभावनाओं पर पॉवर प्वाइंट प्रजेंटेशन दिया गया। सक्सेना ने जबलपुर में स्थापित होने वाले विभिन्न क्लस्टरों के संबंध में विस्तार से जानकारी बैठक में ली। मिष्ठान क्लस्टर से जुड़े मुद्दों पर चर्चा करते हुये उन्होंने संबंधित हितधारकों की अलग से बैठक बुलाने के निर्देश दिये। सक्सेना ने कहा कि जल्दी ही वे औद्योगिक क्षेत्र रिछाई, अधारताल एवं उमरिया-डुंगरिया का भ्रमण करेंगे। इसके अलावा लेमा गार्डन स्थित गारमेंट क्लस्टर भी जायेंगे। उन्होंने हाथकरघा संचालकों की समस्याओं के निराकरण के लिए हाथकरघा ईकाईयों का अवलोकन करने की बात भी कही। सक्सेना ने जबलपुर को असीम संभावनाओं वाला क्षेत्र बताते हुये कहा कि देश के मध्य में स्थित होने के कारण यह ट्रांसपोर्ट और लॉजिस्टिक हब के लिये सर्वाधिक उपयुव्त है। इसके लिये सभी जरूरी कदम उठाये जायेंगे। उन्होंने खाद्य प्रसंस्करण ईकाईयों की स्थापना की संभावनाओं पर भी ज्यादा कार्य करने की जरूरत बताई। कलेक्टर ने जिला स्तरीय लघु उद्योग संवर्धन समिति की बैठक प्रत्येक माह आयोजित करने के निर्देश भी दिये। बैठक में जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र के महाप्रबंधक विनीत रजक, नगर निगम के अपर आयुव्त आर पी मिश्रा तथा उद्योग संघों से रवि गुप्ता, हिमांशु खरे, डीआर जैसवानी, अर्चना भटनागर, अरूण पवार, दीपक जैन, अनुराग जैन, मुनींद्र मिश्रा, अशोक परयानी, भानु शुक्ला, पंकज माहेश्वरी, नरेन्द्र पुरी गोस्वामी, हर्ष महाजन आदि मौजूद थे।

# पारे में उछाल दिन गर्म रातें सर्द

## सर्द-गर्म के मौसम में बीमारियों का हमला

**जबलपुर।** मौसम के तेवर अचानक बदल गए हैं। गुरुवार को दिन में गर्मी जैसे माहौल रहा। धूप तीखी लगी और पारा 28 डिग्री के पार पहुंच गया। दिन तेज, गर्म और रातें गुलाबी ठंडक दे रही हैं। सर्द गर्म के इस मौसम में बीमारियां तेजी से बढ़ रही हैं। खासकर सर्दी, खांसी, बुखार और गले में खरास के मरीज, ज्यादातर पाये जा रहे हैं। मौसम विभाग के मुताबिक अभी मौसम के तेवर ऐसे ही चलेंगे। स्थानीय मौसम विभाग के मुताबिक पिछले एक पखवाड़े से जबलपुर में मौसम शुष्क बना हुआ है। दिन प्रतिदिन हवा में नमीं घटने और तापमान बढ़ने से गर्मी का वातावरण बना हुआ है। पिछले 24 घंटों के दौरान नगर का अधिकतम तापमान 28.0 डिग्री सेल्सियस सामान्य से 2 डिग्री अधिक दर्ज किया गया, वहीं न्यूनतम तापमान 13.2 डिग्री सेल्सियस सामान्य से 2 डिग्री अधिक दर्ज किया गया। हवा में नमीं प्रातःकाल 83 प्रतिशत और सायंकाल 45 प्रतिशत आंकी गई। सूर्योदय सुबह 6 बजकर 50 मिनिट पर और सूर्यास्त सायं 5 बजकर 58 मिनिट पर हुआ। उत्तर पश्चिमी हवाएं 2 से 3 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से चली। गत वर्ष आज के दिन अधिकतम तापमान 23.8 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 11.1 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया था। प्रदेश में सबसे कम 5 डिग्री तापमान पचमढ़ी जिले में दर्ज किया गया। अगले 24 घण्टों के दौरान मौसम शुष्क रहने की संभावना है।

## तैयारियों को लेकर कलेक्ट्रेट में हुई बैठक

# 24 एवं 25 फरवरी को होगा एबिलिम्पिक का आयोजन

**जबलपुर।** दिव्यांगों की क्षमता प्रदर्शन करने वाला क्षेत्र स्तरीय एबिलिम्पिक (एबिलिटी ओलंपिक्स ) का आयोजन 24 एवं 25 फरवरी को जबलपुर में होगा। आधारताल स्थित जवाहरलाल नेहरू कृषि विश्वविद्यालय परिसर में आयोजित किये जाने वाले एबिलिटी ओलंपिक्स में मध्यप्रदेश एवं छत्तीसगढ़ के लगभग 150 दिव्यांग प्रतिभागी विभिन्न विधाओं में अपनी क्षमता एवं कौशल का प्रदर्शन करेंगें।

कार्यक्रम के प्रभावी एवं सफल आयोजन के लिए मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद के उपाध्यक्ष डॉ जितेन्द्र जामदार एवं कलेक्टर दीपक सक्सेना की उपस्थिति में एक बैठक का आयोजन कलेक्ट्रेट में किया गया । बैठक में जन अभियान परिषद के उपाध्यक्ष डॉक्टर जितेन्द्र जामदार ने एबिलम्पिक्स के आयोजन की विस्तृत रूप रेखा, आवश्यक व्यवस्थाओं तथा जबलपुर में पूर्व में अयोजित अखिल भारतीय कार्यक्रम (नेशनल) के बारे में विस्तार से जानकारी दी । उन्होंने बताया कि इस आयोजन में मध्यप्रदेश एवं छत्तीसगढ़ के लगभग 100 दिव्यांग प्रतिभागी तथा 50 स्थानीय प्रतिभागी अपनी कला एवं हुनर का प्रदर्शन करेंगे ।



एबिलिटी ओलंपिक्स में कंप्यूटर दक्षता सहित अन्य विभिन्न विधाएं शामिल रहेंगी।

बैठक में कलेक्टर दीपक सक्सेना ने कार्यक्रम के सफ़ल अयोजन के लिये सभी संबंधित विभागों को आपस मे समन्वय स्थापित कर सभी आवश्यक व्यवस्थाएं उपलब्ध करवाना सुनिश्चित करने के निर्देश दिये । उन्होंने कहा कि एबिलिटी ओलंपिक्स का आयोजन संस्कारधानी की गरिमा के मुताबिक हो । कलेक्टर ने सामाजिक न्याय एवं निशक्त जन कल्याण विभाग, नगर निगम, रेड क्रॉस सोसाइटी एवं जन अभियान परिषद को अयोजन में सक्रिय सहभागिता के निर्देश दिये।

साथ ही कृषि विश्वविद्यालय के साथ आवश्यक समन्वय स्थापित करने तथा दिव्यांगजन कल्याण के क्षेत्र में कार्य करने वाली स्वयं सेवी संस्थाओं एवं सामाजिक कार्यकर्ताओं की बैठक अयोजित करने के निर्देश भी दिये ।

बैठक में मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत श्रीमती जयती सिंह, सयुंक्त संचालक सामाजिक न्याय एवं निशक्तजन कल्याण मनोज सिंह, जिला रेडक्रॉस सोसायटी के सचिव एवं सहायक संचालक सहायक पिछड़ा वर्ग कल्याण आशीष दीक्षित, जन अभियान परिषद के सम्भाग समन्वयक रवि बर्मन, जन अभियान परिषद के जिला समन्वयक प्रदीप कुमार तिवारी, एबिलिम्पिक एबिलिटी ओलंपिक्स में अन्तरराष्ट्रीय पदक विजेता रजनीश अग्रवाल,दिव्यांग जनों की प्रशिक्षक श्रीमती निधि गुप्ता, अजय बघेल, विनायक राव, भारत महरोलिया एवं विवेक मिश्रा विकास खंड समन्वयक जन अभियान परिषद उपस्थित रहे।

## ईडी और सीबीआई भ्रष्टाचारियों पर कर रही कार्यवाही

# राहुल से जुड़ने के बजाय दूर हो रहे लोग : शुक्ल



**जबलपुर।** प्रदेश के उपमुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल ने कांग्रेस नेता राहुल गांधी की भारत जोड़ो न्याय यात्रा पर तंज कसते हुये कहा कि राहुल गांधी में कोई आकर्षण बचा नहीं है। इसलिये आमजनता उनसे जुड़ नहीं रही और उनके घटक दल भी उनसे दूर हो रहे हैं। जबकी दूसरी ओर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की क्षवि एक वैश्विक नेता के रूप में बनी है। उनकी कर्तव्य परायणता और देश के प्रति निष्ठा से लोग उनके कायल हो गये हैं। ईडी और सीबीआई की कार्यवाही से जुड़े एक सवाल पर उन्होंने कहा कि राजनीति को जो धन कमाने का जरिया समझते हैं। उनपर कार्यवाही हो रही है। भ्रष्टाचार के खिलाफ मोदी सरकार की जीरो टालरेंस नीति की देश में सराहना हो रही है। जबलपुर प्रवास पर आए उपमुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल सर्पिट हाउस में पत्रकारों से अनौपचारिक चर्चा कर रहे थे। पत्रकारों से चर्चा के दौरान एक सवाल के जवाब में श्री शुक्ल ने कहा कि ईडी और सीबीआई जैसी संस्थाएं देश में पहली बार पूरी स्वतंत्रता के साथ कार्यवाही कर रही हैं। इन कार्यवाहियों का विरोध सिर्फ भ्रष्टाचारी लोग ही कर रहे हैं और सरकार पर आक्षेप लगा रहे हैं। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी भ्रष्टाचार की जीरो टालरेंस नीति पर काम कर रहे हैं। लिहाजा ईडी सीबीआई को जहां भी गड़बड़ी नजर आ रही है। वहां कार्यवाही की जा रही है। इंडिया गठबंधन और राहुल की भारत जोड़ो न्याय यात्रा से जुड़े सवाल पर श्री शुक्ल ने कहा कि जहां तक इंडिया गठबंधन का सवाल है तो यह उनका आंतरिक मामला है। इस गठबंधन में इतना बिखराव है कि गठबंधन नाम की चीज ही नहीं बची है। जहां तक राहुल गांधी का सवाल है तो अब उनका कोई आकर्षण राजनीति में बचा नहीं है। इसलिये लोग उनसे जुड़ने की बजाय दूर हो रहे हैं। श्री शुक्ल ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व वैश्विक स्तर पर देश की क्षवि में निखरी है। श्री मोदी के नेतृत्व में भारत 2047 तक न केवल सम्पूर्ण विकसित राष्ट्र होगा बल्की आजादी की सौवी सालगिरह के पूर्व भारत विश्वगुरु बनेगा।

### आयुर्विज्ञान विश्वविद्यालय समय पर परीक्षाएं आयोजित करेः उपमुख्यमंत्री

उपमुख्यमंत्री एवं लोक स्वास्थ्य व परिवार कल्याण,चिकित्सा शिक्षा मंत्री राजेंद्र शुक्ल ने मध्य प्रदेश आयुर्विज्ञान विश्वविद्यालय में परीक्षा समय पर कराने के संबंध में बैठक ली। इस दौरान शुक्ल ने कहा कि अक्सर पैरामेडिकल के विद्यार्थियों से यह शिकायत आती है कि समय पर परीक्षा नहीं होती है। इसलिए समय पर परीक्षा आयोजित कर रिजल्ट शीघ्र घोषित किया जाए। जिससे विद्यार्थियों का समय बर्बाद न हो। इसके साथ ही परीक्षा विषयक बहुत से मुद्दों पर विस्तार से चर्चा कर आवश्यक निर्देश दिए ।उन्होंने विशेष रूप से कहा कि आयुर्विज्ञान विश्वविद्यालय समय पर परीक्षाएं आयोजित करें। इस दिशा में प्राथमिकता से कार्य किया जाए।

## स्टॉफ की कमी होगी पूरी विस्तार पर बनेगा प्लान

### उपमुख्यमंत्री ने मेडिकल की सामान्य सभा बैठक में दिलाया भरोसा

**जबलपुर।** उप मुख्यमंत्री राजेंद्र शुक्ल ने मेडिकल कॉलेज और मेडिकल यूनिवर्सिटी में बैठक में कहा कि पैरामेडिकल परीक्षा और रिजल्ट की समीक्षा की सभी लंबित परीक्षा परिणाम शीघ्र घोषित किए जाएंगे। नर्सिंग कॉलेज की मान्यता और परीक्षा से संबंधित मामले पर विचार विमर्श किया. मेडिकल कॉलेज में सामान्य सभा की बैठक में शामिल हुए बैठक में मेडिकल कॉलेज में स्टाफ की कमी, विस्तार की विभिन्न योजनाओं, बजट प्रावधानों पर चर्चा की. रीवा मेडिकल कॉलेज के विकास की योजना के आधार पर जबलपुर मेडिकल कॉलेज के भी विकास और विस्तार की योजना बनाने के निर्देश दिए। बैठक में पाटन विधायक अजय विश्नोई, अभिलाष पांडे, महापौर जगत बहादुर सिंह, डॉ. पुष्पेन्द्र बघेल, डॉ. अशोक खंडेलवाल, सीएमएचओ डॉ. संजय मिश्रा सहित अन्य प्रशासनिक अधिकारी उपस्थित थे।जनप्रतिनिधियों और मेडिकल कॉलेज के अलग-अलग विभाग प्रमुखों की ओर से भी कई सुझाव पेश किए गए। इसमें मुख्य रूप से क्रिटिकल केयर सेंटर की स्थापना, कैंसर अस्पताल में मशीनों की जरूरत, सुपर स्पेशलिटी अस्पताल के विस्तार की योजना शामिल हैं। बैठक में महापौर जगत बहादुर सिंह ने मेडिकल के आसपास सड़कों के किनारे अतिक्रमण करने वालों को एक परिसर बनाकर व्यवस्थित करने का प्रस्ताव दिया, इसमें कहा गया की मेडिकल की जमीन पर नगर निगम परिसर बनाएगा जिसमें तल पर दुकान होगी और प्रथम एवं द्वितीय तल का निर्माण करके मेडिकल अस्पताल को उनकी जरूरत के लिए सौंपा जाएगा।

## पर्यटन एवं संग्रहालय विषय पर एक दिनी सेमिनार संपन्न




**जबलपुर।** भारत में पर्यटन का क्षेत्र एक उभरता हुआ विषय है, कुछ समय से यह देखने मिल रहा है कि पर्यटन ऐसा माध्यम है जिसमें उस क्षेत्र की संस्कृति, इतिहास, सामाजिक, आर्थिक, धार्मिक इत्यादि पृष्ठभूमियों को जानने का मौका नजदीक से मिलता है। इसी विचार को लेकर श्री गुरुनानक महिला महाविद्यालय मढ़ाताल में कला संकाय द्वारा पर्यटन एवं संग्रहालय विषय पर एक दिवसीय सेमिनार का आयोजन किया गया। इस सेमिनार में मुख्य वक्ता रानी दुर्गावती संग्रहालय के उप संचालक केएल डाभी उपस्थित रहे। उन्होंने पर्यटन एवं संग्रहालय पर अपने विचार व्यक्त करते हुए संग्रहालय के संबंध में जानकारी दी। उन्होंने बताया संग्रहालय की स्थापना 1964 में की गई थी इसके साथ ही 250 से अधिक मूर्तियों का संग्रह एवं फोटो प्रदर्शनी मौजूद है, पहली शताब्दी से लेकर 18वीं शताब्दी तक की मूर्तियां यहां हैं। छात्राओं को संग्रहालय का महत्व एवं संस्कृति को जानने का अच्छा साधन उन्होंने छात्राओं को समझाया। इस मौके पर श्रीमती ईश्वर दुआ एवं श्रीमती शीतल कौर आहूजा भी उपस्थित रहीं।




## शहीद दिवस पर लगी प्रदर्शनी

**जबलपुर।** भारतीय जीवन शिक्षा संस्थान माध्यमिक शाला इंद्राना, मझोली, जबलपुर की संचालिका श्रीमती राजकुमारी लोधी एवं नारायण लोधी के संयोजन में गांधी चौपाल के डॉक्टर प्रशांत मिश्रा की उपस्थिति में एवं रोहित खन्ना के निर्देशन में 30 जनवरी 2024 को महात्मा गांधी के बलिदान दिवस के अवसर पर प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। इस प्रदर्शनी में महात्मा गांधी जी के साहित्य, चित्रों एवं उनसे जुड़ी सामग्री का का प्रदर्शन किया गया। प्रदर्शनी के साथ ही बच्चों के द्वारा महात्मा गांधी के त्याग एवं बलिदान से संबंधित भाषण एवं कविता पाठ का पाठ किया गया एवं महात्मा गांधी अमर रहे के नारों से आकाश गूंजायमान हो गया।

## लियोनार्ड स्कूल के 12वीं के छात्रों का विदाई समारोह आयोजित




**जबलपुर।** लियोनार्ड एचएस स्कूल के कक्षा बारहवीं के वाणिज्य, गणित, विज्ञान, सूचनात्मक अभ्यास, कला के छात्रों के लिए फेयरवल समारोह आयोजित किया गया। समारोह की शुरुआत में श्रीमती स्वाति पांडे और श्रीमती सुजाता एंथोनी ने कक्षा 12वीं के छात्रों का तिलक लगाकर और उन पर गुलाब की पंखुड़ियों की वर्षा कर स्वागत किया, वहीं अतिथियों का स्वागत पुष्पगुच्छ देकर किया गया। समारोह के दौरान कई विद्यार्थियों ने बचपन की अपनी यादों को व्यक्त किया और अपने शिक्षकों के लिए उनकी प्रशंसा, सम्मान और प्यार व्यक्त किया, जिन्होंने उन्हें मार्गदशर्न दिया, उन्हें पढ़ाया, शिक्षित किया। कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण मिस्टर लियोनार्ड और मिस लियोनार्ड 2024 की प्रतियोगिता थी। प्रतियोगिता के निर्णायक जोस पापेन, मिस लतीशा किम और श्रीमती अर्चना रहे। मिस्टर लियोनार्ड 2024 का खिताब मास्टर यशराज सहगल (12वीं सी) ने जीता और मिस लियोनार्ड 2024 का ताज मिस श्रद्धा चौहान (12वीं बी) ने जीता। तदोपरांत प्रिंसिपल एलजी लोबो ने छात्रों को जीवन में प्रगति करने और अपने भविष्य के प्रयासों में स्कूल के शिक्षकों द्वारा सिखाए गए नैतिक मूल्यों और नैतिकता को ध्यान में रखने के लिए प्रोत्साहित किया।



## सेन समाज का 23वां युवक-युवती परिचय सम्मेलन 4 को

**जबलपुर।** भानतलैया स्थित सेन समाज के कार्यालय में आगामी होने जा रहे 23 वां युवक युवती परिचय सम्मेलन की प्रेस वार्ता रखी गई प्रेस वार्ता में सेन समाज जो विगत कई वर्षों से युवक युवति परिचय सम्मेलन करने आ रहा है इसी के तहत 23वां युवक युवति परिचय सम्मेलन जो की सिटी बंगाली क्लब करमचंद चौक में 4 फरवरी को होने जा रहा है जो की सुबह 10:00 से आयोजित होगा इस संबंध में प्रेस वार्ता रखी गई थी प्रेस वार्ता में समाज के गड़मान्य नागरिक नारायण प्रसाद श्रीवास अध्यक्ष एवं शिव बहादुर श्रीवास बद्री प्रसाद जगदीश नागर सुरेश भारद्वाज सौरभ श्रीवास पियूष श्रीवास राहुल श्रीवास आदि लोगों उपस्थित थे।

## कायस्थ वैवाहिक परिचय सम्मेलन कल



**जबलपुर।** अखिल भारतीय कायस्थ महासभा की सामाजिक बैठक में वैवाहिक परिचय सम्मेलन हेतु निर्णय लिया गया। अगामी 3 फरवरी 2024 को युवक-युवतियों का एवं कायस्थ समाज के लोगों ने निर्विवाद समाज हित में परिचय सम्मेलन का आयोजन हो, गणमान्य लोगों के बीच में कुछ विशेष लोगों को जिम्मेदारियां दी गई। जिसमें प्रांतीय अध्यक्ष, के.के. श्रीवास्तव द्वारा आशीष श्रीवास्तव को प्रांतीय युवा अध्यक्ष एवं डॉ. संजय श्रीवास्तव को प्रांतीय उपाध्यक्ष पद का दायित्व दिया गया। निम्नलिखित पदाधिकारी को नियुक्त पदों पर करते हुए, आयोजन की सफलता हेतु मार्गदर्शन किया गया। एक दिवसीय विवाह परिचय सम्मेलन 3 फरवरी 2024 को तय किया गया, जिसमें महिला सभा से रत्ना श्रीवास्तव ने अपने विचार व्यक्त किये। महामंत्री सहेंद्र श्रीवास्तव ने परिचय सम्मेलन पर प्रकाश डाला, बैठक में ओ.पी. लाल को समाज के गणमान्य लोगों ने हर्षोल्लास के साथ विदाई दी। इस बैठक में विनोद श्रीवास्तव, यू.वी. अंबर, शशी खरे, किरण खरे, आदर्श श्रीवास्तव, अमरेंद्र श्रीवास्तव, गोपाल श्रीवास्तव, अभिषेक श्रीवास्तव, गणेश श्रीवास्तव, राजीव श्रीवास्तव, प्रदीप श्रीवास्तव इत्यादि लोगों ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराई।



## डॉ. आशुतोष श्रीवास्तव कृषि महाविद्यालय के अधिष्ठाता बने

**जबलपुर।** जवाहरलाल नेहरू कृषि विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. प्रमोद कुमार मिश्रा की अनुशंसा पर कृषि अर्थशास्त्र एवं प्रक्षेत्र प्रबंधन विभाग के आचार्य एवं विभागाध्यक्ष डॉ आशुतोष श्रीवास्तव, प्राध्यापक को कृषि महाविद्यालय जबलपुर का अधिष्ठाता बनाया गया है। डॉ. आशुतोष श्रीवास्तव कृषि अर्थशास्त्री एवं वैज्ञानिक हैं। आपने एमएससी के 60 से अधिक एवं पीएचडी के 6 से अधिक छात्र-छात्राओं को गाइड किया है। इसके साथ ही कृषि अर्थशास्त्र विषय पर अनेक शोध पत्र एवं प्रकाशन किसानों के हितार्थ समर्पित किए गए, जिनका लाभ किसान भाइयों को प्राप्त हो रहा है। डॉ. श्रीवास्तव के अधिष्ठाता बनने पर अधिष्ठाता कृषि संकाय डॉ. धीरेन्द्र खरे, अधिष्ठाता कृषि अभियांत्रिकी संकाय डॉ. अतुल श्रीवास्तव, अधिष्ठाता उद्यानिकी संकाय डॉ. एस. के. पांडे,, वैज्ञानिकों, कर्मचारियों ने हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं प्रेषित की।

## उपमुख्यमंत्री से मेडिकल के चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी मिले



**जबलपुर।** म.प्र. लघु वेतन कर्मचारी संघ जिला स्वास्थ्य समिति अध्यक्ष रविन्द्र राय ने उपमुख्यमंत्री (चिकित्सा शिक्षा मंत्री) राजेन्द्र शुक्ला जी को नेताजी सुभाषचन्द्र बोस मेडिकल कॉलेज में प्रवास के दौरान 6 सूत्रीय मांगों का ज्ञापन दिया गया, जिसमें मुख्य मांगें हैं चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियो की पदोन्नति, कर्मचारियों के लिये नये आवासों का निर्माण, कंटी कर्मचारियों का नियमित पद में विलय करने 7 वें वेतनमान का 27 माह का एरियर्स चिकित्सालय की पुरानी ब्लडिंग की मरम्मत, चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियो की भर्ती के सम्बन्ध में क्षेत्रीय पार्षद जीतू कटारे के मार्गदर्शन में मंत्री जी से चर्चा की गई, मंत्री जी ने तत्काल अधिष्ठाता महोदया को निदेर्शित कर कर्मचारियो की समस्या के सम्बन्ध में प्रतिवेदन तैयार कर भेजने के निर्देश दिये। वीरेन्द्र तिवारी, अजय कुमार दुबे, प्रशांत श्रीवास्तव, आदि लोग मौजूद रहे।

## ब्लू प्रिंट के आधार पर प्रश्नपत्र तैयार कर कराएं परीक्षा की तैयारी : सीईओ

**सिहोरा।** परीक्षा का समय अत्यधिक नजदीक है कम समय में छात्र-छात्राओं को परीक्षा की अच्छी तैयारी कर कर उन्हें सफलता के मूल मंत्र को बताने के उद्देश्य से विकासखंड सिहोरा के पंडित विष्णु दत शासकीय उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सिहोरा में जिला पंचायत सीईओ जयति सिंह ने शासकीय प्राथमिक व माध्यमिक शालाओं कि शाला प्रभारीयों की एक आवश्यक बैठक में परीक्षा विषयक निर्देश देते हुए कहा कि जिसमें सीईओ जिला पंचायत जयति सिंह ने परीक्षा के अंतिम समय आगामी दिवसों में ब्लूप्रिंट के आधार पर विद्यार्थियों को अभ्यास पेपर हल कराने की बात कही शत प्रतिशत परीक्षा परिणाम लाने के लिए सभी से कड़ी मेहनत के साथ बच्चों को पढ़ाने के लिए कहा, सी ई ओ ने पर्यवेक्षण कार्य के बाद शाला पहुंचकर पढ़ाने की बात कही।छात्रों को अधिक से अधिक अभ्यास के अवसर उपलब्ध कराने एवं मानिटरिंगकर्ताओं को भी स्कूलों के सतत निरीक्षण कर शिक्षकों के किए जा रहे प्रयास ,पाठ्यक्रम की स्थिति, अतिरिक्त कक्षाओं का संचालन अभ्यास पेपर हल कराये जाने अच्छे से कापियां जांच कार्य कर निरीक्षण करने कहा गया।

**CHANGE OF DATE OF BIRTH**

I, ARMY NO 15817847N RANK-HAV NAME- SURINDER KUMAR S/O ISHWAR DASS of unit MCMM, JABALPUR (MP) I, have changed date of birth of my father, from 25/04/1965 (DATE OF BIRTH as per my army service record) to name 01/01/1962 (date of birth of father as per my fathers, AADHAR CARD vide affidavit dated 01/02/2024 (date of affidavit) formerly before Public Notary RAMDAS SHARMA MP HIGH COURT, JABALPUR (Name and place of Court).
CORRECT DATE OF BIRTH-01/01/1962
INCORRECT DATE OF BIRTH-25/04/1965

**CHANGE OF NAME**

I, ARMY NO 15819381P RANK-HAV NAME- DHEERAJ KUMAR TRIPATHI S/O RAMSUSHIL TRIPATHI of unit MCMM, JABALPUR (MP) I, have changed name of my FATHER, from RAMSUSHEEL TRIPATHI (name as per my army service record) to name RAMSUSHIL TRIPATHI (name as per my FATHER, AADHAR CARD vide affidavit dated 01/02/2024 (date of affidavit) formerly before Public Notary RAMDAS SHARMA MP HIGH COURT, JABALPUR (Name and place of Court).
CORRECT NAME-RAMSUSHIL TRIPATHI
INCORRECT NAME-RAMSUSHEEL TRIPATHI




**श्री पंचम लाल विश्वकर्मा-** गोरखपुर जायसवाल मोहल्ला निवासी श्री पंचम लाल विश्वकर्मा (88) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गुप्तेश्वर मोक्षधाम में संपन्न हुआ।

**श्री अशोक अग्रवाल-** दरहाई चौक कोतवाली निवासी श्री अशोक अग्रवाल (62) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्रीमती आशा शर्मा-** राजुल सिटी बिलहरी निवासी श्री शारदा प्रसाद शर्मा की धर्मपत्नी श्रीमती आशा शर्मा (55) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार ग्वारीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री पंचम लाल रजक-** साहू मोहल्ला प्रेमसागर निवासी श्री पंचम लाल रजक (72) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्री वीरेंद्र कुमार शर्मा-** सिविल लाइन निवासी श्री वीरेंद्र कुमार शर्मा (76) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार ग्वारीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री सुरेश शर्मा-** शक्ति नगर गुप्तेश्वर निवासी श्री सुरेश शर्मा (57) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गुप्तेश्वर मोक्षधाम में किया गया।

**श्री बीके भालचंद्र-** भीम नगर पोलीपाथर निवासी श्री बीके भालचंद्र (82) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार ग्वारीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री अनिल चौधरी-** बाबा टोला ठक्कर ग्राम निवासी श्री अनिल चौधरी (47) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्री छकोड़ी लाल कुशवाहा-** रामपुर निवासी श्री छकोड़ी लाल कुशवाहा (90) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार ग्वारीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री धनीराम बेन-** भानतलैया बकरा मार्केट के पास निवासी श्री धनीराम बेन (58) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्री विजय राना-** नरसिंह नगर रांझी निवासी श्री विजय राना (52) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार ग्वारीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री श्याम खरे-** सर्वोदय स्कूल के पीछे कांचघर रोड निवासी श्री अशरफी लाल खरे के पुत्र श्री श्याम खरे (40) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

हरिभूमि
निजी/शोक/उठावन, पगड़ी रस्म, पुण्यतिथि संबंधी संदेश प्रकाशित कराने के लिए
अन्य साइज 40/- प्रति स्क्वायर से.मी.

| | | | |
|---|---|---|---|
| फिक्स साइज:- | 8x4 से.मी. | ब्लैक&व्हाईट | 300/- |
| फिक्स साइज:- | 8x4 से.मी. | रंगीन | 400/- |
| फिक्स साइज | 10x8 से.मी. | रंगीन | 1000/- |

सम्पर्क करें विज्ञापन विभाग:-0761-4048310, 2757175

## हरिद्वार से आया शक्ति कलश

**सिहोरा।** सिहोरा माता भगवती देवी शर्मा एवं अखंड दीप जन्म शताब्दी वर्ष 2026 के लिये 17 अप्रैल तक उप यात्रा हेतु हरिद्वार से आया शक्ति कलश जायेगा प्रदेश की हर ग्राम पंचायत तक । गायत्री परिवार सिहोरा के अध्यक्ष एन के गर्ग,आशीष जैन तथा समस्त गायत्री परिवार ने सभी से कलश पूजन कर अपने जीवन को धन्य बनाने की अपील की है।

**CHANGE OF NAME AND DATE OF BIRTH**

I,ARMY NO 15817847N RANK HAV SURINDER KUMAR S/O ISHWAR DASS of unit MCMM is have changed my mothers name from HEEMA (Name of MOTHER as Per army service records) to HIMA (Proposed new name of mother as per Aadhar Card) and changed date of birth from 16/02/1971 of MOTHER as Per army service records to 01/01/1972 as per aadhar card)vide affidavit dated 01/02/2024 (date of affidavit) before Public Notary Ramdas Sharma Jabalpur Mp High Court (Name and place of Court)
CORRECT NAME-HIMA
INCORRECT NAME-HEEMA
CORRECT DATE OF BIRTH-01/01/1972
INCORRECT DATE OF BIRTH-16/02/1971

**CHANGE OF NAME AND DATE OF BIRTH**

I, ARMY NO 15819381P RANK HAV DHEERAJ KUMAR TRIPATHI S/O RAMSUSHIL TRIPATHI of unit MCMM is have changed my mothers name from SUSHILA TRIPATHI (Name of MOTHER as Per army service records) to SUSHEELA TRIPATHI (Proposed new name of mother as per Aadhar Card) and changed date of birth from 15/12/1975 of MOTHER as Per army service records to 01/01/1971 as per aadhar card) vide affidavit dated 01/02/2024 (date of affidavit) before Public Notary Ramdas Sharma Jabalpur Mp High Court (Name and place of Court)
CORRECT NAME-SUSHEELA TRIPATHI
INCORRECT NAME-SUSHILA TRIPATHI
CORRECT DATE OF BIRTH-01/01/1971
INCORRECT DATE OF BIRTH-15/12/1975

**आम सूचना**

मै विवेक अवस्थी पिता श्री उमेश अवस्थी, निवासी- ऑफिस-चेम्बर नं. 314 थर्ड फ्लोर राजुल कॉम्पलेक्स जिला जबलपुर शपथपूर्वक निम्नलिखित कथन करता हू:-1.यह कि, मै उपरोक्त पते पर मेरा रजिस्टर्ड ऑफिस है जिसका नाम मीडिया कान्टेन्ट प्रोडक्शन जबलपुर के नाम से ऑफिस है। 2. यह कि, कुछ असमाजिक तत्वों, द्वारा रजिस्टर्ड मीडिया प्रोडक्शन डाकूमेंट कन्टेन्ट फाइल जिसमें रजिस्टर्ड स्टोरी स्क्रप्ट लिरिक, टेली फिल्म रिटर्न वर्क आफिशियल डाकूमेंट गर्वनमेन्ट एकाउंट, फोटो, एनीमेशन, वीडियों, पेन ड्राइव सिम, सोशल मीडिया एकाउंट डिटेल, आदि डेटा की मीडिया चेम्बर के 3 आफिस से विभिन्न तरीकों से चोरी कराई गई। (उपरोक्त सभी डाक्यूमेंट नियमानुसार रजिस्टर्ड है) 3. यह कि, मुझ प्रार्थी द्वारा पुलिस अधिक्षक महोदय को 12/1/2024 को सूचना दे दी गई है। 4. यह कि, भविष्य में उपरोक्त तथ्यों की किसी भी व्यक्ति या संस्था के द्वारा उपयोग/दुरपयोग किया जाता है तो मै उत्तरदायी नहीं रहूगां। एवं कानूनी कार्यवाही करूगां। 5. यह कि, उपरोक्त आमसूचना का प्रकाशन आम जनता हेतु किया जा रहा है।
जबलपुर, दिनांक 01/02/2024
शपथकर्ता
विवेक अवस्थी पिता श्री उमेश अवस्थी
निवासी- चेम्बर नं. 314 थर्ड फ्लोर राजुल कॉम्पलेक्स जिला जबलपुर
मो. 8602321428

**न्यायालय तहसीलदार रांझी जबलपुर**
रा.प्र.क्रं/103/अ-6/2023-24
**आम इश्तहार**

आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक गुलाब झरी/ स्व. रघुवंश राजपूत नि.-2838 न्यू कंचनपुर अधारताल ने नजूल ब्लाक नं.- प्लाट नं. निर्मित रकवा/ रकवा-5220 व.फु./ अवि. हिस्सा- /ग्राम-भडपुरा प.ह.नं.- खसरा नं.-299/2/19/1/1/1 रकवा-5220 व.फु./ हे. विक्रय पत्र/ हक त्याग/ वसीयतनामा/ दानपत्र/ वारसान हक/ दिनांक- मृत्यु दिनांक-06/08/2010 को हो जाने के कारण वारसान हक/ क्रय उपरांत नाम दर्ज किये जाने का आवेदन पत्र- खसरा की छायाप्रति प्रस्तुत किया है।

प्रकरण में आवेदक द्वारा संलग्न नजूल संधारण खसरा/पटवारी/ डायवर्सन खसरा अनुसार नजूल ब्लाक नं.- प्लाट नं. - निर्मित रकवा/ रकवा-5220 व.फु./ अवि. हिस्सा- / ग्राम -भडपुरा प.ह.नं.- खसरा नं.-299/2/19/1/1/1 रकवा-5220 व.फु./ हे. बिन्नू बाई यादव/ स्व. रामनाथ यादव के नाम दर्ज है।

अत: किसी व्यक्ति विशेष या संस्था को आपत्ति हो तो अपनी लिखित आपत्ति स्वयं या अपने अभिभाषक के माध्यम से दिनांक 06/02/2024 को इस न्यायालय तहसील रांझी जबलपुर में प्रस्तुत कर सकता है। नियत दिनांक के पश्चात प्राप्त आपत्तिकर्ता की आपत्ति पर कोई सुनवाई नहीं की जावेगी।

इश्तहार आज दिनांक 18/01/2024 को मेरे हस्ताक्षर न्यायालय की मुद्रा से जारी किया गया।
जारी दिनांक-18/01/2024
पेशी दिनांक-06/02/2024
मुद्रा
तहसीलदार रांझी, जबलपुर

# मोदी सरकार के बजट ने 'विकसित भारत' की मजबूत नींव रखीः उद्योग विशेषज्ञ

## राजकोषीय घाटा 5.8 फीसदी का लक्ष्य हासिल कर लिया जाएगा, भारत 2047 तक एक विकसित राष्ट्र बन जाएगा

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण द्वारा गुरुवार को संसद में पेश 47.66 लाख करोड़ रुपए के अंतरिम बजट 2024-25 का विभिन्न क्षेत्रों के विशेषज्ञों ने स्वागत किया है। उनका कहना है कि इस बजट में 2047 तक भारत को 'विकसित भारत' बनाने की मजबूत नींव रखी गई है। यह 18वीं लोकसभा के लिए होने वाले आम चुनाव से पहले सरकार का आखिरी प्रमुख आर्थिक दस्तावेज है।


गोदरेज इंडस्ट्रीज के चेयरमैन और प्रबंध निदेशक (सीएमडी) नादिर गोदरेज ने कहा, अंतरिम बजट 2024-25 'विकसित भारत' के दृष्टिकोण के अनुरूप समृद्ध और समावेशी भारत के निर्माण के लिए एक मजबूत नींव रखता है। हम समाज के हर वर्ग, विशेषकर 'गरीब', 'महिलाएं', 'युवा' और 'अन्नदाता' के सशक्तिकरण की भावना को दोहराते हैं।

### सीआईआई

उद्योग मंडल सीआईआई के महानिदेशक चंद्रजीत बनर्जी ने कहा कि अंतरिम बजट भारत की विश्व स्तर पर प्रशंसित आर्थिक रणनीति को दर्शाता है। आज पेश अंतरिम बजट पूंजीगत व्यय आधारित वृद्धि को प्राथमिकता देने की भारत की आर्थिक रणनीति के अनुरूप है।

### सैमटेल एवियोनिक्स

रक्षा क्षेत्र की कंपनी सैमटेल एवियोनिक्स के सीईओ एवं प्रबंध निदेशक पुनीत कौरा ने कहा, 'रक्षा क्षेत्र के लिए अत्याधुनिक प्रौद्योगिकी को बढ़ावा देने के लिए जल्द ही एक नई योजना शुरू करने की वित्त मंत्री की घोषणा वास्तव में एक स्वागत योग्य निर्णय है... यह पहल आत्मनिर्भर भारत के दृष्टिकोण को साकार करने में सहायक होगी।'



### स्पाइसजेट




एयरलाइन स्पाइसजेट के सीएमडी और एसोचैम के अध्यक्ष अजय सिंह ने कहा, 'यह आत्मविश्वास से भरी सरकार का बजट है जो यह सुनिश्चित करना चाहती है कि भारत 2025 तक पांच लाख करोड़ डॉलर की अर्थव्यवस्था और 2047 तक एक विकसित राष्ट्र बन जाए।'

### पीएचएफ लीजिंग

पीएचएफ लीजिंग लिमिटेड के सीईओ शल्य गुप्ता ने कहा कि यह देखकर अच्छा लगा कि ईवी (इलेक्ट्रिक वाहन) क्षेत्र पर सरकार का जोर जारी है। भारत में ईवी वाहनों के विनिर्माण और चार्जिंग बुनियादी ढांचे पर ध्यान केंद्रित करने से ईवी क्षेत्र की वृद्धि के लिए सही माहौल तैयार होगा।

PHF LEASING LTD.
Housing And Business Loan

### फिक्की

भारतीय वाणिज्य एवं उद्योग महासंघ (फिक्की) के अध्यक्ष अनीश शाह ने कहा, 'अंतरिम बजट वर्तमान निवेश दर और राजकोषीय अनुशासन के बीच सावधानीपूर्वक संतुलन बनाए रखते हुए वृद्धि, जलवायु और सामाजिक सशक्तिकरण को एक साथ लाता है। समुद्री अर्थव्यवस्था पर ध्यान, ईवी तंत्र का विस्तार और मजबूती, घरेलू पर्यटन और मल्टी-मॉडल लॉजिस्टिक्स भारत को 2047 तक एक विकसित राष्ट्र के लक्ष्य की ओर प्रेरित करेगा।'

### वैल्युबल

उद्यम ऋण कोष 'वैल्युएबल' के संस्थापक और प्रबंधन साझेदार सिबा पांडा ने कहा कि यह संभावनाओं से भरा अंतरिम बजट है। पहली नजर में कर की दरों को स्थिर रखा गया है लेकिन प्रौद्योगिकी से चलने वाले युवाओं और स्टार्टअप अर्थव्यवस्था को मदद करने की पहल उल्लेखनीय है।

### क्यूसीआई

भारतीय गुणवत्ता परिषद (क्यूसीआई) के चेयरपर्सन जक्षय शाह ने कहा कि अंतरिम बजट 2024-25 में सरकार द्वारा 'लखपति दीदी योजना' का दायरा दो करोड़ से बढ़ाकर तीन करोड़ तक ले जाना सराहनीय है। इसके साथ ही मध्यम वर्ग के लोगों को घर बनाने में मदद करने के लिए विशेष योजना की घोषणा करोड़ों लोगों को राहत देने वाली है।

## खबर संक्षेप

### डाबर इंडिया के शुद्ध लाभ में 6.24 फीसदी का इजाफा

**नई दिल्ली।** दैनिक उपभोग के उत्पाद बनाने वाली कंपनी डाबर इंडिया लिमिटेड का चालू वित्त वर्ष की दिसंबर तिमाही में एकीकृत शुद्ध लाभ 6.24 प्रतिशत बढ़कर 506.44 करोड़ रुपये हो गया। डाबर इंडिया ने शेयर बाजार को यह सूचना दी। एक साल पहले की समान तिमाही में कंपनी ने 476.65 करोड़ रुपये का शुद्ध लाभ कमाया था।

### टोयोटा ने जनवरी में 24,609 गाड़ियां बेची




**नई दिल्ली।** टोयोटा किर्लोस्कर मोटर ने जनवरी में सालाना आधार पर 92 प्रतिशत अधिक 24,609 इकाइयां बेचने के साथ अपनी अभी तक की सर्वाधिक मासिक थोक बिक्री दर्ज की। कंपनी ने जनवरी 2023 में 12,835 गाड़ियां बेची थीं। टोयोटा ने घरेलू बाजार में 23,197 गाड़ियां बेचीं। कंपनी ने अर्बन क्रूजर हायरइडर की 1,412 इकाई का निर्यात भी किया।

### हुंडई की वाहन बिक्री जनवरी में 8.5 प्रतिशत की दर से बढ़ी

**नई दिल्ली।** हुंडई मोटर इंडिया की थोक वाहन बिक्री जनवरी में सालाना आधार पर 8.5 प्रतिशत वृद्धि के साथ 67,615 इकाई रही। कंपनी ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। हुंडई की घरेलू बिक्री सालाना आधार पर 14 प्रतिशत वृद्धि के साथ 57,115 इकाई रही, जो जनवरी, 2023 में 50,106 इकाई थी। जनवरी में 14 प्रतिशत घटकर 10,500 इकाई रह गया।

### महिंद्रा फाइनेंस का लाभ बढ़कर 553 करोड़ रुपए



**मुंबई।** गैर-बैंकिंग ऋणदाता महिंद्रा फाइनेंस का एकल आधार पर शुद्ध लाभ चालू वित्त वर्ष की तीसरी तिमाही (अक्टूबर-दिसंबर, 2023) में 12 प्रतिशत बढ़कर 553 करोड़ रुपये हो गया। कर्ज वितरण 25.5 प्रतिशत बढ़कर 97,048 करोड़ रुपये रहा। एकीकृत आधार पर कंपनी का शुद्ध लाभ समीक्षाधीन तिमाही में छह प्रतिशत घटकर 623 करोड़ रुपये रह गया।

### अशोक लेलैंड की बिक्री में सात फीसदी गिरावट

**मुंबई।** हिंदुजा समूह की प्रमुख कंपनी अशोक लेलैंड की कुल बिक्री जनवरी में सात प्रतिशत घटकर 15,939 इकाई रह गई। कंपनी ने जनवरी, 2023 में 17,200 इकाइयों की बिक्री की थी। कंपनी की कुल एमएचसीवी की बिक्री जनवरी में आठ प्रतिशत घटकर 14,899 इकाई रह गई, जो पिछले साल जनवरी में 16,198 इकाई थी।

## फेड के मार्च में ब्याज दर में कटौती न करने से बाजार धारणा रही कमजोर

# बजट के दिन शेयर बाजार में गिरावट बीएसई सेंसेक्स और निफ्टी फिसला

- बजट में किसी बड़ी घोषणा से परहेज के कारण बाजार में रही गिरावट
- सेंसेक्स 107 अंक और निफ्टी 28 अंक टूटा
- पूंजीगत उत्पाद, धातु और रियल्टी शेयरों में रही मुनाफावसूली

एजेंसी ▶▶ मुंबई

अगले वित्त वर्ष के लिए अंतरिम बजट की घोषणा के दिन बृहस्पतिवार को मिले-जुले संकेतों के बीच घरेलू शेयर बाजार पूंजीगत उत्पाद, धातु एवं रियल्टी शेयरों में मुनाफावसूली से गिरावट के साथ बंद हुए। शुरुआती बढ़त खोने के बाद घरेलू बाजार अंतरिम बजट पेश किए जाते समय उतार-चढ़ाव में रहा।

इस बजट में पूंजीगत व्यय के लिए आवंटन में बढ़ोतरी की गई है लेकिन किसी बड़ी घोषणा से परहेज किया गया है।

बीएसई का 30 शेयरों वाला सेंसेक्स 106.81 अंक गिरकर 71,645.30 अंक पर बंद हुआ। निफ्टी 28.25 अंक यानी 0.13 प्रतिशत गिरकर 21,697.45 अंक पर आ गया।

### फेड के संकेत से धारणा कमजोर

अमेरिकी फेडरल रिजर्व के मार्च में ब्याज दरों में कटौती नहीं करने के संकेत से भी घरेलू बाजार की धारणा कमजोर हुई। इसके अलावा बजट को लेकर भी बाजार की उम्मीदों को थोड़ा झटका लगा।

### कम ढांचागत व्यय से बाजार निराश हुआ

जियोजीत फाइनेंशियल सर्विसेज के शोध प्रमुख विनोद नायर से कहा, 'अंतरिम बजट में उम्मीद से कम ढांचागत व्यय से घरेलू बाजार थोड़ा निराश हुआ। हालांकि, राजकोषीय सूझबूझ के प्रति सरकार की प्रतिबद्धता, वित्त वर्ष 2024-25 के लिए 5.1 प्रतिशत के राजकोषीय घाटे को लक्षित करने से आर्थिक रेटिंग के नजरिये में सुधार की उम्मीद है।'

### इन शेयरों में रही घट-बढ़

सेंसेक्स की कंपनियों में लार्सन एंड टुब्रो, अल्ट्राटेक सीमेंट, जेएसडब्ल्यू स्टील, टाइटन, बजाज फाइनेंस, विप्रो, टेक महिंद्रा और नेस्ले में प्रमुख रूप से गिरावट रही। दूसरी तरफ मारुति सुजुकी, पावर ग्रिड, एक्सिस बैंक, भारतीय स्टेट बैंक, एनटीपीसी, एचडीएफसी बैंक, आईटीसी और इंडसइंड बैंक के शेयर लाभ में रहे।



### एशियाई बाजार में मिलाजुला रुख

इस बीच, एशिया के अन्य बाजारों में दक्षिण कोरिया का कॉस्पी और हांगकांग का हैंगसेंग बढ़त के साथ बंद हुए जबकि जापान का निक्की एवं चीन का शंघाई कम्पोजिट गिरावट में रहे। यूरोपीय बाजारों में मिला-जुला रुख था। अमेरिकी बाजारों में बुधवार को बड़ी गिरावट दर्ज की गई थी।

### बजट के दिन छह साल में दूसरी बार गिरा बाजार

बीएसई का 30 शेयरों वाला सूचकांक सेंसेक्स पिछले छह वर्षों में बजट पेश किए जाने के दिन चार बार सकारात्मक रुख के साथ बंद हुआ है लेकिन इस बार इसमें गिरावट दर्ज की गई। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने बृहस्पतिवार को वित्त वर्ष 2024-25 के लिए अंतरिम बजट पेश किया।

### 1 फरवरी 2020 के बजट में गिरा था बाजार

हालांकि सेंसेक्स 2023, 2022, 2021 और 2019 में बजट पेश किए जाने के दिन सकारात्मक रुख के साथ ही बंद हुआ था। इससे पहले बजट के दिन सेंसेक्स में गिरावट एक फरवरी, 2020 को आई थी जब सूचकांक 987.96 अंक यानी 2.42 प्रतिशत की गिर गया था। पिछले साल के बजट से इस बार के बजट के बीच सूचकांक में 20 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई है।

### 2021 के बजट में बाजार पांच फीसदी उछला था

वर्ष 2023 में बजट के दिन सूचकांक 158.18 अंक यानी 0.26 प्रतिशत की बढ़त के साथ 59,708.08 अंक पर बंद हुआ था। यह 2022 में 848.4 अंक यानी 1.46 प्रतिशत बढ़ा था, जबकि 2021 में बजट घोषणाओं के बाद इसने 2,314.84 अंक यानी पांच प्रतिशत की छलांग लगाई थी।

## सरकार का विनिवेश से 50 हजार करोड़ जुटाने का लक्ष्य



एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

सरकार ने वित्त वर्ष 2024-25 के लिए पेश किए गए अंतरिम बजट में 50,000 करोड़ रुपये का विनिवेश लक्ष्य रखा है। इसके साथ ही संशोधित अनुमानों के मुताबिक, चालू वित्त वर्ष में विनिवेश से 30,000 करोड़ रुपये मिलने की उम्मीद है। पिछले साल का बजट पेश करते के समय 2023-24 में विनिवेश से 51,000 करोड़ रुपये जुटाने का लक्ष्य रखा गया था।

- चालू वित्त वर्ष में 30 हजार करोड़ मिलने की उम्मीद

लोकसभा में पेश किए गए अंतरिम बजट 2024-25 के अनुसार सरकार को चालू वित्त वर्ष (2023-24) में सार्वजनिक संपत्तियों के मौद्रीकरण से कोई राशि मिलने की उम्मीद नहीं है। वित्त वर्ष 2023-24 के बजट अनुमानों के मुताबिक इस मद में 10,000 करोड़ रुपये हासिल करने की योजना थी। चालू वित्त वर्ष में अभी तक सरकार ने कोल इंडिया, एनएचपीसी, आरवीएनएल और आईआरईडीए सहित सात सरकारी उपक्रमों में अल्पांश हिस्सेदारी बेचकर 12,504 करोड़ रुपये जुटाए हैं।

### सरकार विनिवेश लक्ष्य से चूकती रही

सरकार को मार्च, 2024 तक विनिवेश से कुल 30,000 करोड़ रुपये जुटाने की उम्मीद है। सरकार ऐतिहासिक रूप से वित्त वर्ष 2018-19 और 2017-18 को छोड़कर बजट में तय विनिवेश लक्ष्यों से चूकती रही है।

## 2000 रुपए के 97.5 फीसदी नोट वापस आए

एजेंसी ▶▶ मुंबई

भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने बृहस्पतिवार को कहा कि 2,000 रुपये के लगभग 97.5 प्रतिशत नोट बैंकिंग प्रणाली में वापस आ गए हैं। केंद्रीय बैंक ने कहा कि सिर्फ 8,897 करोड़ रुपये मूल्य के नोट अब भी जनता के पास हैं। आरबीआई ने 19 मई, 2023 को 2,000 रुपये मूल्यवर्ग के बैंक नोटों को चलन से वापस लेने की घोषणा की थी। केंद्रीय बैंक ने बयान में कहा, 19 मई, 2023 को जब 2,000 रुपये के बैंक नोटों को वापस लेने की घोषणा की गई थी, उस दिन कारोबार की समाप्ति पर ऐसे कुल 3.56 लाख करोड़ रुपये मूल्य के नोट चलन में थे, जबकि 31 जनवरी, 2024 को

- 8,897 करोड़ के नोट जनता के पास: आरबीआई
- आरबीआई ने 19 मई 2023 में चलन से किए थे बाहर




### 19 आरबीआई कार्यालयों में बदल सकते हैं

लोग देशभर के 19 आरबीआई कार्यालयों में 2,000 रुपये के बैंक नोट जमा कर सकते हैं या बदल सकते हैं। लोग भारत में अपने बैंक खातों में जमा करने के लिए किसी भी डाकघर से आरबीआई के किसी भी कार्यालय को इंडिया पोस्ट के माध्यम से 2,000 रुपये के बैंक नोट भेज सकते हैं।

कारोबार की समाप्ति पर यह राशि घटकर 8,897 करोड़ रुपये रह गई। इस प्रकार 19 मई, 2023 तक चलन में रहे 2,000 रुपये के कुल बैंक नोट का 97.5 प्रतिशत हिस्सा वापस आ गया है।आरबीआई ने कहा, ''2,000 रुपये के बैंक नोट वैध मुद्रा बने रहेंगे।''

## सरकार ने खुले बाजार में अब तक 71 लाख टन गेहूं बेचा



**नई दिल्ली।** सरकार ने कहा कि कीमतों को काबू में रखने के लिए उसने खुले बाजार में नीलामी के जरिये अब तक 71.01 लाख टन गेहूं और 1.62 लाख टन चावल की बिक्री की है। एक आधिकारिक बयान के मुताबिक, 'खुले बाजार में गेहूं और चावल की उपलब्धता बढ़ाने और इनकी कीमतों को काबू में रखने के लिए सरकार 28 जून, 2023 से साप्ताहिक ई-नीलामी के जरिये गेहूं और चावल बेच रही है।' केंद्र सरकार ने खुला बाजार बिक्री योजना (ओएमएसएस) के तहत बिक्री के लिए कुल 101.5 लाख टन गेहूं और 25 लाख टन चावल आवंटित किया है। अच्छी और औसत गुणवत्ता (एफएक्यू) वाले गेहूं को 2,150 रुपये प्रति क्विंटल और कम अच्छे गेहूं (यूआरएस) को 2,125 रुपये प्रति क्विंटल के आरक्षित मूल्य पर नीलामी के लिए रखा जा रहा है। चावल का आरक्षित मूल्य 2900 रुपये प्रति क्विंटल रखा गया है। ओएमएसएस के तहत 24 जनवरी तक कुल 71.01 लाख टन गेहूं बेचा जा चुका है।

## अंत्योदय अन्य योजना के लिए चीनी पर सब्सिडी दो साल बढ़ी

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

केंद्रीय मंत्रिमंडल ने बृहस्पतिवार को 'अंत्योदय अन्न योजना' (एएवाई) में शामिल 1.89 करोड़ परिवारों को राशन दुकानों के जरिये बांटी जाने वाली चीनी पर सब्सिडी को दो साल के लिए बढ़ा दिया है।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में हुई केंद्रीय मंत्रिमंडल की बैठक में सार्वजनिक वितरण योजना (पीडीएस) के माध्यम से वितरित की जाने वाली चीनी पर सब्सिडी की योजना को 31 मार्च, 2026 तक बढ़ाने के प्रस्ताव को मंजूरी दी गई। बयान के मुताबिक, सब्सिडी योजना के तहत केंद्र सरकार राज्यों के एएवाई परिवारों को चीनी पर प्रति माह 18.50 रुपये प्रति किलोग्राम की सब्सिडी देती है।

- केंद्रीय मंत्रिमंडल की बैठक में लिया गया निर्णय
- 1.89 करोड़ परिवारों को राशन दुकानों से बांटी जाती है चीनी

### भारत आटा व दाल की बिक्री भी जारी

केंद्र सरकार पहले से ही प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना (पीएम-जीकेएवाई) के तहत मुफ्त राशन दे रही है। इसके अलावा सस्ती दरों और उचित कीमतों पर 'भारत आटा', 'भारत दाल', टमाटर और प्याज की बिक्री भी की जा रही है। अबतक लगभग तीन लाख टन भारत दाल (चना दाल) और लगभग 2.4 लाख टन भारत आटा बेचा जा चुका है।

## अदाणी पोर्ट्स के शुद्ध लाभ में 65 फीसदी की वृद्धि...



**नई दिल्ली।** अदाणी पोर्ट्स एंड स्पेशल इकनॉमिक जोन (एपीएसईजेड) का चालू वित्त वर्ष की तीसरी तिमाही (अक्टूबर-दिसंबर, 2023) के लिए एकीकृत शुद्ध लाभ 65.22 प्रतिशत की वृद्धि के साथ 2,208.21 करोड़ रुपये रहा है। कंपनी ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। देश की सबसे बड़ी एकीकृत लॉजिस्टिक्स कंपनी का बीते वित्त वर्ष की समान तिमाही में एकीकृत शुद्ध लाभ 1,336.51 करोड़ रुपये रहा था। एपीएसईजेड ने शेयर बाजार को दी सूचना में कहा कि आलोच्य तिमाही में उसकी कुल आमदनी बढ़कर 7,426.95 करोड़ रुपये रही, जो बीते वित्त वर्ष की समान तिमाही में 5,051.17 करोड़ रुपये थी। कंपनी का कुल खर्च समीक्षाधीन तिमाही में बढ़कर 4,588.10 करोड़ रुपये रहा, जो बीते वित्त वर्ष की समान तिमाही में 3,507.18 करोड़ रुपये था।

## ब्लूमबर्ग के डाटा के अनुसार डॉलर के मुकाबले रुपया 0.23 फीसदी बढ़ा

# देखते रह गए चीन-जापान, आगे निकल गया भारत का रुपया

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

जनवरी में जहां एशिया की अन्य करेंसी में गिरावट देखने को मिली। वहीं, भारतीय रुपया ऊपर की ओर बढ़ा। ब्लूमबर्ग के डाटा के अनुसार, डॉलर इंडेक्स की 1.27 फीसदी की बढ़त के मुकाबले रुपया 0.23 फीसदी बढ़ा।

- जनवरी में एशिया की अन्य करेंसी में गिरावट देखने को मिली

ऐसा विदेश निवेश आने के कारण हुआ। जनवरी में रुपए की शुरुआत 83.18 के स्तर से हुई थी जो 29 जनवरी को 83.12 के स्तर पर पहुंच गया। इस बीच 15 जनवरी को डॉलर के मुकाबले रुपया मजबूत होकर 82.89 तक पहुंच गया।

### मॉर्गन इंडेक्स में बांड्स के शामिल होने का असर

फिनरेक्स ट्रेजरी एडवाइजर एलएलपी के एग्जिक्यूटिव डायरेक्टर व हेड ऑफ ट्रेजरी अनिल कुमार भंसाली ने कहा है कि रुपया जून तक 82.70 से 83.40 के दायरे में रहेगा। उन्होंने कहा कि जेपी मॉर्गन इंडेक्स में बांड्स के शामिल होने के बाद यह 82.50 तक जा सकता है। रुपए का यह स्तर डॉलर के मुकाबले में दर्शाया जाता है। डॉलर के मुकाबले जब रुपया मजबूत होता है तो उसकी वैल्यू पीछे की ओर आती है। इसलिए रुपया 82.50 पर 82.70 के मुकाबले ज्यादा मजबूत होगा।



### एशियन करेंसी में गिरावट क्यों?

मार्च में अमेरिकी केंद्रीय बैंक फेडरल रिजर्व द्वारा ब्याज दर कम करने की संभावना बहुत मामूली हैं। इससे डॉलर इंडेक्स को समर्थन मिला है और वह बढ़ा है। डॉलर इंडेक्स बढ़ने से उसके मुकाबले एशियाई करेंसी नीचे आई हैं। चीनी युआन की वैल्यु 7.10 से घटकर 7.19 पर आ गई है। यही हाल इंडोनेशिया रुपिया और साउथ कोरियाई वॉन का हुआ है।

एक रिपोर्ट के अनुसार, इस बढ़त के पीछे सरकारी बांड का जेपी मॉर्गन इंडेक्स में शामिल किया जाना भी एक बड़ा कारण है। इतना ही नहीं ब्लूमबर्ग इंडेक्स सर्विसेज ने भी इंडियन बांडस को इमर्जिंग मार्केट लोकल करेंसी इंडेक्स में शामिल करने का प्रस्ताव रखा था।

### फंड्स में निवेश बढ़ा

विदेशी निवेशक जहां इक्विटी से पैसा निकाल रहे हैं तो वहीं बांड में लगातार अपना निवेश बढ़ा रहे हैं।

जनवरी में विदेशी निवेशक बांड्स में शुद्ध रूप से 17491 करोड़ रुपए का निवेश कर चुके हैं। मौजूदा सरकार के वापस सत्ता में आने के अनुमान से भी सरकारी बांड्स को समर्थन मिल रहा है।

## सोने में 100 रुपए की मजबूती चांदी 600 रुपए लुढ़की

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

वैश्विक बाजारों में बहुमूल्य धातुओं की कीमतों में तेजी के बीच राष्ट्रीय राजधानी के सर्राफा बाजार में बृहस्पतिवार को सोने का भाव 100 रुपये की बढ़त के साथ 63,450 रुपये प्रति 10 ग्राम हो गया। एचडीएफसी सिक्योरिटीज ने यह जानकारी दी। पिछले कारोबारी सत्र में सोना 63,350 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ था। हालांकि, चांदी की कीमत 600 रुपये लुढ़ककर 76,100 रुपये प्रति किलोग्राम रह गयी। पिछले कारोबारी सत्र में यह 76,700 रुपये प्रति किलोग्राम पर बंद हुआ था। एचडीएफसी सिक्योरिटीज ने कहा, 'दिल्ली के बाजारों में सोने की हाजिर कीमतें (24 कैरेट) 63,450 रुपये प्रति 10 ग्राम पर कारोबार कर रही हैं, जो पिछले बंद के मुकाबले 100 रुपये अधिक है।' अंतराष्ट्रीय बाजारों में, सोना लाभ के साथ 2,044 डॉलर प्रति औंस पर कारोबार कर रहा था, जो पिछले बंद भाव से चार डॉलर अधिक है।



- सोना बढ़त के साथ 63,450 रुपए प्रति 10 ग्राम

चिंतन

# समावेशी विकास को गति देने वाला बजट

अंतरिम बजट के चलते पहले से ही जैसी उम्मीद थी, वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने किसी भी प्रकार के लोकलुभावन ऐलानों से परहेज किया। आयकर स्लैब को यथावत रखा गया है। कॉरपोरेट टैक्स में राहत दी गई है, पेंडिंग टैक्स 25 हजार व 10 हजार तक माफ किया गया है। अमृतकाल के इस दूसरे बजट में समावेशी विकास, सबके विश्वास और विकसित भारत विजन की अंतर्दृष्टि प्रस्तुत की गई है। इस बजट में अर्थव्यवस्था को दीर्घकालीन मजबूती देने का रोडमैप है। सड़क, रेल, एयरपोर्ट, सोलर व इलेक्ट्रिक एनर्जी, शोध व अनुसंधान, रक्षा तकनीक, ब्लू इकोनॉमी व डिजिटेक आदि भविष्य की अर्थव्यवस्था को विस्तार देने की योजना पेश की गई है। यह बजट ग्रोथ ओरिएटेंड है, इसमें मैक्रो व माइक्रो दोनों प्रबंधन हैं। वित्त मंत्री ने सरकार के फोकस वर्ग ज्ञान (गरीब, युवा, अन्नदाता व नारीशक्ति) पर अंतरिम बजट को केंद्रित किया है। इस बजट में मध्यम वर्ग का खास ध्यान रखा गया है। मध्यम वर्ग के लिए पहली बार अलग से आवास योजना शुरू करने की बात कही गई है। 2 करोड़ नए घर प्रधानमंत्री योजना के तहत बनाए जाएंगे। आशा वर्कर्स व आंगनबाड़ी में कार्यरत महिलाओं को आयुष्मान भारत योजना के दायरे में लाया गया है। सूर्योदय योजना के तहत एक करोड़ घरों में 300 यूनिट सोलर बिजली मुफ्त दी जाएगी। इससे बिजली आपूर्ति क्षेत्र में क्रांति आएगी। लखपति दीदी योजना के तहत 3 करोड़ लखपति दीदी बनाई जाएंगी। ब्लू इकोनॉमी 2.0 के तहत नई योजना शुरू की जाएगी। ज्ञान, आशा व आंगनबाड़ी वर्कर्स व मध्यवर्ग को लक्षित करने का मतलब एक बड़े वोटबैंक को साधना है। मोदी सरकार जबसे सत्ता में आई है, क्लास इंजीनियरिंग को लाभ देकर नया जनाधार तैयार किया है। इस बजट में भी क्लास वोटबैंक को लुभाने की बारीकी छिपी हुई है। अंतरिम बजट में गरीबी रेखा से बाहर आए नियो मिडिल कलास की आर्थिक समृद्धि बनाए रखने के लिए कई योजनाओं को रोलआउट किया गया है। दुनिया के विभिन्न हिस्सों में युद्ध और संघर्षों के कारण वैश्विक स्थिति अधिक जटिल और चुनौतीपूर्ण है, ऐसे भारत के सामने अपनी ग्रोथ को बरकरार रखने की महती चुनौती है। बजट में इस चुनौती से पार पाने की कोशिश है। 40,000 बोगियों को वंदे भारत स्टैंडर्ड में बदला जाएगा, 3 नए रेल कॉरिडोर बनेंगे। उड़ान स्कीम के तहत नए एयरपोर्ट बनेंगे, मौजूदा एयरपोर्ट का विस्तार होगा। इंफ्रास्ट्रक्चर बजट 11.1 फीसदी बढ़ाकर 11.11 लाख करोड़ रुपये किया गया है। रक्षा बजट के लिए सबसे ज्यादा 6.2 लाख करोड़ का आवंटन किया गया है, जो पिछले साल से 3.4 फीसदी ज्यादा है। मत्स्य संपदा योजना को बढ़ावा दिया जाएगा, इससे 55 लाख नए रोजगार मिलेंगे। टेक-सेवी यूथ के लिए एक लाख करोड़ रुपये का कोष बनाया जाएगा, 50 साल तक ब्याज नहीं लगेगा। वित्त मंत्री ने भविष्य की वैकल्पिक ऊर्जा को ध्यान में रखते हुए इलेक्ट्रिक, सोलर व ग्रीन हाइड्रोजन क्षेत्र को बढ़ावा देने का संकल्प दोहराया है। इलेक्ट्रिक वाहन को बढ़ावा देने के लिए 6,585 चार्जिंग स्टेशन बनाए जाएंगे। 2070 तक जीरो कार्बन एमिशन का लक्ष्य हासिल करना है। बजट में एफडीआई और जीडीपी को नए सिरे से परिभाषित किया गया है। एफडीआई यानी फर्स्ट डेवलपमेंट ऑफ इंडिया व जीडीपी यानी गवर्नेंस डेवलपमेंट एंड परफॉर्मेंस। भारत आत्मनिर्भर व विकसित अर्थव्यवस्था बनने के लिए संकल्पित है, इसलिए कृषि से लेकर उद्योग तक, कामगार से लेकर सेवा क्षेत्र तक सभी क्षेत्र के विकास पर ध्यान देना जरूरी है। सरकार बजट दर बजट यह प्रयास कर रही है, इस अंतरिम बजट में भी इसकी झलक है। राजकोषीय संतुलन का ध्यान रखा है। लक्षद्वीप सहित देश के पर्यटन स्थलों का विकास होगा। राज्यों के विकास को गति देने के लिए 50 वर्षीय दीर्घकालीन सस्ते ऋण देने के लिए 75 हजार करोड़ रुपये का कोष बनाया गया है। अमृतकाल के लिए सरकार ने ऐसी आर्थिक नीतियों को अपनाया है, जो टिकाऊ विकास, सभी के लिए अवसरों, क्षमता विकास पर केंद्रित है। सरकार रिफॉर्म, परफॉर्म और ट्रांसफॉर्म के साथ आर्थिक सुधारों को आगे बढ़ा रही है।

# राहत के लिए पिक्चर अभी बाकी है



अंतरिम बजट
आलोक पुराणिक

अंतरिम बजट 2024-25 के पूरे बजट भाषण में वित्तमंत्री की ये 2 पंक्तियां सबसे महत्वपूर्ण हैं, जिनका आशय यह है कि आयकरदाताओं के कर दायित्व में कोई बदलाव नहीं है, वो जितना कर पहले दे रहे थे, वो ही कर उन्हें अब भी देना होगा। राहत अब भी उम्मीद है जो शायद 2024-2025 के पूरे बजट में पूरी हो भी सकती है, नहीं भी हो सकती है। पूरे बजट के लिए लोकसभा चुनावों के बाद की सरकार का इंतजार करना होगा। जिस आत्मविश्वास से बजट में आने वाले कई सालों की बात गई है, उसे देखकर लगता है कि केंद्रीय वित्तमंत्री निर्मला सीतारमण आश्वस्त हैं कि अगली कई सरकारें उन्हीं के गठबंधन की होंगी।

निर्मला सीतारमण अंतरिम बजट 2024-25 के भाषण में अपनी सरकार की करीब 10 साल की उपलब्धियां गिनवाईं और कोई नया बड़ा प्रस्ताव पेश नहीं किया। यूं अगर वह चाहती तो थोड़ी बहुत राहत कर आदि के मामले में खासकर मध्य वर्गीय करदाताओं को दे सकती थीं। पूरे बजट भाषण में वित्तमंत्री की ये 2 पंक्तियां सबसे महत्वपूर्ण हैं, जिनका आशय यह है कि आयकरदाताओं के कर दायित्व में कोई बदलाव नहीं है, वो जितना कर पहले दे रहे थे, वो ही कर उन्हें अब भी देना होगा। राहत की अब भी उम्मीद है जो शायद 2024-2025 के पूर्ण बजट में पूरी हो भी सकती है, नहीं भी हो सकती है। पूरे बजट के लिए लोकसभा चुनावों के बाद की सरकार का इंतजार करना होगा। जिस आत्मविश्वास से बजट में आने वाले कई सालों की बात गई है, उसे देखकर लगता है कि केंद्रीय वित्तमंत्री निर्मला सीतारमण आश्वस्त हैं कि अगली कई सरकारें उन्हीं के गठबंधन की होंगी। आत्मविश्वास तो भविष्य पर निर्भर है।

कुल मिलाकर कर आयकर आदि को लेकर हालात जस के तस हैं, पर सरकार के तेवर चुनावी हैं और अंतरिम बजट के मौके का बखूबी इस्तेमाल किया सरकार ने अपनी उपलब्धियां गिनाने के लिए। यह भी कहा जा सकता है कि सरकार ने आयकरदाताओं की जेब से और कर नहीं खींचा है, तो इसे सकारात्मक ही मानना चाहिए। सरकार अगर आपसे कुछ नया नहीं ले रही है, तो समझिये कि आपको दे ही रही है। यह एक दृष्टिकोण है स्थितियों को समझने का।

अंतरिम बजट के मुताबिक 23-24 में राजकोषीय घाटा सकल घरेलू उत्पाद का 5.8 प्रतिशत रहेगा। 24-25 में यह राजकोषीय घाटा 5.1 प्रतिशत रहने के अनुमान हैं। 25-26 में यह राजकोषीय घाटा 4.5 प्रतिशत रहने के अनुमान है। लक्ष्य चुनौतीपूर्ण है, पर आकर्षक है।

भारत और मालदीव के बीच हाल में एक विवाद खड़ा हो गया था। मालदीव सरकार के कुछ महत्वपूर्ण लोगों ने प्रधानमंत्री मोदी के लक्षद्वीप दौरे पर आपत्ति जताई। अब अंतरिम बजट में पर्यटन विकास की बात कही गई हैं। पर्यटन अपने आप में महत्वपूर्ण क्षेत्र है, उस पर जल्द से जल्द काम होना चाहिए, पर यह सिर्फ केंद्र सरकार की इच्छा का मसला नहीं है। राज्य सरकारों का सहयोग भी इसमें जरूरी है। लक्षद्वीप का विकास होगा।

प्रति व्यक्ति आय करीब 9 सालों में दोगुनी होकर 1 लाख 97 हजार रुपये हो गई है। नौ सालों में अर्थव्यवस्था विश्व में दसवें नंबर से उठकर पांचवें नम्बर पर आ गई स्वच्छ भारत मिशन के तहत 11.7 करोड़ शौचालय निर्मित हुए। उज्ज्वला योजना में करीब 9.6 करोड़ गैस कनेक्शन दिए गए। 47.8 करोड़ पीएम जनधन बैंक खाते खोले गए। 11 करोड़ 40 लाख किसानों को 2.2 लाख करोड़ रुपये का ट्रांसफर हुआ पीएम किसान सम्मान निधि में। ये कुछ उपलब्धियां गिनवाई हैं।

यानी अंतरिम बजट 2024-25 के जो मुख्य बिंदु बताए गए हैं, वो दरअसल चुनाव बिंदु हैं और चुनाव के बाद असल में बजट के असली प्रावधान पेश किए जाएंगे। इस तरह से अंतरिम बजट को हद से हद एक घोषणापत्र ही कहा जा सकता है, घोषणा बाद में बदल



सकती है। पर एक महत्वपूर्ण घोषणा यह है कि पूंजीगत व्यय में उल्लेखनीय बढ़ोतरी की जाएगी, इसे 11.1 प्रतिशत बढ़ाकर 11,11,111 करोड़ रुपये किया गया है, जो जीडीपी का 3.4 प्रतिशत है, यह निश्चय ही बहुत बड़ी बढ़ोत्तरी है। पूंजीगत व्यय से आशय ऐसे व्यय से है, जिसमें पुल, सड़क आदि बनते हैं, अर्थव्यवस्था में कंस्ट्रक्शन होता है, तो अर्थव्यवस्था में चौतरफा सकारात्मक असर होता है, इसलिए कंस्ट्रक्शन चाहे जैसे हो, अर्थव्यवस्था के लिए महत्वपूर्ण और सकारात्मक ही माना जाना चाहिए।

बजट की राजनीति होती है। बिना राजनीति के बजट हो नहीं सकता। पीएम मोदी ने बजट पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा कि यह बजट विकसित भारत के 4 स्तंभ-युवा, गरीब, महिला और किसान, को सशक्त करेगा। बिहार के जाति सर्वेक्षण के बाद जाति की राजनीति पर नये सिरे से चर्चा शुरु हो गई थी। इसके जवाब में प्रधानमंत्री का आशय है कि जातियां चार हैं-युवा, गरीब, महिला और किसान, इन्हे ताकत दी जाए तो समाज सशक्त होता है। बजट में सरकार का दावा रहा कि महंगाई नरम स्तर पर रही है। रिजर्व बैंक आफ इंडिया के मुताबिक चार प्रतिशत की महंगाई दर से ऊपर या नीचे, दो प्रतिशत बिंदुओं की हेरफेर तो सहनीय है। दिसंबर 2023 में रिटेल महंगाई दर 5.69 प्रतिशत रही है। यानी रिजर्व बैंक की तय की गई उच्चतम सीमा छह प्रतिशत के करीब महंगाई है। इसे नरम महंगाई नहीं माना जा सकता, पर यह महंगाई नियंत्रण सिर्फ रिजर्व बैंक के बस की बात नहीं है। इसके लिए कृषि सुधार जरूरी हैं। आलू, प्याज, टमाटर की महंगाई के वजह से समग्र महंगाई का गणित बिगड़ जाता है। खाद्य महंगाई नियंत्रण जरूरी है।


40,000 सामान्य रेल डिब्बों को 'वंदे भारत' मानकों के अनुरूप बदला जाएगा, यह बहुत बड़ा कदम है। रेलवे में बदलाव आ रहा है। धीमे-धीमे रेलवे आधुनिकीकरण की तरफ बढ़ रही है, पर रेलों के लेट होने की समस्या अब भी बनी हुई है। इसमें सुधार दिखाई नहीं पड़ता। अंतरिम बजट ने सरकार की पीठ थपथपायी यह बताकर कि देश में हवाई अड्डों की संख्या दोगुनी हो गई है और यह 149 पर पहुंच गई है। 517 नए हवाई मार्ग 1.3 करोड़ यात्रियों को उनके गंतव्य पर पहुंचा रहे हैं। देश की विमानन कंपनियों ने 1000 से ज्यादा नए विमानों के आर्डर दिए हैं। देश का नागरिक विमानन पक्के तौर पर एक नई कहानी लिख रहा है, पर इस नई कहानी के मुताबिक महानगरों के हवाई अड्डों के इन्फ्रास्ट्रक्चर अभी भी पिछड़ रहा है। इस पर काम किए जाने की जरूरत है। निर्माण ठीक है, पर गुणवत्ता वाला निर्माण जरूरी है। दिल्ली के हवाई अड्डों पर कई बार ऐसी अराजकता के हाल दिखते हैं, जैसे कई बस अड्डों पर देखे जा सकते हैं।

टैक्स रिटर्न प्रोसेस करने की औसत समय-सीमा 2013-14 में 93 दिन थी यह घटकर दस दिन रह गई। तकनीक के मामले में इस सरकार का रिपोर्ट कार्ड जोरदार रहा है। बजट में राजनीति साफ दिखती है, जब बजट श्वेतपत्र लाने की बात करता इस सवाल पर कि हम 2014 में कहां थे और 2024 में हम कहां हैं। अंतरिम बजट बताता है कि वर्ष 2014 में अर्थव्यवस्था में सुधार और प्रशासन प्रणाली को पटरी पर लाने की जिम्मेदारी थी। तब समय की जरूरत थी-निवेश आकर्षित करना, बहुप्रतीक्षित सुधारों के लिए समर्थन जुटाना, लोगों में उम्मीद जगाना। अब यह देखने का उचित समय है कि 2014 तक हम कहां थे और अब कहां हैं। सरकार इस संबंध में सदन के पटल पर श्वेत पत्र रखेगी जो मोटे तौर पर कांग्रेस की यूपीए सरकार बनाम भाजपा की एनडीए सरकार के बीच का तुलनापत्र होगा। तो कुल मिलाकर अभी पिक्चर बाकी है, बजट बाकी है, लोकसभा चुनावों के बाद ही असली और फाइनल बजट आएगा वित्त वर्ष 2024-25 के लिए। उसमें उम्मीदें पूरी हों।

(लेखक वरिष्ठ आर्थिक पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया edit@haribhoomi.com पर दे सकते हैं।

## रिलेशनशिप इन बातों से हो सकती है स्ट्रांग




संकलित
दर्शन

किसी संबंध का आरंभ आकर्षण से होता है। यदि आप आसानी से उसे प्राप्त कर लेते हैं, तो आकर्षण समाप्त हो जाता है। किंतु यदि प्राप्ति में बाधा उत्पन्न होती है तो उसके प्रति प्रेम का जन्म होता है। जब आप प्रेम का अनुभव करते हैं तो कुछ समय के पश्चात मांग उठती है। जब आप मांगना शुरू करते हैं, तो प्रेम घट जाता है। मांग प्रेम को नष्ट कर देती है। आनंद दूर हो जाता है, तो आप कहते हैं, 'ओह, मैंने यह संबंध बनाकर भूल की है।' फिर उससे बाहर निकलने के लिए संघर्ष और पीड़ा से गुजरना पड़ता है। इससे बाहर निकलने के बाद आप एक अन्य संबंध बनाते हैं, और वही कहानी दोहराई जाती है। किसी भी संबंध को बनाए रखने में तीन बातें आवश्यक हैं : समुचित धारणा, समुचित अवलोकन और समुचित अभिव्यक्ति। अक्सर लोग कहते हैं कि कोई भी उन्हें नहीं समझता है। कोई भी मुझे नहीं समझता है, ऐसा कहने के बजाय आप कह सकते हैं कि मैं स्वयं को ठीक से व्यक्त नहीं कर पाता हूं। यदि आप एक स्पेनिश व्यक्ति से रूसी भाषा बोलते हैं, तो वह निश्चित रूप से नहीं समझेगा। सही धारणा तब हो सकती है, जब आप स्वयं को दूसरे व्यक्ति के दृष्टिकोण से देखते हैं। सही धारणा, फिर सही अवलोकन। आपकी धारणा समुचित हो सकती है, लेकिन आप प्रतिक्रिया किस प्रकार देते हैं? आप अपने भीतर कैसा अनुभव करते हैं? अपने स्वयं के मन का निरीक्षण करना दूसरा महत्वपूर्ण पहलू है।

*-श्री श्री रविशंकर*

## छोटे प्रयासों से बहुत कुछ मिल जाएगा



संकलित
प्रेरणा

एक आदमी समुद्रतट पर चल रहा था। उसने देखा कि कुछ दूरी पर एक युवक ने रेत पर झुककर कुछ उठाया और आहिस्ता से उसे पानी में फेंक दिया। उसके नज़दीक पहुँचने पर आदमी ने उससे पूछा और भाई, क्या कर रहे हो? युवक ने जवाब दिया, मैं इन मछलियों को समुद्र में फेंक रहा हूँ। लेकिन इन्हें पानी में फेंकने की क्या ज़रूरत है? आदमी बोला। युवक ने कहा, ज्वार का पानी उतर रहा है और सूरज की गर्मी बढ़ रही है।अगर मैं इन्हें वापस पानी में नहीं फेंकूंगा तो ये मर जाएँगी। आदमी ने देखा कि समुद्रतट पर दूर-दूर तक मछलियाँ बिखरी पड़ी थीं। वह बोला, इस मीलों लंबे समुद्रतट पर न जाने कितनी मछलियाँ पड़ी हुई हैं। इसतरह कुछेक को पानी में वापस डाल देने से तुम्हें क्या मिल जाएगा? इससे क्या फर्क पड़ जाएगा? युवक ने शान्ति से आदमी की बात सुनी, फ़िर उसने रेत पर झुककर एक और मछली उठाई और उसे आहिस्ता से पानी में फेंककर वह बोला, आपको इससे कुछ मिले न मिले, मुझे इससे कुछ मिले न मिले, दुनिया को इससे कुछ मिले न मिले। लेकिन इस मछली को सब कुछ मिल जाएगा। यह केवल सोच का ही फर्क है। सकारात्मक सोच वाले व्यक्ति को लगता है कि उसके छोटे छोटे प्रयासों से किसी को बहुत कुछ मिल जाएगा लेकिन नकारात्मक सोच के व्यक्ति को यही लगेगा कि, यह समय की बर्बादी है?

अंतरिम बजट
आर.के. सिन्हा



# दशकों बाद बजट में रक्षा क्षेत्र के साथ हुआ न्याय

भारत ने एक बार फिर से शत्रुओं को साफ संकेत और सख़्त संदेश दे दिया कि वह अपनी सरहदों की निगाहबानी करने में कभी भी पीछे नहीं रहेगा। भारत अपने रक्षा क्षेत्र को निरंतर मजबूत करता रहेगा। केन्द्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने गुरुवार को लोकसभा चुनाव से पहले मोदी सरकार के अंतरिम बजट को देश के सामने पेश किया। उन्होंने बजट प्रस्तावों में रक्षा क्षेत्र के लिए पिछले वित्त साल की तुलना में 11.1 फीसद अधिक धन की व्यवस्था की। यह राशि देश के जीडीपी के कुल 3.4 फीसद होगी।यह एक स्पष्ट और सख़्त संदेश है कि चीन और पाकिस्तान जैसे दो घोषित शत्रुओं के साथ भारत कभी भी अपनी सीमाओं की रखवाली करने में कमजोर रहने वाला नहीं है। रक्षा क्षेत्र को लेकर सबसे अच्छी बात यह हो रही है कि भारत रक्षा उत्पादन में आत्म निर्भर बनने का संकल्प ले चुका है। नरेन्द्र मोदी के केन्द्र सरकार पर 2014 में सत्तासीन होने के बाद सरकार की कोशिश रही है कि हम अपनी रक्षा जरूरतों का उत्पादन खुद करें। भारत सरकार की 'आत्मनिर्भर भारत' पहल के अनुरूप और रक्षा क्षेत्र में आत्मनिर्भरता को बढ़ावा देने के लिए,सरकार ने पिछले कुछ वर्षों में कई नीतिगत पहल की हैं और सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यमों (एमएसएमई) और स्टार्ट-अप सहित भारतीय उद्योग द्वारा रक्षा उपकरणों के स्वदेशी डिजाइन, विकास और निर्माण को प्रोत्साहित करने के लिए सुधार लाए हैं, जिससे आत्मनिर्भरता को बढ़ावा मिला है। एक सुखद बात यह भी है कि टाटा, लार्सन एड टुब्रो, महिन्द्रा और जिंदल जैसे मशहूर उद्योग समूह रक्षा उत्पादन में निवेश कर रहे हैं। टाटा समूह रक्षा उत्पादन के क्षेत्र में लंबी छलांग लगाने की तैयार कर चुका है। टाटा मोटर्स, टाटा पावर और टाटा एडवांस्ड मैटीरियल्स रक्षा उत्पादन के काम में खासतौर पर बहुत एक्टिव हैं। भारत के सालाना लगभग दो लाख करोड़ के रक्षा बाजार में कब्जा करने में टाटा समूह एक बड़े प्लेयर के रूप में ऊभर रहा है। भारत को अपने दुश्मनों से पूरी तरह से सुरक्षित रखने के लिए देश को इस क्षेत्र में हर हालत में एक स्तर तक तो आत्म निर्भर होना ही होगा। इस लिहाज से देश के निजी क्षेत्र पर बहुत बड़ी जिम्मेदारी आ जाती है। दरअसल स्टॉकहोम इंटरनेशनल ने अपनी एक हालिया रिपोर्ट में बताया है कि भारत दुनिया का सबसे बड़ा हथियार आयातक देश है। रिपोर्ट के अनुसार, साल 2013-17 और 2018-22 के बीच भारत की हथियार खरीद में 11 प्रतिशत की कमी आई है, इसके बावजूद भारत हथियारों का सबसे बड़ा खरीदार देश बना हुआ है। बीते पांच सालों में दुनिया में जितने हथियार खरीदे गए, उनमें से 11 प्रतिशत अकेले भारत ने खरीदे। सऊदी अरब (9.6 फीसदी) खरीद के साथ दूसरे स्थान पर है। वहीं इनके बाद कतर (6.4%), ऑस्ट्रेलिया (4.7%) और चीन (4.7%) का नंबर आता है। भारत दुनिया का सबसे बड़ा हथियारों का निर्यातक इसलिए बना क्योंकि वह चीन और पाकिस्तान जैसे देशों का पड़ोसी है। चीन और पाकिस्तान भारत को किसी ना किसी तरह से क्षति पहुंचाने की फिराक में रहते हैं। इसलिए भारत के पास अपने रक्षा बजट को लगातार बढ़ाने के अलावा कोई चारा नहीं बचता। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने इस सोच के चलते ही अपने अंतरिम बजट में रक्षा क्षेत्र को दिल खोल धन दिया। भारत की तरफ से पूरे विश्व को यह संदेश जाते रहना चाहिए कि हम रक्षा क्षेत्र को मजबूत करते हुए अपने अन्य क्षेत्रों की भी अनदेखी नहीं करेंगे। यह भी गौरतलब है कि भारत रक्षा निर्यात के क्षेत्र में एक बड़ी ताकत बनने जा रहा है। ताजा आंकड़ों के मुताबिक पिछले नौ साल में देश में रक्षा निर्यात में 23 गुणा की बढ़ोतरी हुई है। फिलहाल 100 से अधिक कंपनियों के जरिए देश में रक्षा क्षेत्र से जुड़ा सामान का उत्पादन हो रहा है। इन्हें 'मेक इन इंडिया' और 'आत्मनिर्भर भारत' के तहत बनाया जा रहा है।

# विकास के पक्के इरादों का बजट



विश्लेषण
डॉ. जयंतीलाल भंडारी
वरिष्ठ अर्थशास्त्री

यकीनन वित्तमंत्री निर्मला सीतारमण के द्वारा पेश किया गया वर्ष 2024-25 का अंतरिम बजट आम आदमी की खुशहाली और देश के तेजी से विकास के दावों, वादों, इरादों और वित्तीय अनुशासन का आदर्श गुलदस्ता है। इस बजट में गरीबों, किसानों, महिलाओं, युवाओं, ग्रामीण विकास और बुनियादी ढांचा क्षेत्र के लिए जो अहम घोषणाएं की गई हैं, उनसे विकास और आर्थिक कल्याण का नया अध्याय लिखा जा सकेगा। साथ ही यह अंतरिम बजट विकास का ऐसा रोडमैप भी है, जिससे 2047 तक दुनिया का विकसित देश बनने की डगर पर आगे बढ़ता दिखाई दे सकेगा।

यदि हम वित्तमंत्री सीतारमण के द्वारा अंतरिम बजट में प्रस्तुत किए गए वर्ष 2023-24 के आय-व्यय से संशोधित अनुमान की स्थिति देखें तो पाते हैं कि उधार को छोड़कर कुल प्राप्तियों का संशोधित अनुमान 27.56 लाख करोड़ रुपये है, जिसमें से कर प्राप्ति 23.24 लाख करोड़ रुपये है। कुल व्यय का संशोधित अनुमान 44.90 लाख करोड़ रुपये है। 30.03 लाख करोड़ की राजस्व प्राप्ति बजट अनुमान से अधिक रहने की उम्मीद है, जो अर्थव्यवस्था में मजबूत विकास दर और इसके औपचारीकरण को दर्शाता है। इसी तरह वर्ष 2024-25 के बजट के तहत उधारी से इतर कुल प्राप्तियां और कुल व्यय क्रमशः 30.80 लाख करोड़ और 47.66 लाख करोड़ रुपये रहने का अनुमान है। कर प्राप्तियां 26.02 लाख करोड़ रुपए रहने का अनुमान है।

निःसंदेह देश की आजादी के बाद से अब तक जितने अंतरिम बजट आए हैं, उन सभी बजटों में वित्तीय अनुशासन के मद्देनजर वित्तमंत्री सीतारमण का यह बजट चमकता दिखाई दे रहा है। खासतौर वर्ष 2000 के बाद प्रस्तुत हुए तीन अंतरिम बजटों में लोक लुभावन घोषणाएं की गई थी और कर उपायों की अनदेखी की गई थी। साथ ही पिछले लोकसभा चुनाव के पहले कार्यवाहक वित्तमंत्री पीयूष गोयल के वर्ष 2019-2020 के अंतरिम बजट में किसान सम्मान निधि व आयकर राहत देने जैसे जरूरी प्रावधान शामिल किए थे, लेकिन लोकसभा चुनाव 2024 के पूर्व प्रस्तुत किए गए इस अंतरिम बजट में वित्तमंत्री सीतारमण ने वैसी छोटी-बड़ी लोक लुभावन योजनाओं और रियायतों के कोई तोहफे नहीं दिए हैं। निःसंदेह अंतरिम बजट 2024-25 की तस्वीर में यह स्पष्ट दिखाई दे रहा है कि वित्तमंत्री निर्मला सीतारमण ने गरीबों, किसानों, महिलाओं, युवाओं, ग्रामीण विकास बुनियादी ढांचा विकास के



सशक्तिकरण और प्रगति के अध्याय को आगे बढ़ाया है। कहा गया है कि कोविड संबंधी चुनौतियों के बावजूद पीएम-आवास योजना (ग्रामीण) के तहत तीन करोड़ मकानों का लक्ष्य जल्द ही हासिल किया जाएगा। अगले पांच वर्षों में 2 करोड़ अतिरिक्त मकानों का लक्ष्य लिया जाएगा। आयुष्मान भारत योजना के तहत सेवा सुरक्षा में सभी आशा कार्यकर्ताओं, आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं और सहायिकाओं को भी शामिल किया जाएगा। लॉजिस्टिक्स कुशलता को बेहतर करने और लागत घटाने के लिए पीएम गतिशक्ति के तहत तीन प्रमुख आर्थिक गलियारा कार्यक्रमों की पहचान की गई है। ऊर्जा, खनिज एवं सीमेंट गलियारा पत्तरन संपर्कता गलियारा, अधिक यातायात वाला गलियारा, 40,000 सामान्य रेल डिब्बों को 'वंदे भारत' मानकों के अनुरूप बदला जाएगा। इस समय जब दुनिया में भारत पर्यटकों के नए आकर्षक देश के रूप में आगे बढ़ा रहा है तब अंतरिम बजट पर्यटन को बड़े प्रोत्साहन देते हुए दिखाई दे रहा है। देश के पर्यटन केन्द्रों को वहां उपलब्ध सुविधाओं और सेवाओं की गुणवत्ता के आधार पर रेटिंग देने के लिए एक फ्रेमवर्क बनाया जाएगा। इस प्रकार की गतिविधियों का वित्त पोषण करने के लिए राज्यों को मैचिंग के आधार पर ब्याज मुक्त दीर्घावधि ऋण दिया जाएगा। 'विकसित भारत' के लिए राज्यों में सुधार के तहत राज्य सरकारों द्वारा विभिन्न' पड़ावों से जुड़े सुधार के लिए 50 वर्ष के ब्याज मुक्त ऋण के रूप में 75,000 करोड़ रुपये के प्रावधान का प्रस्तावित है। ब्लू इकोनॉमी 2.0 के लिए नई जलवायु गतिशील योजना आरंभ की जाएगी डेयरी किसानों की सहायता के लिए व्यापक कार्यक्रम की रूपरेखा बनाई जाएगी। नए मेडिकल कॉलेजों के विभिन्न विभागों में वर्तमान अस्पतालों की बुनियादी सुविधाओं को उपयोग में लाया जाएगा। मौजूदा अस्पतालों की बुनियादी सुविधाओं का निरीक्षण करने और मेडिकल कॉलेज खोलने के बारे में सिफारिश के लिए समिति का गठन किया जाएगा। सरकार माताओं और बच्चों के स्वास्थ्य की देखभाल के लिए विभिन्न योजनाओं में तालमेल स्थापित करेगी। डिजिटल इंडिया पहल को और मजबूती देने के लिए नया यू-विन प्लेटफॉर्म शुरू होगी सर्वाइकल कैंसर की रोकथाम के लिए 9 से 14 वर्ष की आयु की बालिकाओं के लिए टीकाकरण कार्यक्रम चलाया जाएगा। बेहतर पोषण उपलब्ध कराकर प्रारंभिक बाल्यलवस्था् देखरेख एवं विकास के लिए 'सक्षम आंगनवाड़ी एवं पोषण 2.0' के अंतर्गत आंगनवाड़ी केन्द्रों के उन्नयन में तेजी लाई जाएगी, लेकिन ऐसे विभिन्न जरूरतमंद वर्ग जो तत्काल रियायतों की अपेक्षा कर रहे थे, उन्हें अवश्य निराशा हुई है। इनमें वेतनभोगी वर्ग के लाखों छोटे आयकरदाता और मध्यम वर्ग के लोग भी हैं। इन्हें चालू वित्त वर्ष 2023-24 के बजट में टैक्स संबंधी कोई उपयुक्त राहत नहीं मिली थी।

इसके बावजूद वित्तमंत्री सीतारमण के द्वारा प्रस्तुत वित्त वर्ष 2024-25 का अंतरिम बजट स्वागत योग्य है। चूंकि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी लगातार वित्तीय अनुशासन की दृढ़ता दिखा रहे है। ऐसे में केंद्र को अपने घाटे को चालू वर्ष 2023-25 में जीडीपी के 5.9 फीसदी के लक्ष्य से भी कम 5.8 फीसदी पर सीमित रखना एक बड़ी उपलब्धि है साथ ही वर्ष 2024-25 का लक्ष्य 5.1 फीसदी और 2025-26 में 4.5 फीसदी तक लाने का लक्ष्य भी सराहनीय है। ऐसे में हम उम्मीद करें कि यह अंतरिम बजट आने वाले महीनों में मजबूत आर्थिक सुधार और तेज विकास का आधार बन सकता है। साथ ही 2024 आम चुनाव के बाद पेश किया जाने वाला वर्ष 2024-25 का पूर्ण बजट विकास की नई बुनियाद बन सकेगा।

(ये लेखक के अपने विचार हैं।)

ट्रेंड

### आयुष्मान योजना का लाभ



मोदी जी ने आयुष्मान भारत योजना से अभी तक 30 करोड़ से अधिक लोगों को 5 लाख रुपये तक का मुफ्त इलाज देने का काम किया है। आज बजट में आयुष्मान योजना से आशा व आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं को जोड़ने का फैसला लिया गया।

-अमित शाह, गृह मंत्री

### म्यांमार में बढ़ता संकट



सेना द्वारा लोकतांत्रिक रूप से चुनी गई सरकार को पलटने के तीन साल बाद भी म्यांमार में संकट लगातार बिगड़ता जा रहा है। मैं म्यांमार के लोगों और एक समावेशी, शांतिपूर्ण और न्यायपूर्ण समाज की उनकी इच्छा के साथ एकजुटता से खड़ा हूं।

-एंटोनियो गुतरेस, यूएन महासचिव

### सोरेन को कर रहे प्रताड़ित



झारखंड मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को केंद्र की तानाशाह सरकार प्रताड़ित कर रही है। भाजपा के यह घिनौने हथकंडे के लिए परेशान तो कर सकते हैं पर हाशियों पर रहने वाले समूहों के संकल्प को पराजित नहीं कर सकते।

-लालू प्रसाद यादव, आरजेडी प्रमुख

### बजट पर नाटक करते हैं



कई वर्षों से, मैं कहता रहा हूं कि हम बजट के इर्द-गिर्द बहुत अधिक नाटक रचते हैं और नीतिगत घोषणाओं की अपेक्षाओं को अवास्तविक रूप से उग्र स्तर तक बढ़ा देते हैं। बजट आवश्यक रूप से परिवर्तनकारी नीतिगत घोषणाओं का अवसर नहीं है।

-आनंद महिंद्रा, उद्योगपति

हमारा पता
हरिभूमि कार्यालय
66/1 इंडस्ट्रियल एरिया, रिछाई, जबलपुर (मप्र)
पिन कोड-482002
ई-मेल : edit@haribhoomi.com
वेब-साइट : www.haribhoomi.com

एडवाइस / शिखर चंद जैन


कुछ बच्चे एग्जाम के दिनों में बहुत ज्यादा स्ट्रेस में आ जाते हैं। वे एग्जाम प्रिपरेशन को लेकर घबराए रहते हैं। अगर तुम्हारे साथ भी ऐसा है तो हम तुम्हें एग्जाम की प्रिपरेशन के लिए कुछ टिप्स दे रहे हैं। इन्हें अमल में लाकर तुम जब प्रिपरेशन करोगे, तुम्हें कोई स्ट्रेस नहीं होगा, तुम बहुत आसानी से अपने एग्जाम की प्रिपरेशन कर सकोगे।



# जब ऐसे करोगे प्रिपरेशन नहीं रहेगी एग्जाम की टेंशन

बच्चों, एनुअल एग्जाम शुरू होने वाले हैं। शायद तुम्हें घबराहट हो रही होगी। लेकिन जब तुम कुछ बातों को ध्यान में रखोगे, डिसिप्लिन के साथ अपना डेली रूटीन अपनाओगे तो तुम्हें कोई टेंशन नहीं होगी। जानो, एग्जाम की सही ढंग से प्रिपरेशन कैसे हो?

**रोज का बनाओ टाइम टेबल:** बच्चों, आज का काम कल पर टालना और तैयारी का सारा बोझ अंतिम समय पर डालना, ये दोनों बहुत बड़ी




गलतियां हैं। ऐसा कभी मत करो। अभी से रोज सुबह, दोपहर और शाम का टाइम टेबल बनाकर अपने सभी विषयों की पढ़ाई करो। जिस विषय में तुम कमजोर हो, उसे ज्यादा समय दो। इसी तरह जिनमें ठीक-ठाक तैयारी हो, उन्हें थोड़ा-सा कम समय देने से भी काम चलेगा। रोज पढ़ाई करने से फायदा यह होगा कि तुम्हें अपना सिलेबस बोझ नहीं लगेगा। तुम्हारे पास जब पर्याप्त समय रहेगा तो तुम सभी विषयों की तैयारी अच्छी कर सकोगे।

**सभी पाठ्य सामग्री साथ रखकर पढ़ाई करो:** हड़बड़ी में हमेशा गड़बड़ी होती है। इसलिए तुम्हें पूरी तरह व्यवस्थित, शांत और संयत रहना चाहिए। अपने पढ़ने की एक जगह फिक्स कर लो। जब भी पढ़ने बैठो, विषय से संबंधित सारी किताबें, कॉपियां, पेन, पेंसिल, रेफरेंस बुक्स आदि साथ में लेकर बैठो ताकि तुम्हें बार-बार उठना ना पड़े। बार-बार बीच में किताबें या कॉपियां ढूंढ़ने से पढ़ाई का तारतम्य और एकाग्रता टूटती है। साथ ही समय नष्ट होता है। ऐसे में कई बार पढ़ने का मन भी नहीं करता है।

**लिखकर याद करो:** कई बार किसी टॉपिक को पढ़ने के बाद हमें यही लगता है कि वो हमें याद हो गया, लेकिन वास्तव में ऐसा होता नहीं है। सिर्फ पढ़ लेने से विषय को लंबे समय तक याद रखना संभव नहीं है। बेहतर यही होगा कि जो तुम पढ़ते हो, उसे एक-दो दिन बाद अपनी कॉपी में लिखने की आदत डालो। इससे तीन फायदे हैं। पहला फायदा, सब्जेक्ट का रिवीजन हो जाएगा। दूसरा फायदा, तुम्हारे अलग नोट्स तैयार हो



जाएंगे, जो किताबी भाषा से अलग होंगे। तीसरा फायदा, पढ़ते समय तुम सब्जेक्ट को रटने की बजाय समझने की कोशिश करो, क्योंकि तुम्हें एग्जाम में लिखना होगा।

**स्टिकी नोट्स की भी हेल्प लो:** कुछ ऐसे सब्जेक्ट और इनसे जुड़ी बातें ऐसी होती हैं, जिन्हें बच्चे बार-बार भूल जाते हैं। जैसे किसी के लिए इतिहास में लिखे महत्वपूर्ण साल और तारीखें याद करना मुश्किल हो जाता है, तो किसी के लिए भूगोल में भौगोलिक स्थानों की ऊंचाई वगैरह, जबकि कुछ विद्यार्थियों के लिए मैथ के फार्मूले याद करना मुश्किल होता है। ऐसे में स्टिकी नोट्स बनाकर अपनी स्टडी टेबल की सामने वाली दीवार या बेडरूम के साइड की दीवार पर एक जगह चिपका दो। दिन में कई बार इन पर नजर पड़ेगी, तो तुम्हें इन्हें याद रखने में आसानी रहेगी।

**पेपर सॉल्व करने की प्रैक्टिस करो:** कई बच्चे ऐसे होते हैं, जिन्हें पूरे क्वेश्चन पेपर के उत्तर मालूम होते हैं, लेकिन एग्जाम हॉल में उत्तर लिखते समय कुछ सवालों पर ज्यादा समय दे देते हैं। इससे कुछ प्रश्नों के उत्तर आते हुए भी छूट जाते हैं। ऐसे में एग्जाम हॉल में टाइम मैनेजमेंट के लिए घर पर ही पूरी तैयारी करो। अपने सामने घड़ी रखकर पिछले साल के पेपर सॉल्व करो। इससे तुम्हारी प्रैक्टिस हो जाएगी और लिखने की गति को समय के साथ मिलान करने की आदत भी पड़ जाएगी। *



### कॉमिक स्ट्रिप भी एक अच्छा ऑप्शन

अगर तुम क्रिएटिव नेचर के हो, अकसर अपनी पेंसिल से ड्रॉइंग वगैरह करते रहते हो, तो अपनी इस कला का इस्तेमाल एग्जाम की तैयारी में कर सकते हो। तुमने दिनभर में जो-जो पढ़ा है, शाम को उसकी मुख्य बातों को कॉमिक स्ट्रिप की तरह बनाओ। इससे रिवीजन होने के साथ-साथ तुम्हें मुख्य बिंदु याद रहेंगे। इनका इस्तेमाल तुम एग्जाम हॉल में जाने से पूर्व अंतिम समय में उत्तर याद करने के लिए कर सकते हो। *

क्या तुम जानते हो / नयनतारा

# सर्दी में भी हरा-भरा क्यों रहता है देवदार का पेड़

बच्चों, तुमने पाइन यानी देवदार का पेड़ देखा होगा। यह पेड़ गर्मी के दिनों में ही नहीं, सर्दी के मौसम में भी हरा-भरा रहता है। सर्दी में जहां दूसरे पेड़ों की पत्तियां पीली होकर गिर जाती हैं, वहीं देवदार के पेड़ की पत्तियां हरी-भरी ही रहती हैं। ऐसा क्यों होता है, तुम जानना चाहोगे। बच्चों, यह जानने के लिए पहले तुम्हें पेड़ों में पत्तियों की भूमिका को समझना होगा। पेड़ों पर पत्तों के अनेक काम होते हैं। इनमें से पहला काम है, पेड़ों के लिए भोजन बनाना। पत्ते हवा से कार्बन डाइऑक्साइड गैस लेते हैं, जबकि मिट्टी से पानी और खनिज। पत्तों की क्लोरोफिल सूरज से ऊर्जा लेती है, फिर कार्बन डाइऑक्साइड और पानी को शुगर में बदल देती है। पत्तों में जो शुगर बनती है, वह पेड़ का बुनियादी फूड होती है।

बच्चों, पत्ते तो बहुत अधिक पानी लेते हैं। लेकिन पानी का बहुत छोटा हिस्सा ही फूड बनाने के काम में आता है। पत्तों की सतह पर जो लाखों छोटे-छोटे छिद्र होते हैं, उनमें से अधिकतर पानी भाप बनकर उड़ जाता है। जाड़ों में पेड़ों को जमीन से मिलने वाली वाटर सप्लाई बहुत कम हो जाती है। इसलिए इस सीजन में अधिकांश पेड़ अपने पत्ते गिराकर खुद को



'लॉक अप' कर लेते हैं ताकि पत्तों के जरिए वह अपना पानी ना खोएं।

बच्चों, कुछ पेड़ों में अलग प्रकार की पत्तियां होती हैं। इनमें देवदार भी शामिल है। इसकी पतली और सुई जैसी पत्तियां होती हैं, जिन पर मोटी मोम जैसी परत होती है। इसलिए देवदार के पेड़ पर पत्तियां अनेक वर्षों तक लगी रहती हैं। जब इसकी पत्तियां गिरती हैं तो कुछ समय में ही नई पत्तियां निकल आती हैं। इस तरह देवदार पेड़ की शाखें कभी भी बिना पत्तों के नहीं होती हैं। *

### बूझो तो जानें



1
सर्दी में वह तन को भाए,
खूब मजे से हमें सुलाए।
र और जाई से मिलकर बनती
बोलो वो क्या कहलाए।।

2
हल्की सर्दी में तन को भाए,
यात्रा में भी काम यह आए।
लो और ई में छिपा है राज,
जल्दी बताओ बच्चों मेरा नाम।।

3
आधी बांह का, पूरी का भी,
तन पर पहनें सब सर्दी में।
बच्चे हों, जवान या बूढ़े,
मिलता यह अनेक रंगों में।।

4
सब कपड़ों के ऊपर पहनें,
सर्दी के मौसम में आता काम।
वकील मुझे हर ऋतु में पहनें,
बोलो क्या है मेरा नाम।।



-राकेश चक्र

उत्तर: 1-रजाई, 2-शॉल, 3-स्वेटर, 4-कोट

### जीके क्विज-90

1. हाल में किस फिल्म एक्ट्रेस को पद्म विभूषण सम्मान दिए जाने की घोषणा की गई?
2. एक घंटे में पृथ्वी कितने देशांतर घूमती है?
3. भारत का सबसे लंबे हाईवे का क्या नंबर है?
4. सबसे बड़ा अंडा किस पक्षी का होता है?
5. दुनिया का सबसे बड़ा फल कौन सा है?
6. वर्ल्ड हिप्पो-डे कब मनाया जाता है?
7. विश्व का सबसे बड़ा महासागर कौन-सा है?
8. हाल में किसने नौवीं बार बिहार के मुख्यमंत्री पद की शपथ ली?
9. भारत का प्रथम नागरिक कौन होता है?
10. टी-20 अंतरराष्ट्रीय मैच में सर्वाधिक शतक लगाने का रिकॉर्ड किसके नाम है?



बच्चों, जीके क्विज-90 का उत्तर बालभूमि के अगले अंक में प्रकाशित किया जाएगा। सही जवाब देने वाले बच्चों के नाम भी प्रकाशित किए जाएंगे। तुम अपने जवाब हमें balbhoomihb@gmail.com पर मेल कर सकते हो।

**जीके क्विज-89 का उत्तर :** 1-फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रॉ, 2-बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री कर्पूरी ठाकुर, 3-इरविन एंफीथिएटर (अब मेजर ध्यानचंद स्टेडियम), 4-दो वर्ष 11 माह 18 दिन, 5-सन् 1999, 6-परमवीर चक्र, 7-23 जनवरी, 8-चंडीगढ़, 9-पंजाब, 10-केरल

**जीके क्विज-89 का सही उत्तर देने वाले :** शिवम-रायपुर, चेतन-बालोद, गौरव-रोहतक, सुरेश-बिलासपुर, कविता-भोपाल, मंजू-दिल्ली, नरेंद्र-रायपुर

### हंसगुल्ले

**टीचर-** रोहित, बताओ आई डोंट नो का क्या मतलब होता है?
**रोहित-** मैडम, मैं नहीं जानता।
**टीचर-**बिल्कुल सही जवाब।
रोहित मन ही मन बहुत खुश हुआ। **-मुकेश, भोपाल**

**गोलू-** दर्दनाक का क्या मतलब होता है?
**गप्पा-** जिसके नाक में दर्द हो, वह दर्दनाक होता है।
**-अभिषेक, रायपुर**

**सोनू-** पापा, मुझे कंप्यूटर सीखना है।
**पापा-** चलो, पहले माउस पकड़ना सीखो।
**सोनू-** लेकिन माउस तो बिल्ली पकड़ती है!
**-खुशी, महेंद्रगढ़**




कहानी

संतोष उत्सुक

आभास को लगता था कि देवी मां से प्रार्थना करने से उसे परीक्षा में अच्छे अंक मिल जाएंगे। एक रात उसे देवी मां ने सपने में दर्शन दिए और बताया कि वास्तव में असली पूजा और प्रार्थना क्या है? जीवन में सफलता सिर्फ पूजा करके नहीं पाई जा सकती। देवी मां ने यह भी बताया सफलता कैसे पाई जा सकती है?

# असली पूजा



आभास अपनी दादी मां के साथ नियमित मंदिर जाया करता है। मंदिर उसके घर के पास ही है। आभास सुबह-सुबह नहा लेता है। दादी मां के साथ मंदिर जाता है। इसके बाद वह स्कूल जाता है।

एक दिन आभास ने दादी मां से पूछा, 'हम मंदिर क्यों जाते हैं?'

'बेटा, मंदिर जाकर हम पूजा और प्रार्थना करते हैं कि देवी मां आप हमारे पढ़ाई, स्वस्थ रहने के प्रयासों में सफलता का आशीर्वाद दें।' दादी ने बताया। आभास को अब यही लगने लगा कि मंदिर जाकर पूजा-प्रार्थना करने से देवी मां उससे प्रसन्न होकर सफलता का आशीर्वाद देंगी, उसे परीक्षा में ज्यादा अंक मिलेंगे। आभास की मम्मी एक स्कूल में अध्यापिका थीं। वह उसे अकसर ही समझातीं, 'बेटा, मंदिर जाकर देवी मां से प्रार्थना करना अच्छी बात है, लेकिन इसके साथ-साथ मन लगाकर पढ़ाई करना भी जरूरी है।'

आभास मम्मी की बात सुनकर थोड़ा दुविधा में रहता। परीक्षा से कुछ दिन पहले आभास अपनी दादी मां, मम्मी-पापा और छोटी बहन अनुभूति के साथ देवी मां की पूजा करने मंदिर गया।

मंदिर परिसर में बहुत लंबी लाइन लगी हुई है। उसने देखा उसके सहपाठी भी अपने मम्मी-पापा के साथ आए हुए हैं। अपना नंबर आने पर देवी मां की प्रतिमा के सामने आकर उसने हाथ जोड़कर, आंखें बंद कर, पूरे मन से प्रार्थना की, 'देवी मां, आप अपना आशीर्वाद दें कि परीक्षा में मुझे अच्छे अंक मिलें।'

रात को आभास की मम्मी ने स्वादिष्ट पकवान बनाए। सभी ने साथ बैठकर खाया। सोते समय आभास के दिमाग में कहीं यह बात थी कि वह बचपन से अपनी दादी के साथ देवी मां के मंदिर जा रहा है। जरूर वह उससे प्रसन्न होकर परीक्षा में ज्यादा अंक प्राप्त करने का आशीर्वाद देंगी।

यह क्या! रात में उसके सामने मुस्कुराती देवी मां प्रकट हुईं और बोलीं, 'बेटा, तुम बचपन से मंदिर में आकर मेरी पूजा करते रहे हो। उससे मैं बहुत प्रसन्न हूं। तुम्हें पढ़ाई में सफलता और हमेशा स्वस्थ रहने का आशीर्वाद देती हूं। लेकिन इन दोनों के लिए तुम्हें स्वयं भी कोशिश करनी होगी। जीवन में मेहनत बहुत जरूरी है, क्योंकि तुम्हारा निरंतर मेहनत करना ही मेरी असली पूजा है। तुम एक विद्यार्थी हो, मेहनत और लगन से पढ़ना ही तुम्हारा पहला कर्तव्य है। तुम्हें रोज सुबह जल्दी उठना चाहिए। मन लगाकर खूब पढ़ना चाहिए, साथ में व्यायाम भी करना चाहिए। मैं तुम्हारी मेहनत और लगन को अपनी पूजा के रूप में स्वीकार करूंगी और हमेशा सफलता का आशीर्वाद देती रहूंगी।'

सुबह जब एकाएक आभास की आंखें खुलीं तो समझ में आ गया कि सपने में देवी मां ने उसे दर्शन दिए हैं। उसने अपना सपना दादी मां और मम्मी को बताया। दादी मां भी बोलीं, 'बेटा, भगवान उसकी सहायता करते हैं, जो अपनी सहायता आप करते हैं। देवी मां ने तुम्हें मेहनत करने की प्रेरणा और आशीर्वाद दिया है, क्योंकि मेहनत ही असली पूजा है।'

आभास के मन में अब कोई दुविधा नहीं थी। उसे समझ आ गया था कि मेहनत ही असली पूजा है। *

कविता / गोविंद भारद्वाज

# धूप सुहानी



धूप सुहानी आई भैया,
राहत कितनी लाई भैया।
सुबह-सवेरे सर्दी में नित,
सबके मन को भाई भैया।
रवि की बेटी बड़ी सयानी,
बन किरणें धरती पर आती।
छू कर इसका सुनहरा रूप,
शबनम पल में छू हो जाती।
चुपके-चुपके मिल कलियों से,
खिलना उनको है सिखलाती।
उड़ते पंछी नील गगन में,
हौले-हौले उनसे बतियाती।
देख फसल क्यारी-क्यारी में,
मंद-मंद नित ये मुस्काती।
फेरे दिन भर लगा धरा के,
देख-देख सबको इठलाती।
ज्यों बढ़ती जाए शीत लहर,
ये कितनी इतराई भैया।
डाल-डाल, पात-पात पर नित,
दे रंगत खूब दिखाई भैया।

अजब-गजब / अंजू जैन

# आधे कटे संतरे जैसी आकृति वाली बिल्डिंग

बच्चों, तुम्हें संतरा फल जरूर भाता होगा। अगर तुम्हें संतरे के आकार वाली बिल्डिंग दिख जाए तो जरूर चौंकोगे। संतरे के आकार वाली ऐसी बिल्डिंग यूएस के फ्लोरिडा राज्य के किसिम्मी शहर में स्थित है। यह बिल्डिंग आधे कटे संतरे के आकार जैसी दिखती है। इस बिल्डिंग का नाम ऑरेंज वर्ल्ड है। यह एक दुकान की बिल्डिंग है, जिसमें संतरे के स्वाद वाली टॉफियां, चॉकलेट्स, जेली, जूस, संतरे के आकार वाले गिफ्ट आइटम और स्मृति चिन्ह भी बिकते हैं। ऑरेंज वर्ल्ड बिल्डिंग को दूर से देखने पर ऐसा लगता है, जैसे जमीन पर आधा कटा संतरा रखा हो। *




### रंग भरो-143

**रंग भरो-143** में दिए गए चित्र को तुम लोगों ने बहुत अच्छे से रंगकर हमें भेजा। उनमें से चुना गया सबसे अच्छा चित्र हम यहां प्रकाशित कर रहे हैं। उसे रंगकर भेजने वाले बच्चे के चित्र के साथ कुछ अन्य बच्चों के नाम और चित्र भी प्रकाशित कर रहे हैं।





गरिमा, भिलाई



भावना, बिलासपुर



साक्षी, भिवानी



अमरीन, रायपुर



प्रभात, बिलासपुर



अकृत, झज्जर

**इनके भी चित्र रहे प्रशंसनीय**

होशिका-बालोद, अवनी-रायपुर, सौम्या-दुर्ग, पूनम-बिलासपुर, पीयूष-भिलाई, पलक-धमतरी, लक्ष्य-रायपुर, रौनक-जांजगीर-चांपा, भावना-बिलासपुर, आयुषी-सक्ती, अमित-बिलासपुर, दिनेश-दिल्ली, यश-भोपाल, राकेश-महेंद्रगढ़, लोकेश-जबलपुर


### रंग भरो 144



बच्चों, यहां पर एग्जाम की तैयारी से जुड़ा एक चित्र दिया गया है, जिसमें दो बच्चियां साथ में स्टडी कर रही हैं। इसको मनचाहे रंगों से रंग कर हमें भेजो। जिस बच्चे का चित्र सर्वश्रेष्ठ होगा, उसे हम **बालभूमि** में प्रकाशित करेंगे। चित्र के साथ अपनी फोटो, अपना और शहर का नाम हमें इस पते पर भेजो- संपादक-फीचर, हरिभूमि कार्यालय, 129, ट्रांसपोर्ट सेंटर, पंजाबी बाग, पश्चिमी दिल्ली, नई दिल्ली- 110035 या ई-मेल आईडी balbhoomi-hb@gmail.com पर मेल करो।

### अंग्रेजी शब्द-जाल

बच्चों, नीचे दिए गए इस अंग्रेजी शब्द-वर्ग जाल में पढ़ाई से जुड़े 11 शब्द छिपे हैं। जल्दी से इन्हें खोजकर बताओ।



उत्तर : 1-pencil, 2-notebook, 3-textbook, 4-highlighter, 5-scissors, 6-triangle, 7-globe, 8-compass, 9-backpack, 10-paintbrush, 11-ruler

# फीट स्नोफॉल, कुल्लू में स्कूल-कॉलेज बंद

## बर्फबारी से 'जमी' मनाली




1. 3 फीट तक बर्फ जमी
2. 130 सड़कें जाम
3. 395 ट्रांसफार्मर ठप
4. 8 जिले प्रभावित

*मनाली। हिमाचल प्रदेश में कुल्लू और मनाली में भारी हिमपात से सड़क, बिजली और पानी सेवा पर असर पड़ा है। लेह मनाली हाईवे बंद हो गया है। 2 फरवरी के लिए कुल्लू जिले में स्कूल-कॉलेज और शैक्षणिक संस्थानों छुट्टी का ऐलान कर दिया गया है। सोलंगनाला में दो फीट और अटल टनल के आसपास 3 फीट के क़रीब बर्फबारी हुई है। प्रदेश के 8 जिलों शिमला, कुल्लू, लाहौल-स्पीति, किन्नौर, मंडी, सिरमौर, चंबा और कांगड़ा जिले की चोटियों पर बर्फबारी, मैदानी जिलों में बारिश से ढाई माह का सूखा खत्म हुआ है।*

# नयना पीक का नजारा बदला

**नैनीताल में सीजन की पहली बर्फबारी**



*नैनीताल। लंबे इंतजार के बाद सरोवर नगरी की सबसे ऊंची नयना पीक की चोटी में मौसम के पहले हिमपात का नजारा देखने को मिला। नयना पीक में एक इंच हिमपात हुआ है और अधिक हिमपात के आसार बने हुए हैं। इधर नगर के अन्य क्षेत्रों में रात 12 बजे से बारिश शुरू हो गई थी, जो अपराह्न 11 बजे तक जारी है। करीब दो माह बाद बारिश का सूखा खत्म हुआ है। साथ ही हिमपात की मुराद भी पूरी हो गई है।*

# जम्मू-कश्मीर में भी भारी बर्फबारी

**कई सैलानी फंसे, सड़कें ठप**



*जम्मू। जम्मू कश्मीर में पिछले कई दिनों से भारी बारिश और बर्फबारी हो रही है। इससे कई जगह सैलानी भी फंस गए हैं। पुलिस ने हेल्पलाइन नंबर भी जारी किए हैं। 24 घंटे में पुंछ, बारामूला, बांदीपुरा और कुपवाड़ा जिलों में 2,400 मीटर से अधिक की ऊंचाई पर मध्यम स्तर के हिमस्खलन की आशंका है।*

## खबर संक्षेप

### तटरक्षक कर्मियों को पीएम ने दी शुभकामनाएं




**नई दिल्ली।** हर साल 1 फरवरी को भारतीय तटरक्षक दिवस राष्ट्र की समुद्री सुरक्षा के लिए काम करने वाले तटरक्षकों के प्रयासों को याद करने और सम्मान देने के लिए मनाया जाता है।पीएम नरेंद्र मोदी ने सभी तटरक्षक कर्मियों को उनके स्थापना दिवस पर शुभकामनाएं दी हैं।

### पूर्व भारतीय क्रिकेटर प्रशांत वैद्य गिरफ्तार



**नागपुर।** भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व तेज गेंदबाज प्रशांत वैद्य को पुलिस ने बुधवार को गिरफ्तार कर लिया। वैद्य पर गंभीर आरोप लगाया गया। नागपुर पुलिस ने उन्हें गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया। जहां न्यायालय ने प्रशांत वैद्य को एक निजी मुचलके पर रिहा कर दिया।

### एएमयू पर बहस पूरी सिब्बल का सवाल



**अलीगढ़।** मुस्लिम यूनिवर्सिटी के अल्पसंख्यक संस्थान के दर्जे पर 8 दिन लंबी चली बहस समाप्त हो गई। सुप्रीम कोर्ट ने फैसला सुरक्षित रख लिया है। 7 जजों की संवैधानिक बेंच में बहस दिलचस्प दिखी। एएमयू के वकील कपिल सिब्बल ने कार्यवाही पर सवाल उठाए।

## डीएम राजलिंगम, कमिश्नर शर्मा, पुलिस कमिश्नर जैन भी रहे मौजूद

# अधिकारियों की मौजूदगी में आधी रात व्यास परिवार ने तहखाने में की पूजा

**हरिभूमि न्यूज ▶▶ वाराणसी**

*एक दिन पहले ही वाराणसी जिला जज ने तहखाने में पूजा-पाठ के आदेश दिए थे, डीएम और कमिश्नर की उपस्थिति में तहखाने का दरवाजा खोलकर पूजा-की*

ज्ञानवापी मस्जिद के व्यासजी के तहखाने का वीडियो सामने आया है, जिसमें पुजारी पूजा-पाठ करते दिखाई दे रहे हैं। एक दिन पहले ही वाराणसी जिला जज ने तहखाने में पूजा-पाठ के आदेश दिए थे, जिसके बाद डीएम और कमिश्नर की उपस्थिति में रात दो बजे तहखाने का दरवाजा खोलकर पूजा-पाठ कराया गया।

पूजा-पाठ के दौरान डीएम एस राजलिंगम, कमिश्नर कौशल राज शर्मा, पुलिस कमिश्नर अशोक मुथा जैन और काशी विश्वनाथ मंदिर के कई ट्रस्टी मौजूद थे। व्यास तहखाना में पूजा की अनुमति देने के वाराणसी कोर्ट के आदेश के खिलाफ ज्ञानवापी मस्जिद समिति ने इलाहाबाद हाईकोर्ट का रुख किया है। हाईकोर्ट के एक्टिंग चीफ जस्टिस मनोज कुमार गुप्ता के समक्ष मुस्लिम पक्ष ने अर्जी को मेंशन किया। उन्होंने लिस्टिंग रजिस्ट्रार के पास जल्द सुनवाई के लिए सूचीबद्ध कराने को मुस्लिम पक्ष को भेजा। मुस्लिम पक्ष के वकीलों ने कहा, जल्द मामले पर सुनवाई होगी।

- **गुरुवार को ज्ञानवापी मस्जिद का वीडियो आया सामने**
- **बुधवार देर रात काशी विश्वनाथ के पुजारी ने यहां पूजा कराई**
- **रात दो बजे दरवाजा खोला गया, सारी व्यवस्थाएं की गईं**



### नियमित पूजा-पाठ की रूपरेखा तैयार करेंगे: सोहन लाल



सोहन लाल आर्य ने कहा कि पुलिसकर्मियों ने उन्हें बताया कि रात में पूजा हो चुकी है। इसलिए वह लोग अब सुबह आएं। वे काशी-विश्वनाथ मंदिर ट्रस्ट के सदस्यों के साथ बैठक कर व्यासजी के तहखाने में नियमित पूजा-पाठ की रूप रेखा तैयार करेंगे। ट्रस्ट के सदस्यों को बुलाकर नंदी महाराज के सामने लगे अवरोधक हटाए गए और रास्ता खोला गया।

### कोर्ट के आदेश का अनुपालन किया गया

राजलिंगम ने बताया कि उन्होंने कोर्ट के आदेश का अनुपालन किया है। हिंदू पक्ष के एक वादी सोहन लाल आर्य ने बताया कि आज तड़के करीब चार बजे वह ज्ञानवापी-श्रंगार गौरी मामले की एक वादी लक्ष्मी देवी के साथ तहखाने में दर्शन-पूजन करने पहुंचे थे। उन्होंने बताया कि अब तहखाने की बैरिकेडिंग को हटाकर वहां लोहे का गेट लगा दिया गया है।

### 31 साल पहले बंद हुई थी पूजा

हिंदू पक्ष के वकील मदन मोहन यादव ने बताया कि जिला जज अजय कृष्ण विश्वेश की अदालत ने तहखाने में पूजा-पाठ करने का अधिकार सोमनाथ व्यास के नाती शैलेंद्र पाठक को दे दिया है। उन्होंने दावा किया कि इस तहखाने में वर्ष 1993 तक पूजा-अर्चना होती थी, मगर उसी साल तत्कालीन सरकार ने इसे बंद करा दिया था।

### 40 मिनट चला पूजा-पाठ

जितेंद्र नाथ व्यास ने बताया कि काशी विश्वनाथ ट्रस्ट के कर्मचारियों ने सबसे पहले तहखाने के अंदर सफाई और शुद्धिकरण किया और फिर आचार्य गणेश्वर द्रविड़ ने कलश स्थापित किया। इसके बाद मंत्रोच्चार कर गौरी-गणेश की आरती की गई और सभी देवताओं का स्मरण कर पूजन किया गया। उन्हें नैवेद्य, फल अर्पित किए गए. भोग लगा कर आरती उतारी गई। पूजा-पाठ का यह कार्यक्रम लगभग 40 मिनट चला। काशी विश्वनाथ ट्रस्ट के अध्यक्ष प्रोफेसर नागेंद्र पांडेय ने बताया कि 31 साल बाद व्यासजी के तहखाने में पूजा-पाठ के लिए रात करीब साढ़े 10 बजे खोला गया और उसकी साफ-सफाई कराई गई।

### गणेश्वर द्रविड़ ने करवाई पूजा

*पूजा कार्यक्रम में शामिल हुए व्यास परिवार के सदस्य जितेंद्र नाथ व्यास ने बताया कि अयोध्या स्थित नवनिर्मित मंदिर में रामलला की प्राण प्रतिष्ठा का मुहूर्त निकालने वाले गणेश्वर द्रविड़ की अगुआई में बुधवार देर रात काशी विश्वनाथ मंदिर के पुजारी ने व्यासजी के तहखाने में पूजा कराई।*

## मुंबई लोस में सीट शेयरिंग पर 'रार'

# कांग्रेस की मांग पर उद्धव की 'न', गहराया संकट



**एजेंसी ▶▶ मुंबई**

लोकसभा चुनाव में विपक्षी दलों के बीच सीट बंटवारे को लेकर टकराव कम नहीं हो रहा है। महाराष्ट्र में महा विकास अघाड़ी (एमवीए) के घटक दलों शिवसेना (यूबीटी), कांग्रेस और शरद पवार खेमे वाली एनसीपी के बीच विवाद और बढ़ता जा रहा है। राज्य में लोकसभा की कुल 48 सीटें हैं। मुंबई में 6 सीटें हैं। यहां कांग्रेस 6 में से 3सीटें मांग रही है। शिवसेना (यूबीटी) कांग्रेस को एक सीट से ज्यादा देने को तैयार नहीं है। ऐसे में दोनों दलों के बीच यह मुद्दा गहराता जा रहा है। इसकी वजह से सीट शेयरिंग फार्मूला भी नहीं बन पा रहा है।

### कांग्रेस अकेले लड़ी तो जमानत जब्त होगी



इस बीच वंचित बहुजन अगाड़ी के अध्यक्ष प्रकाश अंबेडकर ने मंगलवार को कहा कि अगर कांग्रेस महाराष्ट्र में लोकसभा चुनाव अकेले लड़ती है, तो वह 50 प्रतिशत सीटों पर अपनी जमानत खो देगी। इसलिए पार्टी को अघाड़ी के गठबंधन को मानना चाहिए। अंबेडकर ने चेतावनी दी कि सहयोगियों के समर्थन के बिना कांग्रेस के लिए राह कठिन होगी। उन्होंने यह भी कहा कि कांग्रेस अब गठबंधन में नेतृत्व की स्थिति नहीं ले सकती।

### राज्य की केवल 38 सीटों पर आम सहमति

फिलहाल तीनों दलों के नेताओं के बीच मुंबई के अलावा काफी सीटों पर आम सहमति बन गई है। सूत्रों का कहना है कि राज्य में 38 सीटों पर आम सहमति है। 10 सीटों पर मतभेद है। इन पर अभी फैसला होना है। पार्टी नेताओं का कहना है कि अगर कोई सहमति नहीं बनती है तो एनसीपी नेता शरद पवार, शिवसेना (यूबीटी) नेता उद्धव ठाकरे और कांग्रेस पर्यवेक्षक रमेश चेन्नीथला इसको लेकर एक बैठक करेंगे और मुद्दे पर जल्द से जल्द सुलह का रास्ता निकालेंगे।

## विदेश मंत्री जयशंकर के बयान से श्रीलंका में भारत की तारीफ

# लोग श्रीलंका में मनाएं छुट्टियां पड़ोसी देश में खुशी की लहर

**एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली**

मालदीव के साथ चल रहे विवाद के बीच भारतीय विदेश मंत्री एस जयशंकर के एक बयान ने पड़ोसी देश श्रीलंका को प्रसन्न कर दिया है। जयशंकर ने दोनों देशों के बीच स्थायी संबंधों पर जोर देते हुए भारतीय लोगों से छुट्टियों के लिए श्रीलंका जाने का आग्रह किया था। जयशंकर ने मुंबई में भारतीय प्रबंधन संस्थान में कहा, मेरी आपको पहली सलाह यह होगी कि अगली बार जब आप छुट्टियां मनाना चाहें, तो श्रीलंका जाएं। मैं आप सभी से यह कहता हूं। जयशंकर ने कहा कि इससे उनकी मदद हो सकेगी।



### भारत का मालदीव के साथ विवाद!

#### मालदीव पर्यटन उद्योग हो रहा प्रभावित

भारतीय मंत्री की यह टिप्पणी भारत और मालदीव के बीच हालिया राजनयिक विवाद के बाद आई है, जिसका असर पर्यटन क्षेत्र पर पड़ रहा है। मालदीव सरकार के आधिकारिक आंकड़ों के मुताबिक पिछले तीन हफ्ते में देश की टूरिज्म रैंकिंग में भारत पांचवें स्थान पर चला गया है। पिछले लगातार तीन साल मालदीव जाने वाले पर्यटकों में भारतीयों की संख्या सबसे ज्यादा थी।

#### श्रीलंका ने भी की इसकी तारीफ

जयशंकर के इस बयान की श्रीलंका में जमकर तारीफ हो रही है। श्रीलंकाई राजनीतिक नेताओं ने श्रीलंकाई पर्यटन को बढ़ावा देने और लोगों से अपनी अगली छुट्टियों में द्वीप देश की यात्रा करने की अपील करने के लिए विदेश मंत्री एस जयशंकर की प्रशंसा की है।

## हाईकोर्ट ने याचिका खारिज की

# जज साहब... मैं पिता नहीं बन सकता, डीएनए टेस्ट करवाएं



**एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली**

दिल्ली हाईकोर्ट ने एक पति की याचिका को खारिज कर दिया। है, जिसमें उसने अपनी पत्नी पर व्यभिचार के आरोप लगाए थे। पति का आरोप था कि उसकी पत्नी के किसी दूसरे शख्स के साथ संबंध थे और नाबालिग बच्चा उसका नहीं है। इसलिए पत्नी और बच्चे के बल्ड के नमूने डीएनए के लिए जाए ता ताकि सच्चाई सामने आ सके। दिल्ली हाईकोर्ट में दाखिल याचिका में पुरुष ने दावा किया था कि वह बाप नहीं बन सकता है क्यों कि उसको पुरुष बांझपन का एक रूप से पीड़ित है। बार एंड बेंच की खबर के अनुसार ल्ली हाईकोर्ट के जस्टिस राजीव शकधर और जस्टसि न्यायमूर्ति अमित बंसल की पीठ ने पति की इस याचकि को खारिज कर दिया क्योंकि जब बच्चा पैदा हुआ था तब दंपती पति- पत्नी के रूप में एक साथ रह रहे थे।

## 'अमृत उद्यान' में राष्ट्रपति



**नई दिल्ली।** नई दिल्ली में उद्यान उत्सव-1 के दौरान गुरुवार को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू। उद्यान उत्सव-1 के तहत अमृत उद्यान 2 फरवरी से 31 मार्च तक जनता के लिए खुला रहेगा।

## रक्षा सचिव गिरिधर और ओमान के रक्षा मंत्रालय के महासचिव ने की बात

# द्विपक्षीय रक्षा संबंधों को ज्यादा प्रभावी और व्यावहारिक बनाएंगे

### भारत-ओमान ने किया रक्षा सामग्री और उपकरणों की खरीद के लिए एमओयू साइन

**एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली/मस्कट**

रक्षा सचिव गिरिधर अरमाने ने 31 जनवरी को मस्कट में ओमान के रक्षा मंत्रालय के महासचिव डॉ. मोहम्मद बिन नसीर बिन अली अल ज़ाबी के साथ 12वीं संयुक्त सैन्य सहयोग समिति (जेएमसीसी) की बैठक की सह-अध्यक्षता की। रक्षा मंत्रालय के अनुसार बैठक के दौरान दोनों पक्षों ने भारत और ओमान के बीच मजबूत रक्षा सहयोग की समीक्षा और सराहना की। बैठक में प्रशिक्षण, संयुक्त अभ्यास, सूचना साझा करने, समुद्र विज्ञान, जहाज निर्माण और एमआरओ के क्षेत्र में सहयोग के कई नए क्षेत्रों पर चर्चा हुई, जो दोनों देशों की सेनाओं के बीच आपसी विश्वास और संचालनीयता का निर्माण करेगी।

#### दोनों देश रणनीतिक साझेदारी के लिए प्रतिबद्ध

दोनों पक्षों ने साझे हित के क्षेत्रीय और वैश्विक मुद्दों पर भी विचारों का आदान-प्रदान किया और रक्षा उद्योगों के सहयोग पर ध्यान देने के साथ द्विपक्षीय रक्षा संबंधों को और बढ़ावा देने के लिए प्रभावी और व्यावहारिक पहल पर चर्चा की। रक्षा सहयोग भारत और ओमान के बीच रणनीतिक साझेदारी के प्रमुख स्तंभ है।



#### रक्षा सहयोग के नए क्षेत्र सामने आएंगे

दिसंबर में ओमान सल्तनत के प्रमुख सुल्तान हैथम बिन तारिक की यात्रा के दौरान अपनाए गए 'भविष्य के लिए साझेदारी' शीर्षक वाले भारत-ओमान संयुक्त विजन दस्तावेज को लागू करने की दिशा में रक्षा सचिव और महासचिव ने रक्षा सामग्री और उपकरणों की खरीद से संबंधित एमओयू पर हस्ताक्षर किए। यह ज्ञापन रक्षा सहयोग के एक नए क्षेत्र के लिए एक रूपरेखा प्रदान करेगा।

#### ओमान को भारत आने का आमंत्रण भी दिया

ओमान की दो दिवसीय यात्रा के दौरान रक्षा सचिव ने महासचिव के साथ द्विपक्षीय वार्ता भी की। गिरिधर ने क्षमता और घरेलू रक्षा उद्योग की क्षमता पर प्रकाश डाला तथा ओमान के सशस्त्र बलों के साथ एक उपयोगी साझेदारी की आशा व्यक्त की। ओमान ने भी भारतीय रक्षा उद्योग की क्षमता पर भरोसा व्यक्त किया। अरमाने ने महासचिव और उनके प्रतिनिधिमंडल को विशेष रूप से एयरोस्पेस और समुद्री क्षेत्रों में रक्षा औद्योगिक क्षमता का अवलोकन करने भारत आने को आमंत्रित किया।

## हूतियों के खिलाफ अमेरिका का पलटवार

# अदन की खाड़ी में मिसाइलों को किया ढेर, ईरानी ड्रोन भी तबाह

**एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली**



अमेरिका और हूतियों के बीच बढ़ते तनाव के बीच एक अमेरिकी अधिकारी ने बुधवार देर रात को कहा कि ये मानव रहित रहित ड्रोन लांच होने के लिए लगभग तैयार थे लेकिन इससे पहले उन्हें नष्ट कर दिया गया।अमेरिकी सेना के सेंट्रल कमांड ने कहा कि अमेरिकी नौसेना के एक जहाज ने अदन की खाड़ी में एक हूती एंटी-शिप बैलिस्टिक और 3 ईरानी ड्रोनों को मार गिराया गया है। इसमें किसी के घायल होने या क्षति की सूचना नहीं है। ईरान समर्थित हूती चरमपंथियों की ओर से यमन के हूती नियंत्रित इलाकों से एक एंटी शिप बैलिस्टिक मिसाइल अदन की खाड़ी की ओर दागी गई थी। यूएसएस कार्ने (डीडीजी 64) ने मार गिराया। बताया जा रहा है अमेरिका ने यमन में 10 ड्रोनों को मार गिराया है।




# एल्गी ने इंडिया स्टोनमार्ट लाइन पेश की

**जबलपुर।** एल्गी इक्विपमेंट्स (बी एस ई: 522074 एन एस ई: एल्गी इक्विप), एयर कंप्रेसर बनाने वाली दुनिया की अग्रणी कंपनियों में से एक, ने गुरुवार को गेम-चेंजिंग पी जी 550-215 ट्रॉली-माउंटेड पोर्टेबल स्क्रू एयर कंप्रेसर की पेशकश की है। राजस्थान, भारत के जयपुर एक्जिबिशन एण्ड कन्वेंशन सेंटर (जेईसीसी) में इंडिया स्टोनमार्ट 2024 के 12वें संस्करण में इस कंप्रेसर को लॉन्च किया गया है। आउटडोर मशीनरी एरिया बी में एल्गी बूथ 6 पर खनन उद्योग के लिये एल्गी के इलेक्ट्रिक-पावर्ड पी जी 110 ई, पी जी 55 ई और पी जी 5 ई पोर्टेबल एयर कंप्रेसर्स भी दिखाये गये। इंटरनेशनल स्टोन इंडस्ट्री ट्रेड फेयर के 2024 संस्करण में दुनियाभर की स्टोन इंडस्ट्री से 30 हजार से अधिक विज़िटर्स और प्रमुख डिसजिन मेकर्स के आने की उम्मीद है।

# जेएसडब्ल्यू पेंट्स की वृद्धि निरंतर जारी

**जबलपुर।** जेएसडब्ल्यू ग्रुप की सहायक कंपनी जेएसडब्ल्यू पेंट्स ने 5 वर्ष पहले अपनी स्थापना के बाद से इंडस्ट्री की तुलना में अपने व्यवसाय में 5 गुना अधिक वृद्धि दर्ज की है। वित्त वर्ष 22 में 1.000 करोड़ रुपए का अभूतपूर्व आँकड़ा पार करने के बादए जेएसडब्ल्यू पेंट्स अब 15 महीनों के भीतर 2.000 करोड़ रुपए के रन.रेट की महारत हासिल कर चुका है। कंपनी वित्त वर्ष 24 में 2.000 करोड़ रुपए से अधिक के टर्नओवर को प्राप्त करने की ओर अग्रसर है। कंपनी को दृढ़ विश्वास है कि यह इससे भी कम समय में अपना अगला राजस्व 1.000 करोड़ रुपए हासिल करेगी जो चालू वित्त वर्ष में 9 महीनों के भीतर पहले ही 1.500 करोड़ रुपए का आँकड़ा पार कर चुकी है।

**बजट के दिन ही लगा झटका**

# कॉमर्शियल एलपीजी के दाम 14.50 रुपए बढ़े

वाणिज्य प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल



बजट से ठीक पहले कॉमर्शियल एलपीजी सिलेंडर (19 किलो ग्राम )के दाम साढ़े 14 रुपए बढ़ गए हैं। ऑयल मार्केटिंग कंपनियों ने गुरूवार को एलपीजी से लेकर एटीएफ तक के रेट अपडेट की हैं। राजधानी भोपाल में कॉमर्शियल एलपीजी सिलेंडर साढ़े 14 रुपए बढ़कर 1763.50 रुपए का हो गया। जबकि 14.2 किलो ग्राम वाले घरेलू एलपीजी गैस सिलेंडर में कोई बदलाव नहीं हुआ है और इसके दाम यथावत बने हुए है। विनायक गैस एर्जेसी के आरके बामोरिया के अनुसार एक ओर जहां घरेलू सिलेंडर के रेट पिछले तीन साल में केवल 17 बार बदले,तो वहीं कॉमर्शियल सिलेंडर के रेट लगभग हर महीने बदले। इन बदलावों की वजह से उपभोक्ताओं को कभी राहत तो कभी दिक्कत हुई। आंकड़ों के मुताबिक 1 जनवरी 2021 से 19 किलो वाले एलपीजी सिलेंडर के दाम 50 बार बदल चुके हैं।

# फैशन, स्टाईल और ग्लैमर का भविष्य

**जबलपुर।** ब्लेंडर्स प्राईड ग्लासवेयर ने फैशन नैक्स्ट प्लेटफॉर्म फैशन के बिल्कुल नए अनुभव प्रदान करेगा। गुरुग्राम और हैदराबाद के साथ नए शहरों, भुवनेश्वर और पुणे में शुरू हो रहा, फैशन नैक्स्ट फैशन और स्टाईल का नया चेहरा पेश करने वाला है। ब्लेंडर्स प्राईड ग्लासवेयर अपने प्रतिष्ठित ब्लेंडर्स प्राईड ग्लासवेयर फैशन टूर के साथ भारत में 16 सालों से स्टाईल के मामले में सबसे आगे रहा है। यह सबसे लोकप्रिय डिज़ाईनर्स और ग्लैमरस सेलिब्रिटीज के साथ रैंप पर फैशन लेकर आता रहा है। क्योरेटर-इन-चीफ के रूप में प्रसिद्ध डिज़ाईनर आशीष सोनी और फैशन डिज़ाईन काउंसिल ऑफ इंडिया (एफडीसीआई) के साथ अपनी निरंतर साझेदारी के साथ यह ब्रांड अब ब्लेंडर्स प्राईड ग्लासवेयर फैशन नैक्स्ट के साथ फैशन, स्टाईल और ग्लैमर की पुनर्पल्पना कर रहा है।




## खबर संक्षेप

### भीमावद बनी उज्जैन नगन निगम उपायुक्त

**भोपाल।** राज्य सरकार ने वर्ष 2019 बैच की राज्य प्रशासनिक सेवा की अफसर सुश्री कृतिका भीमावद को नगर पालिक निगम उज्जैन में उपायुक्त के पद पर पदस्थ किया है। अभी तक वे उज्जैन में ही डिप्टी कलेक्टर के पद पर पदस्थ थीं।

### एनसीसी कैडेट्स को पटेल ने किया पुरस्कृत

**भोपाल।** एनसीसी सिर्फ ट्रेनिंग नहीं है। मानवीय संवेदनाओं से भरे हुए राष्ट्र के प्रति समर्पित युवाओं के निर्माण की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी है। यह बात राज्यपाल मंगुभाई पटेल ने कही। राजभवन के सांदीपनि सभागार में गणतंत्र दिवस परेड में प्रतिभागी एनसीसी कैडेट्स का स्वागत समारोह किया गया। समारोह में एनसीसी कैडेट्स को पुरस्कृत भी किया गया। कैडेट्स ने नृत्य, गायन, काव्य पाठ किया।

### बाल संरक्षण को लेकर हुई कार्यशाला

**भोपाल।** समेकित बाल संरक्षण योजना मिशन वात्सल्य अंतर्गत बुधवार को जिला पंचायत के सभाकक्ष में एक दिवसीय प्रशिक्षण सह कार्यशाला हुई। कार्यशाला में जिले के सभी थानों में पदस्थ बाल कल्याण पुलिस अधिकारी, बाल कल्याण समिति एवं किशोर न्याय बोर्ड के अध्यक्ष, सदस्य, विशेष किशोर पुलिस इकाई, बाल देख रेख संस्थाओं के अधीक्षक, केसवर्कर, परियोजना अधिकारी, पर्यवेक्षक, धारा 54 के तहत गठित जिला स्तरीय निरीक्षण समिति के सदस्य लगभग 170 प्रतिभागियों ने भाग लिया।

## राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) और राज्य मंत्रियों को जिम्मेदारी सौंपी

# सीएम ने अपने 7 विभागों के विधानसभा कार्य के लिए मंत्रियों को किया अधिकृत

- राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) कृष्णा गौर को सामान्य प्रशासन विभाग
- राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) लोधी को नर्मदा घाटी व जनसंपर्क
- राज्य मंत्री पटेल को गृह व जेल बागरी को विमानन विभाग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कार्य संपादन को देखते हुए खुद को आवंटित सात विभागों का कार्य राज्यमंत्रियों (स्वतंत्र प्रभार) व राज्यमंत्रियों को अधीकृत किया है। यह हालांकि विधानसभा में मुख्यमंत्री के प्रभार वाले विभागों की जानकारी देने आदि कार्य संपादन के लिए है। मप्र विधानसभा का बजट सत्र 7 फरवरी से शुरू होने जा रहा है। मुख्यमंत्री ने इस दौरान प्रमुख रूप से विधायकों के लगने वाले प्रश्नों का जवाब देने के लिए अधीकृत किया है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव की ओर से जारी पत्र के अनुसार राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) कृष्णा गौर को सामान्य प्रशासन विभाग, राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) धर्मेंद्र भाव सिंह लोधी को नर्मदाघाटी विकास व जनसंपर्क विभाग, राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) गौतम टेटवाल को विधि एवं विधायी कार्य विभाग तथा विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग, राज्य मंत्री शिवाजी पटेल को गृह व जेल विभाग, प्रतिमा बागरी को प्रवासी भारतीय व विमानन विभाग, राज्यमंत्री दिलीप अहिरवार को खनिज साधन विभाग एवं औद्योगिक नीति एवं निवेश प्रोत्साहन विभाग तथा राज्यमंत्री राधा सिंह को आनंद विभाग व लोक सेवा प्रबंधन विभाग का कार्य दिया गया है।



**कैबिनेट मंत्रियों ने राज्य मंत्रियों को खास कार्य नहीं दिए**

राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) के मंत्रियों के पास तो उनके विभागीय कार्य काफी हैं। वे सभी अपने विभागों के साथ ही साथ अतिरिक्त रूप से यह कार्य देखेंगे। जबकि राज्यमंत्रियों के पास कोई खास काम नहीं है। अभी तक कैबिनेट मंत्रियों ने राज्य मंत्रियों को कुछ खास कार्य नहीं दिया है। ऐसे में मुख्यमंत्री के इस तरह से राज्यमंत्रियों पर विश्वास जताने से एक नई उम्मीद जगी है।

## समूचे प्रदेश में 2 फरवरी से एक साथ शुरू होगी साइबर तहसील

*मप्र में 2 फरवरी से संपूर्ण प्रदेश में साइबर तहसील परियोजना लागू की जा रही है। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह इसे उज्जैन से लांच करेंगे। इस संबंध में राजस्व विभाग ने सभी कलेक्टरों को निर्देश जारी कर दिया है। इसमें कलेक्टरों से सभी तरह की व्यवस्था दुरूस्त कराने को कहा गया है। सभी जिलों में लागू किए जाने संबंधी अधिसूचना 18 दिसंबर को ही जारी की गई थी। अब इसकी तैयारी लगभग पूरी हो गई है। एक दिन बाद यह पूरी तरह से मूर्त रूप ले लेगा। कलेक्टरों को जारी पत्र के अनुसार संदर्भित पत्र के माध्यम से साइबर तहसील माड्यूल के उपयोग के संबंध में दिशा निर्देश जारी किए गए हैं। इसका विस्तार प्रदेश के समस्त जिलों में किए जाने संबंधी अधिसूचना प्रकाशित की जा चुकी है। साइबर तहसील से संबंधित गहन प्रशिक्षण एनआईसी वीडियो कांफ्रेंस के माध्यम से प्रदान किया जा चुका है। केंद्रीय गृह मंत्री के साथ ही मुख्यमंत्री भी मौजूद रहेंगे। इस दौरान साइबर तहसील को संपूर्ण प्रदेश में लांच किया जाएगा। इस कार्यक्रम की वेबकास्टिंग की जाएगी। इसका लिंक तथा कार्यक्रम के प्रसारण का समय पृथक से उपलब्ध कराया जाएगा।*

### सभी पटवारी अनिवार्य रूप से रहेंगे उपस्थित

कलेक्टरों को जारी पत्र में कहा गया है कि 2 फरवरी को कार्यक्रम के दौरान जिला मुख्यालय में एवं तहसील मुख्यालय पर वेबकास्टिंग के माध्यम से प्रसारण की व्यवस्था की जाएगी। कलेक्टरों से यह भी कहा गया है कि वे जिले व तहसील मुख्यालयों पर इस कार्यक्रम में वरिष्ठ जन-प्रतिनिधियों को आमंत्रित करें। तहसील स्तर पर सभी पटवारी भी अनिवार्य रूप से उपस्थित रहेंगे। इस पत्र के माध्यम से जारी निर्देशों के अनुपालन के लिए आवश्यक व्यवस्था सुनिश्चित करने को भी कहा गया है।

**कांग्रेस पर अब चंदे का बिजनेस करने का आरोप**

# कांग्रेस को 138 रुपए का चंदा दिया, लेकिन सोशल मीडिया पर बताए 1.38 लाख रुपए!

## हाईकोर्ट अधिवक्ता ने क्राइम ब्रांच में की शिकायत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

कांग्रेस में चंदे के जरिए पार्टी को आर्थिक रूप से मजबूत कराने चल रही मुहिम में अब चंदे का बिजनेस करने का आरोप लगा है। इस मामले में कांग्रेस के प्रदेश प्रवक्ता डॉ. अमिनुल खान सूरी के खिलाफ हाईकोर्ट अधिवक्ता उज्जवल फडसे ने लिखित शिकायत भी की है।

उन पर आरोप है कि उन्होंने पार्टी को चंदा तो 138 रुपए दिया लेकिन उसे एक लाख 38 हजार बताकर प्रचारित किया। हाईकोर्ट अधिवक्ता उज्जवल फडसे ने क्राइम ब्रांच में इसकी शिकायत की है तो वहीं भाजपा प्रवक्ता नरेंद्र सलूजा ने कांग्रेस के इस चंदे की मुहिम पर तंज कसा है। फडसे द्वारा की गई शिकायत बताया है कि सूरी ने 16 दिसंबर को कांग्रेस को चंदा देते हुए पोस्ट डाली। यह पोस्ट फर्जी है। उन्होंने 1.38 लाख चंदा देना बताया जबकि 138 रुपए ही दिए। कांग्रेस द्वारा जो पार्टी फंड की जानकारी मिली है और जो उनके द्वारा बताए जा रहे 1.38 लाख राशि की रसीद का नंबर है दोनों एक है। उसी रसीद क्रमांक से पार्टी को केवल 138 रुपए मिले। इस तरह सूरी रसीद के नाम पर फर्जी दस्तावेज तैयार कर रहे हैं और अपनी ही पार्टी व लोगों के साथ धोखा कर रहे हैं। यह अपराध की श्रेणी में आता है। इसलिए इस चंदे के धंधे को रोका जाए और दोषियों पर कार्रवाई हो।

### मेरे पास सारे दस्तावेज मौजूदः सूरी

*सूरी ने कहा कि सारे आरोप बेबुनियाद है और मुझे व पार्टी को बदनाम करने के लिए है। मेरे पास सारे दस्तावेज, रसीद मौजूद है और पार्टी को जो मुझे चंदा देना था वह मैंने दिया। मैंने चंदे के नाम पर किसी से ना एक रुपए लिया और ना ही किसी के साथ कोई धोखेबाजी की। वह कह रहे हैं कि दोनों रसीद में एक ही नंबर है तो मैं इसे चेक कराउंगा, लेकिन मैंने जो चंदा दिया, उसके सबूत मेरे पास है और समय पर आने पर जवाब दे दूंगा।*

# इनकम टैक्स की 25000 तक की देनदारी की माफी का 1 करोड़ परिवारों को मिलेगा सीधा लाभ : मीक

**भोपाल।** 2024 का केंद्रीय बजट अंतरिम बजट के साथ-साथ चुनावी बजट है। इस सदी में भारत ने पहले दशक से अर्थव्यवस्था की स्पष्ट ऊंचाइयां देखी हैं और अगले दशक के उतार-चढ़ाव भी देखे हैं। हम 21 वीं सदी के तीसरे दशक में हैं हमने दो एकदम अलग विचारधारा के राजनीतिक दलों की अर्थव्यवस्था को जिया है। इसलिए अब केवल वित्तीय जानकार ही नहीं बल्कि वैश्विक औसत से कम वित्तीय साक्षर हमारे देश का आम नागरिक भी अपने जीवन यापन की सुगमता का अंतर सहजता से बता सकता है, बशर्ते उसे सुना जाये। जहां तक इस बजट की बात है इसके अंतरिम और चुनावी बजट की झलक दिखी है। यह बात शहरी विकास विशेषज्ञ मनोज मीक ने कही। मीक ने कहा कि इंफ्रास्ट्रक्चर पर सिर्फ़ 11 फीसदी बढ़ाया गया है कुल टैक्स कलेक्शन के लिहाज से ये काफ़ी कम है। सभी को पक्के मकान की योजना पुरानी हाउसिंग फॉर ऑल प्लान को दोहराया है। अत्याधिक रोजगार निर्माण में सक्षम रियल एस्टेट के लिए यह उत्साहजनक बजट नहीं कहा जा सकता। आध्यात्म पर्यटन पर फोकस से तीर्थाटन प्रधान शहरों में रेसीडेंसियल, कॉमर्शियल और हास्पिटलिटी रियल स्टेट को बढ़ावा मिलेगा। नए रेल कॉरिडोर लॉजिस्टिक और वेयरहाउसिंग के आंकड़ों को देखते हुए लगता है लॉजिस्टिक रियल स्टेट की ओर रुझान बढ़ेगा। हमेशा की तरह कॉरपोरेट टैक्स में राहत है आम करदाता की जेब ख़ाली होती रहेगी। हालांकि दशक पुराने लगभग एक करोड़ प्रकरणों में इनकम टैक्स की 25000 तक की देनदारियों की माफी एक करोड़ परिवारों को सीधा लाभ पहुंचायेगा, नए लाभार्थी करदाता जोड़ना चुनावी साल का चतुर प्रयास है। चुनावों के बाद जुलाई में जब पूरा बजट आएगा, तब नइ सरकार के विकसित तेवर जरूर दीर्घकालिक यथार्थ के नजदीक होंगे।

**वित्त मंत्री ने पिछले वर्षों में सरकार की प्रगति का लेखा-जोखा दिया और साथ ही आगे का रोडमैप भी तय करते हुए एक संतुलित घोषणा की। सरकार ने इंफ्रास्ट्रक्चर के निर्माण पर अपना ध्यान केन्द्रित करने का वादा किया - 2024-25 के लिए 11.1 लाख करोड़ रुपए का आवंटन निर्धारित करते हुए साथ ही इंक्लूसिव ग्रोथ अपना लक्ष्य माना है। 2024-25 के लिए रोडमैप में ग्रामीण आवास योजना का विस्तार, घर की छतों पर सौरकरण, मध्यम वर्ग के लिए आवास और सनराइज डोमेन में दीर्घकालिक कम ब्याज वित्तपोषण शामिल हैं। राज्य स्तर पर पर्यटन विकास की दिशा में आगे बढ़ना एक स्वागत योग्य कदम है। अभीक बरुआ, चीफ इकोनॉमिस्ट,**

# केंद्र सरकार द्वारा पेश किया गया बजट एक संतुलित प्रयास, अर्थव्यवस्था को मजबूती मिलेगी : चेंबर

**जबलपुर।** केंद्र सरकार द्वारा पेश अंतरिम बजट को जबलपुर चेंबर ने एक संतुलित प्रयास बताया गया, जो कि दीर्घकालिक दृष्टि से लाभ देगा। चेंबर अध्यक्ष प्रेम दुबे द्वारा बताया गया कि मध्यम और छोटे व्यापारी को टेक्स स्लेब और ब्याज मुक्त ऋण के माध्यम से राहत दी जा सकती थी जो कि नदारत है और इससे निराशा हुई है वहीं दूसरी और रेल्वे, उर्जा और आधारभूत क्षेत्र में प्रावधानों से व्यापार क्षेत्र को मजबूती मिलेगी। चेंबर सचिव पंकज माहेश्वरी ने सरकार द्वारा किए गए 11 लाख करोड़ रुपए के पूंजीगत व्यय के प्रावधान को एक अच्छा कदम बताते हुए कहा कि इससे अर्थव्यवस्था को मजबूती मिलेगी। चेंबर उपाध्यक्ष नरिंदर पांधे द्वारा पेट्रोल डीजल को जीएसटी में शामिल न किया जाना एवं स्क्रेप नीति, टोल नीति में ट्रांसपोर्ट के लिए बजट में कोई राहत नहीं है जो ट्रांसपोर्ट सेक्टर को निराश करता है और महंगाई रोकने में असफल साबित होगा। चेंबर के सीए अनिल अग्रवाल द्वारा कर दाताओं की पिछले वर्षों की दस हजार रुपए तक कि टेक्स डिमांड को सरकार द्वारा माफ करना एक अच्छा कदम बताया गया और साथ ही पर्यटन क्षेत्र में 75 हजार करोड़ रुपए का प्रावधान रोजगार के लिए प्रभावी होगा। एडवोकेट अभिषेक ध्यानी द्वारा करों के अनुपालन को कम करने और सरलीकरण के प्रावधान न होने पर निराशा जताई गई। चेंबर सदस्य दीपक सेठी द्वारा स्टार्टअप के क्षेत्र में सरकार द्वारा उठाए गए कदम का स्वागत किया गया और मांग की गई कि सरकार ई-कॉमर्स क्षेत्र में जल्द से जल्द नीति बनाए। एडवोकेट एमएम नेमा द्वारा मांग की गई कि जीएसटी सरलीकरण के क्षेत्र में सरकार को प्रावधान करने चाहिए थे। चेंबर सदस्य हरजिंदर रेखी द्वारा कॉर्पोरेट क्षेत्र में प्रावधानों का स्वागत किया गया और कैपिटल गेन टेक्स को कम करने की मांग की गई।



## राशिफल

**मेष** — किसी अज्ञात भय से परेशान हो सकते हैं। जीवनसाथी के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। माता के सानिध्य मिलेगा। शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी।

**वृष** — व्यर्थ के क्रोध से बचें। शैक्षिक कार्यों के सुखद परिणाम मिलेंगे। किसी मित्र से वस्त्र उपहार में प्राप्त हो सकते हैं। नौकरी में कार्यक्षेत्र में वृद्धि हो सकती

**मिथुन** — आत्मविश्वास भरपूर रहेगा। वाणी में मधुरता रहेगी। कार्यक्षेत्र में कठिनाइयां आ सकती है। परिश्रम भी अधिक रहेगा। स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें।

**कर्क** — आत्मविश्वास में वृद्धि होगी। मन प्रसन्न रहेगा, परन्तु बातचीत में सन्तुलित रहें। नौकरी में परिवर्तन के योग बन रहे हैं। तरक्की भी हो सकती है। आय बढ़ेगी।

**सिंह** — आत्मविश्वास से लबरेज रहेंगे, परन्तु धैर्यशीलता में कमी आ सकती है। किसी मित्र के सहयोग से नौकरी के अवसर मिल सकते हैं। सेहत का ध्यान रखें।

**कन्या** — मन में उतार-चढ़ाव रहेंगे। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। आय में कमी एवं खर्च अधिक की स्थिति हो सकती है। कार्यस्थल पर व्यर्थ के वाद-विवाद से बचें।

**तुला** — आत्मविश्वास में कमी रहेगी। बातचीत में सन्तुलन बनाये रखें। जीवनसाथी के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। भाग-दौड़ अधिक रहेगी।

**वृश्चिक** — आत्मविश्वास भी भरपूर रहेगा। नौकरी में अफसरों का सहयोग मिलेगा। तरक्की के अवसर मिलेंगे। आय में वृद्धि होगी। पारिवारिक जीवन सुखमय

**धनु** — आत्मविश्वास से लबरेज रहेगें। परन्तु अति उत्साही होने से बचें। संयत रहें। माता का साथ मिलेगा। आय भी बढ़ेगी। संतान को स्वास्थ्य विकार हो सकते हैं।

**मकर** — माता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। जीवनसाथी का साथ मिलेगा। बौद्धिक कार्यों से आय में वृद्धि के साधन बन सकते हैं। तरक्की के योग बन रहे हैं।

**कुंभ** — अपनी भावनाओं को वश में रखें। नौकरी में अफसरों का सहयोग तो मिलेगा, परन्तु कार्यक्षेत्र में परिवर्तन हो सकता है। भाइयों का सहयोग रहेगा।

**मीन** — शैक्षिक कार्यों के सुखद परिणाम मिलेंगे। मान-सम्मान की प्राप्ति होगी। शासन सत्ता का सहयोग मिलेगा। तरक्की का मार्ग प्रशस्त होगा।

# ब्लड कैंसर ट्रीटमेंट के लिए थेरेपी कोकिलाबेन हॉस्पिटल में उपलब्ध

**मुंबई।** कार टी-सेल काइमेरिक एंटीजेन रिसेप्टर टी-सेल थेरेपी इम्यूनोथेरेपी का नया आशादायी प्रकार है जो कुछ ऐसे उन्नत ब्लड कैंसर में काम करता है जहां केमोथेरेपी जैसे दूसरे ट्रीटमेंट काम नहीं कर पाते हैं। अब यह थेरेपी कोकिलाबेन धीरूभाई अंबानी हॉस्पिटल मुंबई में उपलब्ध है। इसे हर व्यक्तिगत मरीज के लिए विशेष रूप से विकसित किया जाता है और कैंसर को टारगेट करने के लिए मरीज की अपनी इम्यून सिस्टम सेल्स को रीप्रोग्रामिंग करके काम करता है। इन इम्यून सेल्स को टी सेल्स या टी लिम्फोसाइट्स कहा जाता है, जो हमें संक्रमण से बचाती हैं और कैंसरस सेल्स को नष्ट करने में उनकी महत्वपूर्ण भूमिका होती है। कोकिलाबेन धीरूभाई अंबानी हॉस्पिटल, मुंबई के सीनियर कंसलटेंट-हेमेटो-ऑन्कोलॉजी और बोन मेरो ट्रांसप्लांटेशन, डॉ.समीर ए तुलपुले ने बतायाकि कार टी-सेल थेरेपी व्यक्तिगत कैंसर इलाज का एक तरीका है। भारत में कई मरीज़ों को ब्लड कैंसर के इस अत्याधुनिक इलाज से लाभ होगा, यहां इसका खर्च विदेश में आने वाले खर्च का लगभग दसवां भाग है। यह अत्याधुनिक उपचार, ब्लड कैंसर के मरीज़ों के लिए विशेष तौर पर बनाई गई कैंसर देखभाल में एक महत्वपूर्ण प्रगति का प्रतीक है।

# देश में एक फीसदी से भी कम मानसिक रोगी खुद बताते हैं परेशानी

**भोपाल।** भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान के एक ताजा अध्ययन से यह पता चला है कि देश में मानसिक बीमारियों के जूझ रहे कई लोग ऐसे हैं जो अपनी बीमारी के बारे में बताने से कतराते हैं। अध्ययन के मुताबिक ऐसे मानसिक रोगियों की संख्या 1 फीसदी से भी कम है जो खुद से अपनी परेशानी बताते हैं और अपने इलाज के लिए आगे आते हैं। इस अध्ययन को करने के लिए नेशनल सैंपल सर्वे 2017-2018 के 75वें राउंड से मिले आंकड़ों का इस्तेमाल किया गया था। ये सर्वे पूरी तरह से लोगों की सेल्फ रिपोर्टिंग पर आधारित था। सर्वे के लिए कुल 5,55,115 व्यक्तियों के आंकड़े इकत्र किए गए जिनमें से 3,25,232 लोग ग्रामीण क्षेत्र से और 2,29,232 लोग शहरी क्षेत्र से थे। सर्वे के लिए प्रतिभागियों का चयन रैंडम तरीके से 8,077 गांवों और 6,181 शहरी क्षेत्रों से किया गया था जहां मानसिक बीमारियों से जुड़े 283 मरीज ओपीडी में थे और 374 मरीज अस्पताल में भर्ती थे। उच्च आय वर्ग वाले व्यक्तिए कम आय वर्ग वाले लोगों की तुलना में स्वास्थ्य समस्याओं की रिपोर्ट करने के लिए 1.73 गुना ज्यादा इच्छुक थे। यह अध्ययन इंटरनेशनल जर्नल ऑफ मेंटल हेल्थ सिस्टम्स में प्रकाशित हुआ है। आईआईटी जोधपुर के स्कूल ऑफ लिबरल आर्ट्स में सहायक प्रोफेसर डॉ.आलोक रंजन और स्कूल ऑफ हेल्थ एंड रिहैबिलिटेशन साइंसेज, ओहियो स्टेट यूनिवर्सिटी, कोलंबस,संयुक्त राज्य अमेरिका के डॉ.ज्वेल क्रेरस्टा ने मिलकर किया है।

## शब्द पहेली - 5412



**बाएँ से दाए**

1. ईष्ट कृपा,वर-4
3. मान का विलोम-4
8. शैतानी करना-4,3
10. झगड़ा,बैर-3
11. जंगल,वन-3
13. सर्दी से बचने के लिये जलाई गई लकड़ियों का ढेर-3
15. जलने के बाद बचे अवशेष-2
17. कार्य-2
18. पतवार-2
19. नमाज से पहले हाथ-पांव धोना-2
21. नमस्कार-3
25. बूंद-3
26. जिज्ञासा,लगन-3
27. आत्मोत्सर्ग करना-4,3
30. मां के माता-पिता-2,2
31. रपटना-4

**ऊपर से नीचे**

2. वलय,घेरा-3
4. तीन घंटे का समय-3
5. खिसकना-4
6. उन्मादी,मदमस्त-4
7. यज्ञ,होम-3
8. नगर-3
9. तिरस्कृत-3
12. रूप अभिमान-3
13. शांति-3
14. प्रतिज्ञा-3
16. सहभोज-3
20. मोजा, पायताबा-3
22. उदारता-4
23. परवरिश करना-3
24. वचन तोड़ना-4
25. लेखनी-3
28. लिखावट-3
29. अमीर,धनवान-3

**शब्द पहेली- 5411 का हल**

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| अ | मा | न | त | ■ | अ | ■ | बी | र | ब | ल |
| ■ | ला | ■ | वा | ■ | म | हि | मा | ■ | ल | व |
| म | ■ | ■ | य | की | न | ■ | र | ■ | ■ | कु |
| त | क | ली | फ | ■ | चै | त्र | ■ | क | ल | श |
| बा | ■ | ड | ■ | रा | न | ■ | गै | ■ | ह | ■ |
| ला | प | र | वा | ह | ■ | का | र | गु | जा | री |
| ■ | र | ■ | दा | ■ | अ | स्त | ■ | मा | ■ | मा |
| प्र | ख | र | ■ | पा | प | ■ | म | न | च | ला |
| जा | ■ | ■ | शा | ■ | ह | न | न | ■ | ■ | गू |
| प | र | ■ | पि | ह | र | ■ | ह | ■ | शा | ■ |
| ति | जा | र | त | ■ | ण | ■ | र | ह | म | त |

## सूडोकु नवताल - 5422

★★★★ मध्यम

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 5 | | | 8 | | | 3 |
| | 7 | | | 3 | 5 | | | |
| 3 | | | | | | 6 | | |
| | | | | | | | 8 | 5 |
| | 6 | | | 7 | | | 1 | |
| 4 | 2 | | | | | | | |
| | | 1 | | | | | | 8 |
| | | | 7 | 4 | | | 3 | |
| 6 | | | 2 | | | 7 | | |

MANGAL SENACHA, BANGALORE

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

**सूडोकु नवताल - 5421 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 9 | 4 | 8 | 7 | 5 | 1 | 6 | 2 | 3 |
| 3 | 7 | 5 | 6 | 4 | 2 | 1 | 8 | 9 |
| 6 | 2 | 1 | 3 | 9 | 8 | 4 | 7 | 5 |
| 4 | 1 | 3 | 8 | 6 | 7 | 9 | 5 | 2 |
| 5 | 8 | 6 | 9 | 2 | 4 | 3 | 1 | 7 |
| 2 | 9 | 7 | 5 | 1 | 3 | 8 | 4 | 6 |
| 8 | 6 | 4 | 2 | 7 | 9 | 5 | 3 | 1 |
| 7 | 3 | 9 | 1 | 8 | 5 | 2 | 6 | 4 |
| 1 | 5 | 2 | 4 | 3 | 6 | 7 | 9 | 8 |



**बजट पर प्रतिक्रियाएं**

## महिलाओं की समृद्धि, स्वास्थ्य और विकास का बजट



बाल आयोग के पूर्व सदस्य और सामाजिक कार्यकर्ता विभांशु जोशी ने कहा कि मुझे तो यह बजट महिलाओं की समृद्धि, स्वास्थ्य और विकास का बजट लग रहा है क्योंकि यह मोदी सरकार का अंतरिम बजट है जो विकसित भारत के निर्माण के लिए गरीब, महिला, किसान और युवाओं का बजट है। जिसमें स्वास्थ्य को लेकर महत्वपूर्ण घोषणाएं की गई हैं। इस बजट में आंगनबाड़ी और आशा कार्यकर्ताओं को आयुष्मान भारत योजना से जोड़ने की बात है तो वहीं कई अर्से से सामाजिक संगठनों की मांग पर बेटी बचाओ बेटी बढ़ाओ की मुहिम को आगे बढ़ाते हुए 9 से 14 वर्ष की बच्चियों के लिए सर्वाइकल कैंसर टीकाकरण का एक उम्दा उपाय भी है।

## लखपति बहना योजना कारगर सिद्ध होगी




एडवोकेट साधना पाठक ने कहा कि लखपति बहना योजना के लिए जो प्रयास हैं, वह काफी कारगर सिद्ध होंगे क्योंकि प्रधानमंत्री का उद्देश्य ही गरीब महिलाओं और किसान को आगे बढ़ाने का है। इसके साथ ही इस बजट में स्टार्टअप के लिए जो एक लाख करोड़ का इन्वेस्टमेंट की बात है वह भी युवाओं के लिए बेरोजगारों के लिए काफी फायदेमंद सिद्ध होगी और स्वरोजगार की दिशा में हमारे देश को एक नई उम्मीद की किरण मिलेगी।

## आत्मनिर्भर व विकसित भारत की संकल्पना का बजट



भारतीय किसान संघ के राष्ट्रीय महामंत्री मोहिनी मोहन मिश्र ने कहा है कि भारत सरकार का अंतरिम बजट आत्मनिर्भर व विकसित भारत की संकल्पना का बजट है। जिसमें कृषि व किसान के लिए पशुपालन और मत्स्य पालन के माध्यम से आर्थिक उन्नति के मार्ग बनाने की कार्ययोजना है। इसके लिए पशुपालन के लिए नई योजना बनाने की बात बजट में कही गई है। नैनो यूरिया और नैनो डीएपी से महंगी खाद से किसान को निजात मिलेगी।

## एमएसपी को कानून के दायरे में लाया जाए



राष्ट्रीय किसान मजदूर महासंघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष शिवकुमार शर्मा ने कहा कि एमएसपी तय करने से तो सरकार परहेज कर रही है, ऐसे में वर्ष 2024 में किसानों की आय दोगुना कैसे हो जाएगी। कानून के तहत मंडियों का व्यापारीकरण किया गया है। एमएसपी को कानून के दायरे में लिया जाना चाहिए। सरकार वोट के लिए किसानों को गुमराह कर रही है। यह सरकार किसानों को आत्मनिर्भर नहीं बनने देगी। इससे किसानों को उद्योगपतियों पर निर्भरता बढ़ेगी।

## किसानों की आय दोगुना करने की गारंटी गायब



किसान जागृति संगठन के प्रमुख इरफान जाफर ने कहा कि किसान अनुमान लगा रहे थे कि किसान की आय दोगुना करने के लिए कोई गारंटी स्कीम लाई जाएगी। इस बजट से किसान ठगा हुआ महसूस कर रहा है। फसल का न्यूनतम समर्थन मूल्य देने की मद में कोई नया प्रावधान नहीं किया गया है। उलटे उसकी मद में 30 फीसदी की कमी प्रस्तावित की गई है। लागत का बढ़ना है और यह बजट उस लागत को कम करने की बजाय और बढ़ाने के प्रावधान करता है।

### नारी शक्ति को 'नई शक्ति'

# अब 3 करोड़ 'लखपति दीदी'

सर्वाइकल कैंसर के निवारण के लिए टीकाकरण

"वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने कहा है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का दृढ़ विश्वास है हमें चार प्रमुख जातियों पर ध्यान केंद्रित करने की आवश्यकता है। ये जातियां हैं 'गरीब', 'महिलाएं', 'युवा' और 'अन्नदाता'। उनकी आवश्यकताएं, उनकी आकांक्षाएं और उनका कल्याण हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता है। देश की प्रगति होती है जब वे प्रगति करते हैं। इन चारों जातियों को अपने जीवन को बेहतर बनाने के प्रयास में सरकारी सहायता की आवश्यकता और उन्हें सरकारी सहायता मिल भी रही है। उनके सशक्तिकरण से और उनके कल्याण से देश आगे बढ़ेगा।"



आशा बहनों को मिलेगा आयुष्मान योजना का लाभ

### पीएम आवास में 70% महिलाओं को घर

*उन्होंने कहा कि 'ट्रिपल तलाक' को गैर-कानूनी बनाने, लोक सभा और राज्य विधान सभाओं में महिलाओं के लिए एक-तिहाई सीटें आरक्षित करने और पीएम आवास योजना के तहत ग्रामीण क्षेत्रों में महिलाओं को एकल या संयुक्त मालिकों के रूप में 70 प्रतिशत से अधिक घर देने के फलस्वरूप उनका सम्मान बढ़ा है।*

### 9 करोड़ महिलाओं के 83 लाख स्व-सहायता समूह

अंतरिम बजट में महिलाओं के लिए कई योजनाओं की घोषणा की। सरकार ने लखपति दीदी का लक्ष्य 2 करोड़ से बढ़ाकर 3 करोड़ करने का फैसला किया है। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने कहा कि 9 करोड़ महिलाओं के 83 लाख स्व-सहायता समूह सशक्तिकरण और आत्मनिर्भरता से ग्रामीण सामाजिक-आर्थिक परिदृश्य में बदलाव ला रहे हैं। इनकी सफलता से अब तक लगभग एक करोड़ महिलाएं लखपति दीदी बन चुकी हैं। वे अन्य महिलाओं के लिए प्रेरणा बन गई हैं। उन्हें सम्मानित करके उनकी उपलब्धियों को मान्यता प्रदान की जाएगी। इस सफलता से उत्साहित होकर लखपति दीदी का लक्ष्य 2 करोड़ से बढ़ाकर 3 करोड़ करने का निर्णय लिया गया है।

### आंगनबाड़ी कार्यक्रमों में तेजी

*संसद में अंतरिम बजट पेश करते हुए वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने कहा कि आंगनबाड़ी कार्यक्रमों में तेजी लाई जाएगी। आयुष्मान भारत योजना के अंतर्गत स्वास्थ्य देखरेख सुरक्षा में सभी आशा कार्यकर्ताओं, आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं और सहायिकाओं को भी शामिल किया जाएगा। सरकार सर्वाइकल कैंसर के निवारण के लिए 9 से 14 वर्ष की आयु की बालिकाओं के टीकाकरण को प्रोत्साहित करेगी।*

### नया यू-विन प्लेटफॉर्म

*मातृ एवं शिशु देखरेख की विभिन्न योजनाओं के कार्यान्वयन में तालमेल के लिए इन्हें एक व्यापक कार्यक्रम के अंतर्गत लाया जाएगा। बेहतर पोषण उपलब्ध कराकर, प्रारंभिक बाल्यावस्था देखरेख और विकास के लिए "सक्षम आंगनवाड़ी और पोषण 2.0" के अंतर्गत आंगनवाड़ी केंद्रों के उन्नयन में तेजी लाई जाएगी। टीकाकरण के प्रबंधन के लिए तैयार किया गया नया यू-विन प्लेटफॉर्म और मिशन इंद्रधनुष के गहन प्रयास को पूरे देश में तेजी से आरंभ किया जाएगा।*

## आंत्रप्रेन्योर्स के लिए 1 लाख करोड़ का कोष बनाया जाएगा



केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने बजट पेश करने के दौरान कहा कि देश के युवा डॉक्टर बनकर देश की सेवा करने की आकांक्षा रखते हैं। इसे ध्यान में रखते हुए सरकार मौजूदा हॉस्पिटल इंफ्रास्ट्रक्चर को विकसित करके नए मेडिकल कॉलेज स्थापित किए जाएंगे। इसके लिए एक कमेटी का गठन किया जाएगा। उन्होंने कहा कि सरकार द्वारा एक लाख करोड़ रुपए का कोष बनाया जाएगा। ये कोष 50 साल तक ब्याज मुक्त ऋण देगा। सीतारमण ने कहा कि हमारे युवा देश की उच्च आकांक्षाएं हैं, अपने वर्तमान पर गर्व है और उज्ज्वल भविष्य के लिए आशा और विश्वास है। राष्ट्रीय शिक्षा नीति, 2020 से परिवर्तनकारी सुधार लाए जा रहे हैं। उदीयमान भारत के लिए पीएम स्कूल (पीएम श्री) में गुणवत्तापूर्ण पढ़ाई हो रही है, और बच्चों का समग्र और चहुंमुखी विकास किया जा रहा है। हमारी समृद्धि युवाओं को पर्याप्त रूप से साधन संपन्न करने और सशक्त बनाने पर निर्भर करती है।

### स्किल इंडिया मिशन में 1.4 करोड़ युवा प्रशिक्षित

वित्त मंत्री ने कहा स्किल इंडिया मिशन के अंतर्गत 1.4 करोड़ युवाओं को प्रशिक्षित किया गया है, 54 लाख युवाओं का कौशल-उन्नयन किया गया है तथा उन्हें दूसरे हुनर में कुशल बनाया गया है और 3000 नई आईटीआई स्थापित की गई हैं। उच्चतर शिक्षा के लिए बड़ी संख्या में नए संस्थानों के अंतर्गत 7 आईआईटी, 16 आईआईआईटी, 7 आईआईएम, 15 एम्स और 390 विश्वविद्यालय स्थापित किए गए हैं। पीएम मुद्रा योजना के अंतर्गत, हमारे युवाओं की उद्यमिता से जुड़ी आकांक्षाओं को पूरा करने के लिए 22.5 लाख करोड़ रुपए मूल्य के कुल 43 करोड़ ऋण मंजूर किए गए हैं। इसके अलावा, निधियों की निधि, स्टार्ट-अप इंडिया और स्टार्ट-अप क्रेडिट गारंटी जैसी योजनाओं से भी हमारे युवा वर्ग को सहायता प्रदान की जा रही है। वे भी 'रोजगारदाता' बन रहे हैं।

## 'नमो ड्रोन दीदी' योजना में 500 करोड़ मिलेंगे इसी वर्ष

### तीन वर्षों के लिए 1,261 करोड़ रुपए



सरकार ने महिला स्वयं सहायता समूहों (एसएचजी) को तीन वर्षों के लिए 1,261 करोड़ रुपए के परिव्यय के साथ ड्रोन प्रदान करने के लिए केंद्रीय क्षेत्र की योजना को भी स्वीकृति प्रदान की है। इस योजना का लक्ष्य किसानों को किराए की सेवाएं प्रदान करने के लिए 15,000 चयनित एसएचजी को ड्रोन प्रदान करना है। कुल 15,000 ड्रोनों में से, पहले 500 ड्रोन वर्ष 2023-24 में प्रमुख उर्वरक कंपनियों द्वारा चयनित एसएचजी को वितरण के लिए अपने आंतरिक संसाधनों का उपयोग करके खरीदे जाएंगे।

### एसएसएचजी को 5% ब्याज छूट

एसएसएचजी के समूह स्तरीय संघ (सीएलएफ) राष्ट्रीय कृषि अवसंरचना वित्तीय सुविधा (एआईएफ) के अंतर्गत ऋण के रूप में शेष राशि (खरीद की कुल लागत घटाकर सब्सिडी) बढ़ा सकते हैं। समूह स्तरीय संघ (सीएलएफ) को एआईएफ ऋण पर 3 प्रतिशत की दर से ब्याज में छूट प्रदान की जाएगी। यह योजना किसानों के लाभ के लिए बेहतर दक्षता, फसल की पैदावार बढ़ाने और संचालन की कम लागत के लिए कृषि में उन्नत प्रौद्योगिकी को सम्मिलित करने में मदद करेगी। यह योजना एसएचजी को स्थायी व्यवसाय और आजीविका सहायता भी प्रदान करेगी और वे कम से कम 1 लाख रुपए प्रति वर्ष की अतिरिक्त आय अर्जित करने में सक्षम होंगे।

## 'आत्मनिर्भर तिलहन अभियान'

निर्मला सीतारमण ने कहा कि कृषि-क्षेत्र समावेशी, संतुलित, उच्चतर वृद्धि और उत्पादकता की ओर अग्रसर है। इन्हें कृषक-केंद्रित नीतियां लाकर, किसानों को उनके आय अर्जन में सहायता देकर, कीमत और बीमा के माध्यम से जोखिम कवरेज देकर, स्टार्ट-अप के माध्यम से प्रौद्योगिकी और नवाचारों को बढ़ावा देकर सुगम किया गया है।



उन्होंने कहा कि वर्ष 2022 में घोषित पहल से आगे बढ़ते हुए सरसों, मूंगफली, तिल, सोयाबीन और सूरजमुखी जैसे तिलहनों के संबंध में 'आत्मनिर्भरता' प्राप्त करने के लिए कार्यनीति तैयार की जाएगी। इसमें अधिक उपज देने वाली किस्मों के लिए अनुसंधान, आधुनिक कृषि तकनीकों को व्यापक पैमाने पर अपनाने, बाजार संपर्कों, खरीद, मूल्य-वर्धन और फसल बीमा को शामिल किया जाएगा।

### जैव-विनिर्माण और बायो-फाउंड्री

हरित विकास को बढ़ावा देने के लिए, जैव-विनिर्माण और बायो-फाउंड्री की एक नई योजना शुरू की जाएगी। यह योजना जैव अपघट्य बहुलक, जैव-प्लास्टिक, जैव-भेषज और जैव-कृषि-इनपुट जैसे पर्यावरण हितैषी विकल्प उपलब्ध कराएगी। नैनो यूरिया को सफलतापूर्वक अपनाए जाने के बाद सभी कृषि-जलवायु क्षेत्रों में विभिन्न फसलों पर नैनो डीएपी का प्रयोग किया जाएगा।

### पांच एकीकृत एक्वापार्क स्थापित किए जाएंगे



प्रधान मंत्री मत्स्य संपदा योजना (पीएमएमएसवाई) के कार्यान्वयन को बढ़ावा दिया जाएगा, जिसके द्वारा जलकृषि उत्पादकता को प्रति हेक्टेयर मौजूदा 3 टन से बढ़ाकर 5 टन किया जाएगा। निर्यात को दोगुना बढ़ाकर 1 लाख करोड़ तक पहुंचाया जाएगा और निकट भविष्य में रोजगार के 55 लाख अवसरों का सृजन किया जाएगा। पांच एकीकृत एक्वापार्कों की स्थापना की जाएगी।

### तटीय एक्वाकल्चर और मारिकल्चर योजना शुरू

ब्लू इकोनोमी 2.0 के लिए जलवायु के अनुकूल कार्यकलापों को बढ़ावा देने के लिए एकीकृत और बहुविषयक दृष्टिकोण के साथ, पुनःस्थापन एवं अनुकूलन उपायों, और तटीय एक्वाकल्चर और मारिकल्चर की एक योजना शुरू की जाएगी।

केंद्रीय वित्त मंत्री ने कहा कि मछुआरों की सहायता करने के महत्व को समझते हुए अलग मत्स्यपालन विभाग की स्थापना की। इसके परिणामस्वरूप इनलैंड और जलकृषि उत्पादन दोगुना हो गया है। वर्ष 2013-14 से सीफूड का निर्यात भी दोगुना हो गया है।

**11.8**
करोड़ सीमांत और छोटे किसानों को पीएम-किसान सम्मान योजना के अंतर्गत हर वर्ष कुल 6000 रुपए की वित्तीय सहायता तीन किस्तों में प्रदान की जाती है।

**4**
करोड़ किसानों को पीएम फसल बीमा योजना के तहत फसल बीमा प्रदान किया गया है। यह योजना प्राकृतिक आपदाओं में किसानों का जोखिम को कम करती है।




**3**
लाख करोड़ मूल्य का कारोबार 'ई-नाम' में हो रहा। 1.8 करोड़ किसानों को ये सेवाएं मिल रही हैं। 1361 मंडियां एकीकृत की गईं।

**38**
लाख किसान प्रधानमंत्री किसान संपदा योजना से लाभान्वित हुए हैं और रोजगार के 10 लाख अवसरों का सृजन हुआ है। यह योजना मछुआरों के लिए वरदान है।

**एक्सपर्ट कमेंट**

## किसानों को अभी भी सरकार समर्थित आय की बहुत अधिक आवश्यकता



देविंदर शर्मा
कृषि विशेषज्ञ

स्वयं सहायता समूहों के माध्यम से 3 करोड़ महिलाओं को लखपति दीदी बनाने की घोषणा बहुत महत्वपूर्ण है। आंध्र प्रदेश और तेलंगाना में महिलाओं के अधिक समूह हैं जो बहुत अच्छे ढंग से संचालित हो रहे हैं। ये समूह एग्रो इकोलॉजी में बहुत अच्छा काम करते हुए एक आदर्श मॉडल प्रस्तुत कर रहे हैं। बजट में इस घोषणा के बाद यह उम्मीद की जा सकती है कि स्वयं सहायता समूह का यह मॉडल दक्षिण भारत से उत्तर भारत में फैलेगा और लोकप्रिय होगा। सरकार ने मत्स्यपालन और डेयरी में भी ध्यान केंद्रित किया है। वित्त मंत्री ने इस बात पर जोर दिया है कि डेयरी किसानों की सहायता के लिए व्यापक कार्यक्रम तैयार किया जाएगा। भारत विश्व का सबसे बड़ा दुग्ध उत्पादक देश है लेकिन देश में दुधारू पशुओं की दुग्ध उत्पादकता कम है। राष्ट्रीय गोकुल मिशन, राष्ट्रीय पशुधन मिशन और डेयरी प्रसंस्करण एवं पशुपालन के लिए अवसंरचना विकास निधि जैसी मौजूदा योजनाओं की सफलताओं से पशुओं की दुग्ध उत्पादकता बढ़ाने में सफलता मिलेगी। बजट में पीएम-किसान योजना के तहत किसानों को 6000 रुपए की राशि बढ़ाकर 12000 रुपए की जानी चाहिए थी इससे किसानों को सीधा लाभ मिलता। कृषि उपजों के आयात शुल्क में कमी नहीं करनी चाहिए। यह नीति किसान का अहित करती है।

## यह बजट नए भारत के निर्माण का एक तरह से सूर्योदय, बड़े लक्ष्य-बड़े समाधान

जल जोड़ो अभियान के संचालक संजय सिंह ने कहा कि यह मोदी सरकार के कार्यकाल का दूसरा अंतरिम बजट था। निर्मला सीतारमण ने कहा कि सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता गरीब, महिलाएं, किसान और युवा हैं, उन्होंने यह भी कहा कि सरकार के सबका साथ, सबका विकास पर ध्यान देने से अर्थव्यवस्था ठीक हो रही है, साल 2047 तक भारत एक विकसित राज्य बन जाएगा। अंतरिम बजट में रेलवे, एविएशन और बंदरगाहों सहित बुनियादी ढांचे पर बड़ा जोर रहा। पोर्ट कनेक्टिविटी, टूरिज्म इंफ्रास्ट्रक्चर और फैसिलिटी को बढ़ावा देने के लिए विभिन्न परियोजनाएं, कृषि जलवायु क्षेत्रों में विभिन्न फसलों पर नैनो डीएपी का प्रयोग, कृषि क्षेत्र की और वृद्धि के लिए, सरकार फसल कटाई के बाद की गतिविधियों में सार्वजनिक और निजी निवेश को और बढ़ावा देगी। 1 करोड़ लोगों के घरों पर सूर्योदय योजना के तहत सोलर पैनल लगाकर 300 यूनिट की मुफ्त बिजली उपलब्ध होगी, तीन नए रेल कॉरिडोर का निर्माण एवं 40 हजार नॉर्मल रेल डिब्बों को वंदे भारत में बदला जाएगा। इसके अलावा ज्यादा से ज्यादा मेडिकल कॉलेज की स्थापना, आयुष्मान भारत योजना से आशा और आंगनवाडी कार्यकर्ताओं को लाभ, पीएम आवास योजना ग्रामीण के अगले पांच वर्षों में 2 करोड़ घर बनाने का लक्ष्य शामिल है।



संजय सिंह
संचालक
जल जोड़ो अभियान
भोपाल

क्रिकेट : मैच का प्रसारण स्टार स्पोर्ट्स पर आज सुबह 9.30 बजे से

# इंग्लैंड के बैजबॉल के खिलाफ भारत को करना होगा रणनीति में बदलाव

एजेंसी ▶▶| विशाखापट्टनम

पहला टेस्ट गंवाने के बाद भारत को शुक्रवार से शुरू हो रहे दूसरे क्रिकेट टेस्ट में इंग्लैंड की बेखौफ 'बैजबॉल' शैली का सामना करने के लिए बेहतर रणनीति के साथ उतरना होगा। अपनी धरती पर काफी मजबूत भारतीय टीम को हैदराबाद में पहले टेस्ट में पराजय झेलनी पड़ी। उसके बाद रविंद्र जडेजा और केएल राहुल के चोट के कारण बाहर होने से उसका काम और मुश्किल हो गया है। तीन साल पहले भी भारतीय टीम को इन्हीं हालात से दो चार होना पड़ा था जब चेन्नई में पहले टेस्ट में उसे इंग्लैंड ने हराया था लेकिन वापसी करके भारत ने श्रृंखला जीती थी।

### स्वीप और रिवर्स स्वीप से मिली हार

जो रूट की कप्तानी वाली वह टीम हालांकि अलग थी और इस बार भारत को वापसी करने के लिए इंग्लैंड की ऐसी टीम को हराना होगा जिसने टेस्ट क्रिकेट खेलने के मानदंड ही बदल दिए हैं। हैदराबाद में पहली पारी में 190 रन से पिछड़ने के बाद उसने आक्रामक खेल की अपनी 'बैजबॉल' शैली से वापसी करके 28 रन से मैच जीता। ओली पोप ने स्वीप और रिवर्स स्वीप की ढाल बनाकर भारतीय फिरकी आक्रमण को बखूबी झेला जिससे रोहित शर्मा और उनकी टीम हैरान रह गई। पोप के आगे भारत का विख्यात स्पिन आक्रमण बौना साबित हो गया।



**युवा ब्रिगेड पर दबाव**

भारतीय बल्लेबाजों को भी पहले टेस्ट में नए स्पिनर टॉम हार्टली ने परेशान किया। दूसरी पारी में सिर्फ रोहित आत्मविश्वास से भरे दिखे जबकि शुभमन गिल समेत युवा ब्रिगेड ने निराश किया। गिल को रक्षात्मक खेल का खामियाजा उठाना पड़ा। तीसरे टेस्ट में विराट कोहली की वापसी होगा जिससे गिल और श्रेयस अय्यर पर अच्छे प्रदर्शन का काफी दबाव होगा। केएल राहुल की जगह रजत पाटीदार खेल सकते हैं। घरेलू क्रिकेट में काफी रन बनाने के बाद आखिरकार सरफराज खान को चयनकर्ताओं ने मौका दिया है और वह पदार्पण को बेताब होंगे।

### गेंदबाजों को करना होगा बेहतर प्रदर्शन

दूसरे टेस्ट में भारत के पास जडेजा नहीं होंगे और 500 टेस्ट विकेट से चार विकेट दूर रविचंद्रन अश्विन को बेहतर प्रदर्शन करना होगा। इसके साथ ही अक्षर पटेल को भी विकेट लेने तथा रनों पर रोक लगाने के नए तरीके तलाशने होंगे। जडेजा की गैर मौजूदगी में कुलदीप यादव खेल सकते हैं और यह देखना होगा कि भारत जसप्रीत बुमराह के रूप में एक तेज गेंदबाज के साथ उतरता है या वॉशिंगटन सुंदर के रूप में एक और स्पिनर को उतारता है। बाएं हाथ के स्पिनर सौरभ कुमार को भी टीम में जगह दी गई है।



### इंग्लैंड के पास बढ़त का मौका

इंग्लैंड के पास 2-0 से बढ़त बनाने का सुनहरा मौका है। बेन स्टोक्स ने बेहतरीन कप्तानी का नमूना पेश करते हुए अपने संसाधनों का बखूबी इस्तेमाल किया। युवा स्पिनर हार्टली को पहली पारी में अतिरिक्त स्पैल देना उनका मास्टर स्ट्रोक रहा। इंग्लैंड के लिए चिंता का विषय अनुभवी स्पिनर जैक लीच का चोटिल होना है। युवा आफ स्पिनर शोएब बशीर को उनकी जगह उतारा जा सकता था लेकिन वह भी उपलब्ध नहीं हैं। मैकुलम ने कहा, 'पहले टेस्ट की तरह की पिच टर्न लेगी तो हम चौतरफा स्पिन आक्रमण उतार सकते हैं।'

## सुपर सिक्स में आज नेपाल से होगा भारत का सामना

**ब्लोमफोंटेन।** शानदार फॉर्म में चल रही भारतीय टीम शुक्रवार को यहां आईसीसी अंडर 19 विश्व कप के ग्रुप वन के आखिरी सुपर सिक्स मैच में उतरेगी तो नेपाल को हराकर सेमीफाइनल में पूरे आत्मविश्वास के साथ उतरने का लक्ष्य होगा। सुपर सिक्स से शीर्ष दो टीमें सेमीफाइनल खेलेंगी। पाकिस्तान (प्लस 1.06) और भारत (प्लस 3.32) दोनों के छह अंक हैं लेकिन नेट रनरेट बेहतर होने से भारत शीर्ष पर है। उदय सहारन की कप्तानी वाली भारतीय टीम अभी तक हारी नहीं है और नेपाल जैसी कमजोर टीम से किसी उलटफेर की उम्मीद भी नहीं है। भारत ने ग्रुप वन में सारे मैच जीते हैं जबकि नेपाल ने एक भी मैच नहीं जीता। मुंबई के बल्लेबाज सरफराज के छोटे भाई मुशीर खान ने 81 से ऊपर की औसत से दो शतक समेत 325 रन बनाए हैं। बाएं हाथ के स्पिनर स्वामी कुमार पांडे ने अभी तक 12 विकेट ले लिए हैं।

**भोपाल सहकारी दुग्ध संघ मर्यादित**
(म.प्र. सहकारी सोसायटीज अधिनियम 1960 के अधीन पंजीकृत)
भोपाल डेयरी प्लांट, हबीबगंज भोपाल-462024 म.प्र. (भारत)
EPBX : 0755-2478250, 51, 53 Fax : 0755-2450896
E-mail : bsdsim@gmail.com, sanchi.bhopal@gmail.com

**जाहिर सूचना**

मध्यप्रदेश कर्मचारी चयन मण्डल भोपाल द्वारा समूह 2 उपसमूह 3 के अंतर्गत संयुक्त भर्ती परीक्षा 2022 के द्वारा भोपाल सहकारी दुग्ध संघ के सीधी भर्ती के रिक्त पदों पर प्रतीक्षा सूची के अभ्यर्थियों के मूल दस्तावेजों का सत्यापन दिनांक 08.02.2024 को किया जाना है। उक्त दस्तावेज सत्यापन की सूचना प्रतीक्षा सूची के अभ्यर्थियों को उनके निवास स्थान के पते पर रजिस्टर्ड डाक से प्रेषित की गई है, साथ ही भोपाल सहकारी दुग्ध संघ की वेबसाइट www.sanchibhopal.com एवं एमपीसीडीएफ की वेबसाइट www.sanchidairy.com पर भी दस्तावेज सत्यापन की सूचना अपलोड कर संबंधितों को सूचित किया जा चुका है।

अत: प्रतीक्षा सूची के अभ्यर्थियों को सूचित किया जाता है कि उक्त दस्तावेज सत्यापन में वेबासाइट पर अपलोड जीवन वृत्त (बायोडाटा) को दो प्रतियों में पूर्ण रूप से भरकर आपके द्वारा आवेदित पद हेतु प्रस्तुत आवेदन में उल्लेखित शैक्षणिक योग्यता, जन्मतिथि, जाति प्रमाण-पत्र/ईडब्ल्यूएस प्रमाण-पत्र, भूतपूर्व सैनिक/विकलांग प्रमाण-पत्र, स्थायी निवासी प्रमाण-पत्र, रोजगार कार्यालय का जीवित पंजीयन, फोटो युक्त आईडी आदि दस्तावेजों का मूल दस्तावेजों से मिलान/सत्यापन कराने हेतु **दिनांक 08.02.2024 को प्रात: 11.00 बजे एम.पी. स्टेट को-ऑपरेटिव डेयरी फेडरेशन लि. में स्थित भोपाल सहकारी दुग्ध संघ के प्रशिक्षण केन्द्र, आईएसबीटी के सामने, हबीबगंज, भोपाल में** उक्त वांछित मूल दस्तावेजों, उनकी छायाप्रतियों (दो सेट) एवं पासपोर्ट साइज रंगीन फोटो (दो प्रति) सहित स्वयं उपस्थित होवें। निर्धारित दिनांक एवं समय पर समस्त वांछित दस्तावेजों के साथ उपस्थित न होने की स्थिति में आपकी उम्मीदवारी निरस्त कर दी जावेगी जिसके लिए आप स्वयं जिम्मेदार होंगे।

म.प्र. माध्यम/113551/2024 — प्रभारी प्रशासन

**SECTION 1**
GOVERNMENT OF MADHYA PRADESH NARMADA VALLEY DEVELOPMENT DEPARTMENT
OFFICE OF THE CHIEF ENGINEER RANI AVANTI BAI LODHI SAGAR PROJECT
BARGI HILLS JABALPUR (M.P.) - 482050
Phone No. 0761-2672230 E-mail cerablsp@yahoo.co.in
Fax No.- 0761-2673732
NIT NO.SD/G/CE/2023-24 **NOTICE INVITING TENDER (2nd CALL)** Dated 18/01/2024

Online tenders are invited in Percentage Basis (in Form "A") based on M.P. W.R.D. U.C.S.R. in force from 01-09-2017 & Amendment on dated 09-03-2021 for following works from registered contractor under centralized registration system with Engineer-in-Chief P.W.D. Bhopal and firms of repute fulfilling registration criteria:

| S. No. | Work | District(s) | Probable Amount (Rs. in Rs.) | Completion Period (months) |
|---|---|---|---|---|
| 1 | Work for supply & fixing of 30 HP booster pump for pump house no. 01 at Bargi Nagar | Jabalpur | Rs. 6,82,877.00 (Rs. Six Lakh eighty two Thousand eight hundred seventy seven only) (Based on WRD USR 01.09.2017 | 30 Days. |

1. Detailed of NIT information of the tender can be obtained website https://www.mptenders.gov.in. 2. The tender document can be purchased only online form above website after making online payment using Debit Card or Internet Account. 3. Date of purchase of tender document: 19-01-2024, 17.30 hrs. to 09-02- 2024., 17.30 hrs. 4. Amendments to NIT, if any, would be published on website only, and not in newspaper.

(D.L. Verma) Chief Engineer
Rani Avanti Bai Lodhi Sagar Project,
Bargi Hills, Jabalpur.

G-23611/23

## चेन्नई ओपन : भारत की अगुवाई करेंगे नागल



एजेंसी ▶▶| चेन्नई

हाल में ग्रैंडस्लैम टूर्नामेंट में वरीय खिलाड़ी को पराजित करने वाले पहले भारतीय बने सुमित नागल रविवार से शुरू होने वाले चेन्नई ओपन एटीपी चैलेंजर 100 टूर्नामेंट के पुरुष एकल में भारतीय चुनौती की अगुवाई करेंगे।

नागल ने पिछले महीने आस्ट्रेलियाई ओपन में कजाखस्तान के 31वें वरीय और विश्व रैंकिंग में 27वें स्थान पर काबिज एलेक्जेंडर बुलब्लिक को हराकर दूसरे दौर में प्रवेश किया था। अभी उनकी विश्व रैंकिंग 121 है। रामकुमार रामनाथन और मुकुंद शशिकुमार पुरुष एकल में अन्य भारतीय खिलाड़ी होंगे जिन्हें मुख्य ड्रा में वाइल्डकार्ड दिया गया है। इटली के लुका नार्डी शीर्ष वरीय खिलाड़ी होंगे। टूर्नामेंट में 14 देशों के खिलाड़ी शिरकत कर रहे हैं लेकिन पिछले साल के विजेता आस्ट्रेलिया के मैक्स पुर्सेल इस दफा हिस्सा नहीं ले रहे हैं क्योंकि वह अन्य एटीपी प्रतियोगिता में खेल रहे हैं। युगल वर्ग में भारत के अर्जुन काधे और जीवन नेदुनचेझियान शीर्ष वरीय हैं। देश में खेले जाने वाली चार चैलेंजर सीरीज में यह पहला टूर्नामेंट हैं जबकि अन्य बेंगलुरु, पुणे और दिल्ली में खेले जायेंगे। एकल मुख्य ड्रा में 32 खिलाड़ी और युगल में 16 जोड़ियां हार्डकोर्ट पर उतरेंगी जिसकी कुल पुरस्कार राशि 1,33,250 डॉलर होगी।

## हरमनप्रीत को प्रो-लीग के लिए भारतीय हॉकी टीम की कमान



*नई दिल्ली। अनुभवी ड्रैग फ्लिकर हरमनप्रीत सिंह भुवनेश्वर और राउरकेला में होने वाले एफआईएच प्रो लीग के मैचों में भारतीय पुरुष हॉकी टीम के कप्तान होंगे। मिडफील्डर हार्दिक सिंह उपकप्तान होंगे। हॉकी इंडिया ने दोहरे चरण के मुकाबलों के लिए गुरुवार को 24 सदस्यीय टीम का ऐलान किया। भुवनेश्वर चरण 10 फरवरी से शुरू होकर 16 फरवरी तक चलेगा जबकि राउरकेला चरण 19 से 25 फरवरी तक होगा। भारतीय टीम आयरलैंड, नीदरलैंड, स्पेन और आस्ट्रेलिया से दो दो बार खेलेगी।*

**भारतीय टीम**

*गोलकीपर : पी आर श्रीजेश और कृशन बहादुर पाठक।*
*डिफेंडर : हरमनप्रीत, अमित रोहिदास , जरमनप्रीत सिंह, वरूण कुमार, सुमित , संजय, जुगराज सिंह और विष्णुकांत सिंह*
*मिडफील्डर : हार्दिक, मनप्रीत सिंह, विवेक सागर प्रसाद, शमशेर सिंह, राजकुमार पाल, नीलाकांता शर्मा और रबिचंद्र सिंह मोइरेंगथेम*
*फॉरवर्ड : ललित उपाध्याय, मनदीप सिंह, गुरजंत सिंह, सुखजीत सिंह, अभिषेक, आकाशदीप सिंह और अराइजीत सिंह हुंडल।*

## वॉशिंगटन फ्रीडम के कोच होंगे पोंटिंग

**सिडनी।** आस्ट्रेलिया के महान क्रिकेटर रिकी पोंटिंग अमेरिका के मेजर लीग क्रिकेट में वॉशिंगटन फ्रीडम के कोच बन सकते हैं। एमएलसी का दूसरा सत्र वेस्टइंडीज और अमेरिका में होने वाले टी20 विश्व कप के ठीक बाद जुलाई के आरंभ में खेला जाएगा। पोंटिंग ने कहा, 'मैं अभी कुछ पुष्टि नहीं कर सकता।

**दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे**
**ई-निविदा सूचना**

भारत के राष्ट्रपति के लिए एवं उन की ओर से वरिष्ठ मंडल अभियंता (समन्वय), दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे, नागपुर द्वारा निम्नलिखित कार्यों के निष्पादन हेतु ई-निविदा आमंत्रित की जाती है:

**1. निविदा क्र.:** सी/21/एनजीपी/2023-2024 **कार्य का नाम:** एडीईएन, ट्रैक्स, नागपुर के अधिकार क्षेत्र अंतर्गत एमएस एंगल फ्रेम्स और पोस्ट सहित विभिन्न प्रकार के इंजीनियरिंग बोर्ड की आपूर्ति और फिक्सिंग, ग्रेडिएंट पोस्ट बनाना और ठीक करना एवं केएम पोस्ट और फाउलिंग मेक।
**अनुमानित निविदा मूल्य:** ₹ 30,38,466/-
**बयाना राशि:** ₹ 60,800/-

**2. निविदा क्र.:** एस/28/एनजीपी/2023-2024 **कार्य का नाम: (1)** निरीक्षण स्टेप्स का निर्माण (संख्या 34 पुलों पर), बैलास्ट रिटेनर (संख्या 23 पुलों पर), टो वॉल, हाई बैंक स्लोप में बोल्डर पिचिंग (संख्या 19 पुलों पर), फ्लोरिंग (संख्या 02 पुलों पर), इत्यादि। **(2)** एडीईएन, नागभीड़ के अधिकार क्षेत्र अंतर्गत समपार जी-सीएएफ (बीजी) में सुधार।
**अनुमानित निविदा मूल्य:** ₹ 3,38,00,740/-
**बयाना राशि:** ₹ 3,19,000/-

**3. निविदा क्र.:** एस/29/एनजीपी/2023-2024 **कार्य का नाम:** एडीईएन, नागभीड के अधिकार क्षेत्र के तहत नागपुर डिवीजन के वडसा (WSA) गुड्स शेड का उन्नयन / आधुनिकीकरण।
**अनुमानित निविदा मूल्य:** ₹ 63,67,016/-
**बयाना राशि:** ₹ 1,27,400/-

**4. निविदा क्र.:** एन-28-एनजीपी-2023-2024 **कार्य का नाम:** एडीईएन, सीडब्ल्यूए के अधिकार क्षेत्र के अधीन एसएसई-पी.वे, सौसर के अंतर्गत 01 वर्ष की अवधि के लिए ट्रैक के रखरखाव के लिए विविध पी.वे कार्य।
**अनुमानित निविदा मूल्य:** ₹ 62,09,766/-
**बयाना राशि:** ₹ 1,24,200/-

उपरोक्त निविदाओं के लिए बोलीदाता अपनी मूल / संशोधित बोलियां दि. **23.02.2024** के **15:00** बजे तक जमा कर सकते है। मैनुअल प्रस्तावों की अनुमति नहीं है। अन्य विवरण वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध है।

**मंडल अभियंता,**
AIM/49-226 **दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे, नागपुर**

स्वच्छ भारत अभियान — एक कदम स्वच्छता की ओर

**कार्यालय मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी**
**जिला-बालाघाट (म. प्र.)**
07632-241099(Office),E-Mail-cmhobal@mp.nic.in, Visit us at www.mp.gov.in/health
क्रमांक/निविदा/2023/767 बालाघाट, दिनांक : 31 जनवरी 2024

**संशोधित निविदा सूचना**

कार्यालय पत्र क्रमांक / निविदा / 2023 / 391, बालाघाट, दिनांक 16 जनवरी 2024 द्वारा जारी सूचना अनुरूप लोक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग के अंतर्गत बालाघाट जिले में संचालित समस्त कार्यालय एवं समस्त चिकित्सा संस्थाओं में वर्ष 2024-25 के लिए साफ-सफाई, सुरक्षा सेवा, आऊटसोर्स मानव संसाधन एवं मोबीलिटी सर्पोट वाहन के लिये विभिन्न प्रवर्गो में आमंत्रित निविदा अपरिहार्य कारणवश https://www.mpetender.gov.in में निविदा प्रकाशित ना हो पाने के कारण उक्त निविदा प्रक्रिया कार्यवाही निरस्त करते हुये नवीन निविदा का प्रकाशन शीघ्रताशीघ्र किया जावेगा ।

(डॉ. मनोज पाण्डेय)
मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी
जिला - बालाघाट (म. प्र. )

G-23626/23 — दुर्घटना से दूरी है तो हेलमेट सबसे जरूरी है।

### त्रीशा-गायत्री, मिथुन और अस्मिता जीते

**बैंकॉक।** त्रीशा जॉली और गायत्री गोपीचंद की छठी वरीय भारतीय जोड़ी ने गुरुवार को यहां थाईलैंड मास्टर्स बैडमिंटन टर्नामेंट के महिल युगल क्वार्टर फाइनल में जगह बनाई। त्रीशा और गायत्री ने प्री क्वार्टर फाइनल में तनीषा क्रास्टो और अश्विनी पोनप्पा की हमवतन भारतीय जोड़ी को सीधे गेम में 21-15, 24-22 से हराया। मिथुन मंजूनाथ ने किदाम्बी श्रीकांत को 54 मिनट में 21-9, 13-21, 21-17 से हराया। अस्मिता खलिहा भी चीनी ताइपे की यू पो पाइ को 21-12, 15-21, 21-17 से मैच जीतने में सफल रहीं।

### कार हादसे के बाद पैर खोने का डर था

**नई दिल्ली।** भारत के विकेटकीपर बल्लेबाज ऋषभ पंत ने कहा है कि 13 महीने पहले हुए भयावह कार हादसे के बाद उन्हें अपना दाहिना पैर गंवाने का डर था। पंत दिसंबर 2022 में दिल्ली से अपने परिवार के पास अपने शहर रूड़की जा रहे थे जब उनकी कार सड़क के बीच डिवाइडर से टकरा गई। उन्होंने स्टार स्पोर्टर्स की सीरिज 'बिलीव : टू डैथ एंड बैक' में कहा, 'अगर कोई नस क्षतिग्रस्त होती तो पैर गंवाने का डर था। मैं उस समय डर गया था। मैंने एसयूवी ली थी लेकिन वह बाद में सेडान लग रही थी।'

**कार्यालय नगर पालिक निगम, कटनी (म.प्र.)**
क्रमांक/3855/लो.नि.वि./निर्माण/2024 **// निविदा आमंत्रण सूचना //** कटनी, दिनांक 30/01/2024

निम्नलिखित कार्य हेतु केन्द्रीयकृत प्रणाली में पंजीकृत ठेकेदारों से ऑन-लाईन निविदायें आमंत्रित की जाती है। निविदा का विस्तृत विवरण वेबसाईट https://mptenders.gov.in पर देखा जा सकता है ।

| क्रं. | टेण्डर कमांक जारी दिनांक | कार्य का नाम | कार्य की समयावधि एवं लागत | निविदा प्रपत्र का मूल्य एवं ई.एम.डी. | निविदा की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 1. | 2024_UAD_329113_1 | वंशस्वरूप वार्ड क्रमांक 29 में स्थित लाल पहाड़ी क्षेत्र में सीसी रोड निर्माण कार्य। | 120 days 22,02,756/- | 5000/- 16,521/- | 04/03/2024 |
| 2. | 2024_UAD_329113_2 | वंशस्वरूप वार्ड क्रमांक 29 में स्थित लाल पहाड़ी क्षेत्र में सीसी नाली निर्माण कार्य। | 120 days 17,40,796/- | 2000/- 13,056/- | 04/03/2024 |

नोट- निविदा से संबंधित किसी भी प्रकार के संशोधन का प्रकाशन https://mptenders.gov.in की वेबसाईट पर ही किया जावेगा, पृथक से समाचार पत्र में प्रकाशन नहीं किया जावेगा।

कार्यपालन यंत्री, वास्ते आयुक्त
नगर पालिक निगम, कटनी

**मध्यप्रदेश शासन नर्मदा घाटी विकास प्राधिकरण**
**कार्यालय कार्यपालन यंत्री (वि./यां.) संभाग क्रमांक-2, बरगीनगर, जबलपुर (म.प्र.) - 482056**
**निविदा आमंत्रण सूचना वास्ते प्रकाशन** Email ID-eeemdv2bargidam@gmail.com

निम्न कार्य की ऑन लाइन निविदा प्रतिशत दर (अपेंडिक्स 2.10) ई-प्रोक्यूरमेंट सिस्टम पोर्टल www.mptenders.gov.in पर जारी की जा रही है। निविदा की संक्षिप्त जानकारी निम्नानुसार है :-

| निविदा क्र. | ई. निविदा क्र. | कार्य का नाम | कार्य की अनुमानित राशि (रू. में) | धरोवर राशि (रू. में) | निविदा प्रपत्र का मूल्य | निविदाकार की श्रेणी | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 |
| 210/तक. 2023-24 दिनांक 30.01.2024 | 2024-NVDA- | बरगी व्यपवर्तन परियोजना दांयी तट नहर की बसा माइनर, बंदरकोला सब माइनर, पिपरिया माइनर, छत्तरपुर माइनर एवं सब माइनर पर लगे हेड रेगुलेटर गेटों का सुधार कार्य। | 84,182.00 (रूपये चौरासी हजार एक सौ बयासी) मात्र | 1684.00 (रू. एक हजार छ: सौ चौरासी) मात्र | 1000.00 (रू. एक हजार) मात्र | प्रमुख अभियंता (लो.नि.वि.) भोपाल में पंजीकृत | 30 दिन (अनुबंध की तिथि से) |
| 211/तक. 2023-24 दिनांक 30.01.2024 | 2024-NVDA- | बरगी व्यपवर्तन परियोजना दांयी तट मुख्य नहर की आर.डी. 11.400 किमी. एवं आर.डी. 17.700 किमी. पर लगे आटोमेटिक टिल्ट गेटों का सुधार कार्य। | 4,93,509.00 (रूपये चार लाख तेरानन्बे हजार पांच सौ नौ) मात्र | 9870.00 (रू. नौ हजार आठ सौ सत्तर) मात्र | 2000.00 (रू. दो हजार) मात्र | प्रमुख अभियंता (लो.नि.वि.) भोपाल में पंजीकृत | 30 दिन (अनुबंध की तिथि से) |
| | | कुल योग रू. | 5,77,691.00 | | | | |

निविदा प्रपत्र क्रय करने की तिथि अंतिम : 21/02/2024, 17:30 तक (केवल आनलाइन)
प्राइज बीड जमा करने की तिथि अंतिम : 21/02/2024, 17:30 तक (केवल आनलाइन)
निविदा की धरोहर राशि खुलने की तिथि : 23/02/2024, 10:30 से 23/02/2024, 17:30 तक (केवल आनलाइन)
प्राइज बीड खुलने की तिथि : 23/02/2024, 10:31 से 23/02/2024, 17:30 तक (केवल आनलाइन)

निविदा प्रपत्र को उपरोक्त वेबसाइट पर केवल ऑन लाइन क्रय किया जा सकता है। ऑन लाइन पर भुगतान डेबिट/कैश कार्ड या इन्टरनेट बैंकिंग अकाउण्ट्स के माध्यम से किया जा सकता हैं। निविदा की विस्तृत जानकारी के लिए वेबसाइट www.mptenders.gov.in का अवलोकन करें।

(शैलेन्द्र राठौर) कार्यपालन यंत्री,
नर्मदा विकास (वि./यॉं.) संभाग क्रमांक-2
बरगीनगर, जबलपुर (म.प्र.)

G-23649/23 — दुर्घटना से दूरी है तो हेलमेट सबसे जरूरी है।

**कार्यालय कलेक्टर एवं पदेन उप सचिव**
**मध्यप्रदेश शासन राजस्व विभाग जिला नरसिंहपुर म.प्र.**
प्रारंभिक अधिसूचना (देखिये धारा 11 )
क्रं. 1617 /अ.वि.अ. / भू-अर्जन /2023 नरसिंहपुर दिनांक 27/12/2023
रा.मा.क्रं. 0001/अ-82/2023-24 मौजा ग्राम- खिरेटी प.ह.नं. 28/7 नं.ब. 93 तहसील सांईखेड़ा

चूंकि समुचित सरकार को यह प्रतीत होता है कि अनुसूची-1 में कार्यपालन यंत्री रानी अवंती बाई लोधी सागर नहर संभाग नरसिंहपुर को नर्मदा नदी पर चिनकी बोरास बराज संयुक्त बहुउद्देशीय परियोजना के लिये बैराज निर्माण हेतु भूमि की आवश्यकता है अथवा आवश्यकता पड़ने की संभावना है। सर्व संबंधित को यह सूचित किया जाता है कि चिनकी बोरास बराज संयुक्त बहुउद्देशीय परियोजना की पर्यावरणीय स्वीकृति (EC Identification NO.- EC23B000MP119529) को राज्य स्तरीय पर्यावरणीय प्रभाव मूल्यांकन प्राधिकरण द्वारा दिनांक 30.01.2023 प्रदाय की गई है। भूमि अर्जन पुनर्वासन और पुनर्व्यवस्थापन में उचित प्रतिकर और पारदर्शिता का अधिकार अधिनियम 2013 की धारा-6 की उपधारा-2 के अनुसार सिंचाई परियोजनाओं के संबंध में जहां पर्यावरणीय प्रभाव निर्धारण की प्रक्रिया की तत्समय प्रवत्त किसी अन्य विधि के प्रावधानों के अधीन अपेक्षा की जाती, सामाजिक प्रभाव निर्धारण से संबंधित इस अधिनियम के प्रावधान लागू नही होंगे। अत: भूमि अर्जन पुनर्वासन और पुनर्व्यवस्थापन सार्वजनिक सूचना के जरिये सभी संबंधित व्यक्तियों को इस आशय की सूचना दी जाती है कि इसके द्वारा उक्त परियोजना हेतु निम्नानुसार भूमि का अर्जन किया जाता है- :

अनुसूची-1
1. परियोजना का नाम : चिनकी बोरास बराज संयुक्त बहुउद्देशीय परियोजना कि लिये डूब क्षेत्र
2. भूमि का विवरण :
   1. जिला : नरसिंहपुर
   2. तहसील : सांईखेड़ा
   3. ग्राम : खिरेटी
   4. प.ह.नं. : 28/7
   5. नं. ब. : 93
   6. अर्जित भूमि का क्षेत्रफल : 0.200 हे.

अनुसूची 2

| क्रं. | हितबद्ध व्यक्ति का नाम एवं पता | स्वामित्व का प्रकार | खसरा नंबर | अर्जित रकबा हे. |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
| 1 | मुरारी प्रसाद पुत्र जमना प्रसाद ब्रा. सा. नरसिंहपुर | भूमिस्वामी | 102/1 | 0.200 |
| | | | कुल योग | 0.200 |

यह अधिसूचना इससे संबंधित सभी व्यक्तियों के लिये भूमि अर्जन पुनर्वासन और पुनर्व्यवस्थापन में उचित प्रतिकर और पारदर्शिता अधिकार अधिनियम 2013 (2013 का 30) की धारा 11 (1) उपबंधों के अधीन जारी की गई है। राज्य सरकार की अधिसूचना क्रमांक - एफ 16 - 15 ( 7 ) - 2014- सात- शा. 2ए भोपाल दिनांक- 29.09.2014 जिसका मध्यप्रदेश राजपत्र दिनांक 03.10.2014 के पृष्ठ क्रमांक 2895 पर प्रकाशन किया गया है। उक्त अधिसूचना के परिपालन में प्रभारी अधिकारी भू-अर्जन शाखा नरसिंहपुर को अधिनियम की धारा-12 द्वारा दी गई शक्ति का प्रयोग करने के लिए निर्देशित किया जाता है। सरकार, उक्त अधिनियम की धारा-12 में यथा उपबंधित एवं विनिर्दिष्ट कार्यपालन यंत्री रानी अवंतीबाई लोधी सागर नहर संभाग नरसिंहपुर और उसके कर्मचारिवृंद को भूमि में प्रवेश करने और उसका सर्वेक्षण करने, किसी भी भूमि के स्तर लेने, अवमृदा में खुदाई करने या वेधन करने और अपने कार्य के उचित निष्पादन के लिये अपेक्षित सभी अन्य कार्य करने के लिये प्राधिकृत करती है। अधिनियम की धारा-11(4) के अधीन कोई भी व्यक्ति कलेक्टर के पूर्व अनुमोदन के बिना ऐसी अधिकारी के प्रकाशन की तारीख से भूमि का कोई भी संव्यवहार नही करेगा या कोई भी संव्यवहार नही होने देगा अर्थात क्रय विक्रय आदि नही करेगा या ऐसी भूमि पर कोई भी विल्लंगम सृजित नही करेगा। अधिनियम की धारा-15(1) के अधीन यथा उपबंधित इस सूचना के प्रकाशन की तारीख से 60 दिनों के भीतर किसी इच्छुक व्यक्ति द्वारा भूमि अर्जन के बारे में कलेक्टर (कक्ष क्रं. 84, भू-अर्जन शाखा, नरसिंहपुर) एवं अनुविभागीय अधिकारी (रा.) गाडरवारा के समक्ष (कार्यालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) गाडरवारा) में आक्षेप यदि कोई हो फाईल किए जा सकेंगे। भमि से संबंधित रेखांकन अनुविभागीय अधिकारी (रा.) अनुविभाग गाडरवारा कार्यालय में किसी भी कार्य दिवस को कार्य समय के दौरान देखा जा सकता है।

मध्यप्रदेश के राज्यपाल के नाम से तथा आदेशानुसार ।

अनुविभागीय अधिकारी (रा.)
गाडरवारा

(ऋजु बाफना ) कलेक्टर एवं पदेन उपसचिव
मध्यप्रदेश शासन राजस्व विभाग
जिला नरसिंहपुर (म.प्र)

G-23609/23 — दुर्घटना से दूरी है तो हेलमेट सबसे जरूरी है।

**कार्यालय कार्यपालन यंत्री लोक निर्माण विभाग, (भ / स) संभाग नरसिंहपुर (म. प्र. )**
निविदा सूचना क्रमांक 32 / वर्ष 2023-24 / कार्य.यं. नरसिंहपुर, दिनांक 29/01/2024

**निविदा सूचना**

निम्नलिखित कार्यों हेतु निविदायें आमंत्रित की जाती है । उल्लेखित कार्य का विस्तृत विवरण वेबसाइट www.mptenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

| क्र. | टेण्डर आई डी | जिला | कार्य का प्रकार | कार्य का नाम | कार्य की अनु. राशि (रू. लाख मे) | धरोहर राशि | निविदा फार्म की राशि | आमंत्रण क्र. | कार्य समयावधि | भौतिक रूप से लिफाफा प्रस्तुत करने का कार्यालय (मूल एफ. डी. आर. एवं अन्य दस्तावेज) |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 | 10 | 11 |
| 1 | 2023_PWDRB_282300_8 | नरसिंहपुर | बी.टी. रिन्युवल | गाडरवारा उपसंभाग के अंतर्गत (1) सूखा से झिरिया माता मार्ग लंबाई 1.70 कि.मी., (2) बनवारी एप्रोच मार्ग लंबाई 0.80 कि.मी., एवं (3) एस. एच. - 22 बेलखेड़ी मोहपा पहुँच मार्ग लंबाई 2 70 कि.मी. का बी.टी. रिन्युवल कार्य ।(दसवां आमंत्रण) | 53.48 | 53,500 | 10,000 | दसवां आमंत्रण | 3 माह वर्षा ऋतु रहित | सभी दस्तावेज ऑनलाइन प्रस्तुत करें। |
| 2 | 2024_PWDRB_328746_1 | नरसिंहपुर | निर्माण | नरसिंहपुर उपसंभाग के अंतर्गत मदार टेकरी मंदिर करेली में पुजारी कक्ष का निर्माण कार्य । | 4.24 | 8,500 | 2,000 | प्रथम आमंत्रण | 1 माह वर्षा ऋतु सहित | सभी दस्तावेज ऑनलाइन प्रस्तुत करें। |
| | | | | योग | 57.72 | | | | | |

उपरोक्त वेबसाइट आनॅलाइन मुगतान करने के उपरान्त निविदा प्रपत्र (टेण्डर डाक्यूमेंट) बेवसाइट के माध्यम से प्राप्त हो सकेगा ।निविदा प्रपत्र क्रय करने की अंतिम तिथि 10.02.2024, (17.00) बजे निर्धारित है। विस्तृत एन.आई.टी. एवं अन्य जानकारी उपरोक्त वेबसाइट www.mptenders.gov.in में देखा जा सकता है। निविदा में हाने वाले रामस्त संशोधन का प्रकाशन केवल उपरोक्त वेबसाईट पर किया जायेगा। पृथक से समाचार पत्रों में प्रकाशन नहीं किया जायेगा ।मूल धरोहर (ई.एम.डी.) राशि एवं अन्य समी दस्तावेज ऑनलाईन प्रस्तुत दिनांक 10.02.2024. (17.30) बजे तक उपरोक्तानुसार संबंधित पोर्टल में प्राप्त की जावेगी ।

कार्यपालन यंत्री
लोक निर्माण विभाग ( म / स ) संभाग नरसिंहपुर

G-23602/23 — दुर्घटना से दूरी है तो हेलमेट सबसे जरूरी है।




## बालाघाट, डिंडोरी और मंडला को बना रखा है ठिकाना

# प्रदेश के तीन जिलों में छह दर्जन से अधिक नक्सलियों का डेरा!

जबलपुर।

छत्तीसगढ़ से सटे प्रदेश के तीन जिलों में इन दिनों करीब छह दर्जन से अधिक नक्सलियों ने डेरा डाल रखा है। यह तीनों जिले आदिवासी बाहुल्य बालाघाट, मंडला और डिंडोरी हैं। दरअसल इन तीनों जिलों की सीमाएं नक्सल प्रभावित छत्तीसगढ़ के जंगली इलाकों से लगी हुई हैं। यह बात अलग है कि इसके बाद भी उनके लिए यह जिले सुरक्षित ठिकाने बने हुए हैं।

आदिवासी अंचल बालाघाट, डिंडोरी और मंडला में सबसे ज्यादा नक्सली गतिविधियां देखी जा रही हैं। लेकिन इनमें से अब मंडला नक्सलियों का नया गढ़ बनता जा रहा है। दरअसल यह तीनों जिले ही नक्सली बाहुल्य होने की वजह से नक्सलियों के लिए बेहद मुफीद बने हुए हैं। अपने इन सुरक्षित ठिकानों पर नक्सलियों द्वारा किसी बड़ी वारदात को अंजाम नहीं दिया जाता है। इसकी वजह से उनके विरोध में लोग खड़े नहीं होते हैं। इसकी वजह से सुरक्षाबलों को उनके बारे में जानकारी मिलना मुश्किल होता है। दरअसल छत्तीसगढ़ में सुरक्षाबलों द्वारा जब भी बड़ा अभियान छेड़ा जाता है, तब नक्सली छग से आकर मप्र के इन जिलों में आकर पनाह ले लेते हैं।


फाइल फोटो

### राष्ट्रीय उद्यान की दो रेंजों में सर्वाधिक मूवमेंट

वन विभाग के सूत्रों के मुताबिक नेशनल पार्क के आधे से ज्यादा हिस्से में नक्सलियों की मूवमेंट बनी हुई है। पार्क के दो रेंज में सबसे ज्यादा नक्सली मूवमेंट देखी जाती है। पहला मुक्कीरेंज है, तो दूसरी भैंसागढ़ रेंज है। इसकी वजह है इन दोनों ही रेंजों से नक्सली सीधे जंगल में आसानी से प्रवेश कर जाते हैं। खैर पुलिस महकमें के जिम्मेदार अफसर इस बात से इत्तेफाक नहीं रखते हैं। इसकी बड़ी वजह है कान्हा नेशनल पार्क के मुक्की, सुपाड़ा और भैंसा गढ़ रेंज में पुलिस कैंप बनाए जाने थे , लेकिन अब तक महज मुक्की रेंज में पुलिस कैंप बन पाया है।

### बीते साल पुलिस को मिली बड़ी सफलता

बीते साल पुलिस व हॉकफोर्स ने 2 महिला नक्सलियों सहित 4 हार्डकोर नक्सलियों को मुठभेड़ में मार गिराया था। इन सभी नक्सलियों पर 14-14 लाख रुपए का इनाम घोषित था। इसी तरह से अप्रैल माह में हुई कदला मुठभेड़ में महिला नक्सली सरिता और सुनीता को भी मार गिराया था। कुंदुल-कोद्दापार जंगल क्षेत्र में सितंबर में हुई मुठभेड़ में नक्सली कमलू को धराशायी किया जा चुका है। इसी तरह से अगस्त माह में प्रतिबंधित संगठन सीपीआई की दंडकारण्य स्पेशल जोनल कमेटी का सदस्य फरार 82 लाख का इनामी नक्सली अशोक रेड्डी को जबलपुर से गिरफ्तार किया गया था।



# एयरपोर्ट और रेलवे करते है इंडस्ट्री को आकर्षितः राजेंद्र शुक्ल

**उप मुख्यमंत्री ने रेलवे अधिकारियों के साथ की बैठक**

जबलपुर।

उप मुख्यमंत्री राजेंद्र शुक्ल ने गुरुवार को जबलपुर में रेलवे अधिकारियों के साथ सर्किट हाउस बैठक कर विंध्य क्षेत्र में रेल विस्तार को लेकर चर्चा की। बैठक में रेलवे के जीएम श्रीमती शोभना बंदोपाध्याय, मनोज अग्रवाल के साथ डॉ. जितेंद्र जामदार, आशीष दुबे व प्रभात साहू उपस्थित थे। इस दौरान रीवा- सिंगरौली रेल लाइन, सीधी- सिंगरौली के बीच रेलवे के सुदृढ़ीकरण में आ रहे अवरोध, गोविंदगढ़ और सीधी के बीच के मुद्दे, कटनी-चोपन रेल डबलिंग आदि मुद्दों के साथ ही रेलवे के विस्तार में भू अधिग्रहण में आ रही दिक्कतों पर भी चर्चा की गई।

मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने कहा कि विंध्य क्षेत्र के लिए रीवा-सिंगरौली, सीधी-सिंगरौली रेल लाइन एक लाइफ लाइन है। इसके साथ रेलवे के लिए भी हितकारी है और आमजन को भी इससे फायदा मिलेगा। रेलवे और एयरपोर्ट इंडस्ट्री को आकर्षित करते हैं अत इस दिशा में प्रभावी कदम उठाए और इस विषय को लेकर शीघ्र ही एक बैठक की जायेगी। जिसमे रेलवे के अधिकारियों के साथ संभागीय कमिश्नर, आई जी, डीआईजी,सबंधित जिलों के कलेक्टर व एसपी रहेंगे।




हरिभूमि कम्यूनिकेशन्स प्राईवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक अचिंत महेश्वरी द्वारा हरिभूमि प्रेस, 66/1, इंडस्ट्रीयल एरिया, रिछाई, जबलपुर (मध्यप्रदेश)– 482002 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, 66/1, इंडस्ट्रीयल एरिया, रिछाई, जबलपुर (मध्यप्रदेश)– 482002 से प्रकाशित। प्रधान संपादक–डॉ. हिमांशु द्विवेदी RNI No.: MPHIN/2008/24240